सुप्रभात
रांची, गुरुवार
15.12.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net पौष, कृष्ण पक्ष, सप्तमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 152



12 हॉट लुक में निक्की तंबोली

## न्यूज डायरी

### भारत जोड़ो यात्रा में कांग्रेस अध्यक्ष से धक्का-मुक्की

**जामताड़ा।** भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने आये कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के साथ बुधवार को विधायक समर्थकों ने धक्का-मुक्की की। राजेश ठाकुर के बॉडीगार्ड को भी हल्की चोटें आयी हैं। फिलहाल, पुलिस ने मामला शांत करा दिया है। कार्यक्रम में मंत्री बादल पत्रलेख भी शामिल थे। जामताड़ा के नये जिला अध्यक्ष मनमोहन मिश्रा और इरफान अंसारी के समर्थक आपस में भिड़ गये।

### सुषमा गोलीकांड में छह पर केस, एसआइटी गठित

**रांची।** सुषमा बड़ाईक गोलीकांड में पूर्व आइपीएस पी नटराजन समेत आधा दर्जन लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज हुई है। सुषमा के भाई के बयान पर यह प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इसमें नटराजन, दानिश रिजवान, नाजिर, सुनील बादल, नीरज सिन्हा और अजय कच्छप का नाम है। त्वरित जांच के लिए एसआइटी का गठन किया गया है।

### बैस ने रोपवे हादसा, रांची हिंसा की रिपोर्ट मांगी

रांची। राज्यपाल रमेश बैस ने त्रिकूट पहाड़ी रोप-वे हादसा और रांची के मेन रोड में हुई हिंसा से संबंधित रिपोर्ट मांगी है। इस संबंध में उन्होंने सीएम को पत्र भी लिखा है। इन दोनों घटनाओं के संबंध में अभी तक संबंधित जांच समितियों द्वारा कोई जांच प्रतिवेदन राज्य सरकार को प्रस्तुत नहीं किया गया है।

### अब 60 साल की उम्र तक काम करेंगी एमडीएम की रसोइया

**रांची।** सरकारी स्कूलों में मिड डे मील बनानेवाली महिला रसोइया 60 साल तक काम करेंगी। इसे लेकर राज्य सरकार पारा शिक्षकों की तरह स्थायी सेवा शर्त नियमावली बनायेगी। मंत्री जगरनाथ महतो ने अपने आवास पर झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया-संयोजिका संघ के साथ हुई वार्ता में सहमति दी।

### बच्ची से दुष्कर्म मामले में दो को ताउम्र कैद की सजा

**रांची।** पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दोषी सुभाष मुंडा एवं डेविड होरो को अंतिम सांस तक जेल में रहने की सजा सुनायी है। दोनों पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। तीसरे अभियुक्त प्रेम कच्छप को दुष्कर्म के प्रयास में दोषी पाकर पांच साल कैद की सजा सुनायी है।

### बच्चू यादव की याचिका पर सुनवाई 17 को

**रांची।** झामुमो नेता पंकज मिश्रा के सहयोगी बच्चू यादव की ईडी कोर्ट में दाखिल डिस्चार्ज पिटीशन पर ईडी ने बुधवार को जवाब दायर कर दिया। अब मामले में बहस 17 दिसंबर को होगी। डिस्चार्ज पिटीशन में कहा गया कि उनके खिलाफ कोई मामला नहीं बनता है। इसलिए उन्हें इस केस से मुक्त किया जाये। पिछले दिनों बच्चू यादव की जमानत याचिका ईडी कोर्ट ने खारिज कर दी थी। ईडी ने बच्चू यादव को चार अगस्त को गिरफ्तार किया था। बच्चू यादव की ओर से हाई कोर्ट के अधिवक्ता अनिल कुमार ने डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की है।

### ईशान किशन बनेंगे एमएस धोनी के पड़ोसी

**रांची।** वनडे में सबसे तेज दोहरा शतक लगाने का विश्व रिकार्ड बनाने वाले झारखंड के युवा क्रिकेटर ईशान किशन क्रिकेट के बाद रियल स्टेट प्रोजेक्ट में भी कदम रख रहे हैं। रांची में धोनी के फॉर्म हाउस के नजदीक इस प्रोजेक्ट की शुरूआत की। बुवबार को उन्होंने इस प्रोजेक्ट का भूमि पूजन कराया। रांची के सिमलिया स्थित रिंग रोड पर धोनी के फॉर्म हाउस के काफी नजदीक एक रियल स्टेट प्रोजेक्ट शुरू करने जा रहे हैं। इसी प्रोजेक्ट का बुधवार को ही भूमि पूजन हुआ।

# निकायों में आरक्षण अब जनसंख्या के आधार पर

## उत्पाद अधिनियम में संशोधन समेत कैबिनेट ने 29 प्रस्तावों को दी मंजूरी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सरकार ने नगर निगम के मेयर और अध्यक्ष के चुनाव में आरक्षण के प्रावधान में बदलाव करने का फैसला किया है। इसके अलावा नगर निकायों में मेयर और अध्यक्ष का पद आरक्षित वर्ग की जनसंख्या के आधार पर होगा। बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हुई कैबिनेट की बैठक में झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 में के मौजूदा प्रावधानों में संशोधन सहित 29 प्रस्तावों पर मुहर लगी। कैबिनेट में मनरेगा योजना में मजदूरों की सहायता राशि में बढ़ोतरी का निर्णय लिया गया। साथ ही राज्यपाल की आपत्ति के बाद सरकार ने झारखंड उत्पाद अधिनियम में संशोधन किया है। कैबिनेट के फैसले के बाद झारखंड नगरपालिका अधिनियम के आरक्षण से संबंधित प्रावधान से रोटेशन शब्द विलोपित करने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। फैसले के मुताबिक निकायों के आरक्षण के रोस्टर में बदलाव जनसंख्या के आधार पर होगा। मेयर और अध्यक्ष के पद को रोटेशन पर आरक्षित नहीं किया जा सकेगा। इसके लिए राज्य सरकार ने संबंधित कानून में बदलाव करने का फैसला लिया है। नगर विकास विभाग के इस प्रस्ताव पर कैबिनेट से पहले विधि और वित्त विभाग की मंजूरी प्राप्त हो चुकी है, जिसके बाद बुधवार को कैबिनेट की बैठक में मंजूरी प्रदान की गयी। प्रोजेक्ट भवन में हुई कैबिनेट की इस बैठक में मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री चंपई सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री जोबा मांझी, मंत्री मिथिलेश ठाकुर सहित कई मौजूद थे।

**मिलावटी शराब पर सख्ती :** इसके तहत राज्य में मिलावटी शराब बेचने और इसके पीने से किसी व्यक्ति की मौत हो जाती है तो ऐसा करनेवाले को दस साल की जेल और दस लाख तक का जुर्माना भरना होगा।

(शेष पेज 11 पर)

### अन्यत्र शराब पी तो पांच हजार तक जुर्माना

संशोधन के अनुसार मदिरापान के लिए स्वीकृत अनुभत्ती परिसर के अतिरिक्त किसी अन्य मदिरापान यंत्री में शराब पीते पकड़े गये या मदिरापान करने के लिए आयोजन के लिए दूसरी जगह जाने पर 5000 तक जुर्माना लग सकता है। किसी तरह का अपराध होने पर 1 वर्ष तक जेल और 10000 तक का जुर्माना होगा। यह राशि 2 साल के जेल होने पर 20 हजार और 50000 तक हो सकती है। लोक सेवकों द्वारा किस अधिनियम के किसी उपबंध के उल्लंघन की स्थिति में भी 3 माह तक जेल या जुमार्ना 10000 तक हो सकता है। वहीं सार्वजनिक स्थलों जैसे शैक्षणिक संस्थान, अस्पताल, घाट, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, आम रास्ते में नशे में चूर पाया गया तो उसे प्रथम अपराध मानते हुए 1000 से दंडित किया जायेगा। दूसरी बार 5000 तक तथा फिर से अपराध करने पर जुर्माना राशि 5000 से कम नहीं होगी। 10000 तक अधिकतम होगा और 3 साल का कारावास भी होगा। दवा दुकान पर शराब पीने पर 5000 जुमार्ने को बढ़ा कर 10000 किया गया। शराब को एमआरपी से अधिक कीमत पर नहीं बेचना है।

# बिहार में जहरीली शराब से 23 की मौत

## 13 की स्थिति नाजुक, मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका

खबर मन्त्र ब्यूरो

**पटना।** सारण जिले के मशरक, इसुआपुर, अमनौर व मढ़ौरा में जहरीली शराब से मरनेवालों की संख्या 23 तक पहुंच गयी है। अनेक लोगों की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। अस्पताल में जिन 13 का इलाज चल रहा है, उनकी स्थिति भी नाजुक बनी हुई है। उनमें से अधिकतर के हाथ पैर काम नहीं रहे हैं, आंखों की रोशनी भी खत्म हो गयी है। मृतकों में मशरक थाना क्षेत्र के अधिक लोग हैं। इनमें अधिकतर 25 से 45 वर्ष की उम्र के लोग शामिल हैं। मृतकों की संख्या और भी बढ़ने की आशंका है। घटना की सूचना मिलने के बाद प्रशासनिक महकमे में खलबली मच गयी। डीएम व एसपी ने मशरक, इसुआपुर में पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। घटना के विरोध में मशरक बाजार में आक्रोशित लोगों ने लगभग चार घंटे तक दोनों एसएच को जाम कर दिया। प्रशासन ने समझा-बुझा कर किसी तरह जाम खत्म कराया।

**मंगलवार की रात पी थी शराब :** मृतकों के परिजनों ने सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान बताया कि मंगलवार की देर रात ही तबीयत बिगड़ने लगी थी।

एक-एक कर पीड़ितों को छपरा सदर अस्पताल लाया गया। मृतक हरेंद्र राम की पत्नी शीला देवी ने कहा कि बीमार होने से पहले उनके पति ने बताया कि मशरक के चिमनी के पीछे शराब बेची जा रही थी, जहां से ही उसके पति व उसके कुछ साथियों ने शराब पी। पुलिस जहरीली शराब बेचने वालों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

(शेष पेज 11 पर)

### सदन में हंगामा, सीएम नीतीश ने आपा खोया



जहरीली शराब मसले पर बुधवार को विधानसभा में जबरदस्त हंगामा हुआ। भाजपा विधायकों के सवाल और विरोध पर नीतीश कुमार अपना आपा खो बैठे और तुम-तड़ाक पर उतर गये। विपक्ष के नेता से कहा कि क्या हो गया तुम्हें...शराबबंदी के पक्ष में था न? नीतीश का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें वो गुस्से में भाजपा विधायकों से कहते सुनाई पड़ रह हैं- क्या हो गया, ए, चुप हो जाओ। शराबी हो तुम लोग। सीएम के इस व्यवहार से भाजपा विधायक नाराज हो गये और नीतीश को माफी मांगने को कहा। भारी हंगामे के बाद सदन कल तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

# अवैध खनन में रेलवे की संलिप्तता सीएम हेमंत ने बनायी जांच कमेटी

## रेल मंत्री को लिखा पत्र सहयोग का आग्रह

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिख कर कहा है कि अवैध खनन रोकने के प्रयास में रेलवे कोई सहयोग नहीं करता। अपने पत्र में सीएम ने लिखा है कि साहिबगंज समेत अन्य जिलों अवैध खनन को बढ़ावा देने में रेलवे एवं इनके पदाधिकरियों की संलिप्तता प्रतीत होती है। कई बार पत्र लिखने के बावजूद साजिश के तहत रेलवे द्वारा झारखंड राज्य के जेआइएमएमएस पोर्टल से अपने एफआइओएस का एकीकरण नहीं किया जा रहा है।

बिना चालान अथवा फर्जी चालान के आधार पर अवैध रूप से खनिज संपदा का रेल मार्ग से परिवहन किया जा रहा है। ऐसी परिस्थिति में राज्य सरकार द्वारा अवैध खनन एवं इसके परिवहन में रेलवे पदाधिकारियों की संलिप्तता एवं अन्य सभी संबंधित बिन्दुओं की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति के गठन का निर्णय लिया गया है।

अपने पत्र में मुख्यमंत्री ने रेल मंत्री से रेलवे के पदाधिकारियों को इस उच्च स्तरीय जांच समिति को पूरा सहयोग करने के लिये निर्देशित करने का आग्रह किया है। सीएम ने कहा, राज्य सरकार एवं इसके पदाधिकारियों के द्वारा रेलवे से अनेकों बार पत्राचार करने के बावजूद बिना चालान के खनिज संपदा के परिवहन के मामले प्रकाश में आ रहे हैं। राज्य सरकार के अनुरोध के बावजूद रेलवे द्वारा लौह अयस्क को छोड़कर किसी भी अन्य खनिज संपदा के लिए जेआइएमएमएस पोर्टल में इंटीग्रेट से नहीं किया गया है।

(पेज 2 भी देखें)

# रांची में डॉक्टर आलम, गिरिडीह में तीन कंपनियों पर आइटी रेड

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची, गिरिडीह।** आयकर विभाग ने बुधवार को झारखंड के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर माजीद आलम के हॉस्पिटल और रातू तथा जोड़ा तालाब स्थित आवास पर छापेमारी की। सुबह से ही टीम उनकी संपत्ति और बैंक अकाउंट से संबंधित कागजातों की छानबीन करने में जुटी रही। वहीं दूसरी ओर आयकर विभाग ने गिरिडीह में एक साथ तीन बड़ी स्टील कंपनियों में भी छापा मारा। सूत्रों के अनुसार छापामारी के बाद मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े कई बड़े खुलासे संभव हैं। गिरिडीह स्थित मोंगिया स्टील कंपनी व लाल फेरो कंपनी के गिरिडीह व कोलकाता स्थित ठिकानों पर भी छापेमारी कर रही है। छापामारी में आयकर विभाग के स्थानीय अधिकारियों को शामिल नहीं किया गया है। सूत्रों ने बताया कि आयकर की छापेमारी झारखंड के लगभग 25 ठिकानों पर की जा रही है। रांची में डॉ आलम के नर्सिंग होम में आइटी की टीम 2 बड़े वाहनों में सवार होकर पहुंची। टीम ने अकाउंट ऑफिस को अपने कब्जा में लिया और फाइलों की जांच शुरू की। वहीं आईटी की दो अन्य टीमें डॉक्टर के रातू और जोड़ा तालाब स्थित घर भी पहुंची है, जहां संपत्ति और बैंक खातों की जांच करने जुट गयी।

**गिरिडीह में बड़ी कार्रवाई :** आयकर विभाग ने गिरिडीह में इस बड़ी कार्रवाई की योजना लंबे समय से बना रखी थी। इसे इतना गुप्त रखा गया कि कई अधिकारियों को इस संबंध में जानकारी नहीं थी।

(शेष पेज 11 पर)






# प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से झारखंड को मिली 629 करोड़ रुपये की परियोजना

**नक्सल प्रभावित इलाकों में आरसीपीडब्ल्यूई स्कीम 2023 तक पूरा करने का निर्देश**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना 3 के तहत केंद्र ने झारखंड की 629 करोड़ की परियोजनाओं की स्वीकृति दी है। इससे 979 किमी सड़क का निर्माण होगा। चतरा सांसद सुनील सिंह के लोकसभा में पूछे सवाल पर ग्रामीण विकास राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से 8 दिसंबर तक 63,385.70 करोड़ रुपये की लागत से 1,25,000 किमी के आवंटित लक्ष्य में से 91371 किमी सड़क और 1290 पुलों की स्वीकृति दी गयी है। इसका लाभ 21 राज्यों और संघ शासित राज्यों को मिलेगा।

सरकार की ओर से बताया गया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज 3 की शुरूआत 2019 में हुई थी। ग्रामीण बस्तियों को मुख्य सड़कों, बाजारों, स्कूलों और अस्पतालों से जोड़ने वाले 1,25,000 किमी लंबे थ्रू-रूटों और प्रमुख लिंक रूटों के सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से इसे शुरू किया गया था।

## एनोस एक्का और उनकी पत्नी की ओर से बहस पूरी

**रांची।** आय से अधिक संपत्ति मामले में सजायाफ्ता एनोस एक्का, उनकी पत्नी मेनन एक्का की ओर से दायर अपील याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में बुधवार को हुई। मामले में अपीलकर्ता एनोस एवं उसकी पत्नी की ओर से बहस पूरी हो गयी। अब मामले में सीबीआइ की ओर से 21 दिसंबर को बहस होगी। अगली सुनवाई के लिए 21 दिसंबर की तिथि निर्धारित है। मामले में एनोस एक्का, उनकी पत्नी ने आय से अधिक संपत्ति मामले में निचली अदालत द्वारा दी गयी सजा के खिलाफ हाइकोर्ट में अपील दायर की है। बता दें कि 25 फरवरी 2020 को सीबीआइ के विशेष जज एके मिश्रा की अदालत ने एनोस एक्का, उनकी पत्नी मेनन को 7 साल की सजा सुनायी थी।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रेल मंत्री को लिखा पत्र, कहा

# राज्य में अवैध खनन रोकने में रेलवे सहयोग नहीं करता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिख कर कहा है कि रेलवे अवैध खनन रोकने में झारखंड सरकार को सहयोग नहीं करता है। पत्र में सीएम ने लिखा है कि इससे झारखंड के साहिबगंज समेत अन्य जिलों अवैध खनन को बढ़ावा देने में रेलवे एवं इनके पदाधिकरियों की संलिप्तता प्रतीत होती है। रेलवे द्वारा जेआइएमएमएस पोर्टल से अपने एफआइओएस का एकीकरण नहीं किया जा रहा है।

**पत्राचार के बाद भी कोई असर नहीं** : मुख्यमंत्री ने पत्र के मध्यम से बताया कि रेलवे द्वारा अवैध खनन के परिवहन की रोकथाम के लिए किये जा रहे प्रयासों में राज्य को कोई सहयोग प्रदान नहीं किया जा रहा है।

राज्य सरकार द्वारा रेलवे से कई बार पत्राचार करने के बावजूद बिना चालान के परिवहन के मामले आ रहे हैं। अनुरोध के बावजूद रेलवे द्वारा लौह अयस्क को छोड़कर किसी भी अन्य खनिज संपदा के लिए जेआइएमएमएस पोर्टल में इंटीग्रेट से नहीं किया गया है। राज्य सरकार ने इस विषय को केंद्र सरकार के नीति आयोग पूर्वी क्षेत्रीय परिषद एवं कोयला मंत्रालय की बैठकों में भी उठाया है। कोयला मंत्री से साथ बैठक में व्यक्तिगत अनुरोध के बावजूद कोयला का परिवहन अभी भी रेलवे के द्वारा पोर्टल से समायोजन के बगैर किया जा रहा है।

### झारखंड सरकार अवैध खनन को रोकने पर दृढ़



मुख्यमंत्री ने बताया कि झारखंड से अवैध खनन को समाप्त करने के लिए सरकार कृतसंकल्पित है। सरकार के गठन के बाद लगातार बैठकों के माध्यम से निर्देश निर्गत करने, सघन छापामारी अभियान चलाने एवं प्राथमिकी दर्ज करने, जिला एवं राज्य स्तरीय टास्क फोर्स के द्वारा सतत निरीक्षण, सूचना तकनीक का उपयोग करते हुए पूर्णत: ऑनलाइन माध्यम से खनिज प्रबंधन के लिए प्रणाली को प्रभावी किया गया है। ऑनलाइन परमिट, ई-चालान, ऑनलाइन भुगतान इत्यादि कार्य किये जाते हैं। जिसका सकारात्मक परिणाम राज्य को प्राप्त होने वाले राजस्व में वृद्धि के रूप में देखने को मिला है लेकिन अवैध खनन को सबसे अधिक सहयोग परिवहनकर्ताओं से प्राप्त होता है। फलस्वरूप सड़क मार्ग से खनिज परिवहन की उचित निगरानी की जा रही है।

## झारखंड में अब टीचर ट्रांसफर पोर्टल से बदले जायेंगे शिक्षक

**रांची।** राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने सरकारी स्कूलों में सरप्लस शिक्षकों का पूरा डाटा उपलब्ध कराने को कहा है। इसके अलावा विभाग द्वारा कुछ और सूचना भी मांगी गयी है। विभाग के संयुक्त सचिव अभिजीत सिन्हा ने इस बाबत सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक को पत्र लिखा और शिक्षकों से संबंधित पूरा प्रतिवेदन 16 दिसंबर, 2022 तक विभागीय मेल के जरिये निश्चित रूप से उपलब्ध कराने को कहा है।

संयुक्त सचिव ने लिखा है कि विभाग द्वारा जेनपैक्ट पीपीईएल टीम और जैप आईटी की सहायता से टीचर ट्रांसफर पोर्टल का निर्माण कराया जा रहा है। इस पोर्टल के निर्माण के लिए विद्यालयों में पदस्थापित शिक्षकों की सूची की आवश्यकता है। संयुक्त सचिव के मुताबिक इसके लिए शिक्षकों के स्वीकृत पद, कार्यरत पद, स्वीकृत बल से अधिक पदस्थापित शिक्षक, रिक्त पदों से संबंधित प्रतिवेदन की भी आवश्यकता है।


**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, हजारीबाग**
नया समाहरणालय भवन, Ground Floor (B-002), हजारीबाग–825301
Email Id - ssa_hazaribagh@rediffmail.com

**क0गां0बा0वि0 में लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर के आवेदन पर आपत्ति हेतु विज्ञापन**

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित किये गये विज्ञापन के आलोक में प्राप्त आवेदन की कम्प्यूटर में प्रविष्टि के उपरांत त्रुटियों को अभ्युक्ति में अंकित करते हुए जिला के वेबसाईट www.hazaribag.nic.in पर प्रदर्शित किया गया है।

यदि किन्ही को किसी प्रविष्टि / अभ्युक्ति पर आपत्ति है, तो वे जिला कार्यालय को डाक के माध्यम से अथवा हाथों–हाथ साक्ष्य सहित दिनांक–22.12.2022 तक आवश्यक रूप से सूचित करेंगे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा अभियान, हजारीबाग

PR 284980 School Education and Literacy(22-23)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा**

**अति अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 06/EE/RDD/SD/2022–23**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक– 13.12.2022 से दिनांक 17.12.2022 (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावधि तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक– 22.12.2022 (अपराह्न 3.00 बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक– 22.12.2022 (अपराह्न 3.30 बजे तक)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा। (समाहरणालय परिसर)
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा। (समाहरणालय परिसर)
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कोडरमा | कोडरमा प्रखण्ड के आदर्श विद्यालय कोडरमा का मॉडलीकरण। | 336600.00 | 7000.00 | 750.00 | 06 (छ:) माह। |
| 2. | कोडरमा | NRDF टीम के लिए कीट एवं आवश्यक सामग्री। | 800000.00 | 16000.00 | 1250.00 | 06 (छ:) माह। |

निविदा की शर्ते www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा

PR 284970 Rural Work Department(22-23)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, एन०आर०ई०पी०, खूंटी**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–8 वर्ष 2022–23**

1. विभाग का नाम :– एन0आर0ई0पी, खूँटी
2. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी, खूँटी
3. परिमाण विपत्र की बिक्र की तिथि :– 23.12.2022 (5.00 बजे अपराहन तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– 24.12.2022(3.00 बजे अपराहन तक)
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 24.12.2022(3:30 बजे अपराहन)
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, खूंटी
7 निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, खूंटी
8. कार्य का विस्तृत विवरणी

| क0 | योजना का नाम | जिला | प्रखंड | प्राक्कलित राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | केवड़ा पिकेट(मुरहू थाना) में उपलब्ध भवनों का मरम्मति कार्य | खूँटी | मुरहू | 9.19447 | 0.0125 | 0.185 | 90 दिन |

निविदा की शर्त www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
एन०आर०ई०पी०, खूँटी

PR 284995 NREP(22-23).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–26/2022–23**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम : कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 24..12.2022 के अपराह्न 1.00 बजे तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 26.12.2022 को 3.00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 26.12.2022 को अपराह्न 3.30 बजे
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में।
6 निविदा प्राप्ति का स्थान : 01) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

| क्र. सं. | कार्यकानाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र कामूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation Work for New Circuit House and Boundary Wall Hazaribag | 4261950/- | 86000/- | 5000/- | 04 माह |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR 284969 (Building) 22-23 (D)



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग**

**ई–अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
ई–निविदा सं0 :– RDD/SD/HZB/22/2022-23

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RDD/SD/HZB/ 22/01/2022-23 | टाटीझरिया | टाटीझरिया प्रखण्ड के उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय, झरपो का उन्नयन कार्य। | 12349770.00 | 247000.00 | 10000.00 | 15 माह |
| 2 | RDD/SD/HZB/ 22/02/2022-23 | बरकट्ठा | बरकट्ठा प्रखण्ड के आदिवासी उच्च विद्यालय, शिलाडीह का उन्नयन कार्य। | 14875400.00 | 298000.00 | 10000.00 | 15 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 19.12.2022
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 19.12.2022 से 27.12.2022 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग के कार्यालय कक्ष में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय– 28.12.2022 अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. तकनीकी निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समय– ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग, 29.12.2022 अपराह्न 02.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–8986648686
7. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के पदनाम से देय होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
हजारीबाग

PR 285034 (Rural Development)22-23*D


# रसोईया के लिए नियमावली जल्द, 60 वर्ष तक का होगा कार्यकाल : जगरनाथ महतो

**शिक्षा मंत्री से मिला रसोईया संघ का डेलिगेशन मिला 12 माह के मानदेय का आश्वासन**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया, संयोजिका, अध्यक्ष संघ का डेलिगेशन बुधवार को शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो से मिला। संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजीत प्रजापति ने मंत्री से भेंट के बाद संतुष्टि जतायी। उन्होंने कहा कि सरकार से कई मांगों पर सार्थक आश्वासन मिला है। राज्य के रसोईया संघ के लिए नियमावली बनेगी। सेवा का कार्यकाल भी अब 60 वर्ष तक होगा। वहीं 10 माह के बजाय अब रसोइयों को 12 माह का मानदेय मिलेगा। उम्मीद है कि सरकार आंगनबाड़ी कर्मियों से बेहतर मानदेय देगी। वर्ष में दो बार कपड़े दिये जायेंगे। दुर्घटना जैसी स्थिति में कल्याण कोष गठित कर उन्हें उचित मुआवजा और ईलाज की सुविधा मुहैया करायी जायेगी। मंत्री से मिलनेवालों में संघ के महासचिव प्रेमनाथ विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष देवकी देवी, कमिटी सदस्य आभा दत्ता समेत अन्य भी शामिल थीं।

**संघ की प्रमुख मांगें** : अजीत प्रजापति के मुताबिक रसोइया संघ लगातार अपनी मांगों को लेकर पूर्व में आंदोलनरत रहा है। स्कूलों में रसोई सुविधा देनेवालों को महीने में मात्र 2 हजार रुपये ही मिलते हैं। सरकार से आग्रह है कि रसोईया संयोजिकाओं को स्थायी कर न्यूनतम वेतन की व्यवस्था हो। जिन रसोईया, संयोजिकाओं को हटाया गया है, उन्हें वापस रखना चाहिए। रसोईया संयोजिका अध्यक्ष को 5 लाख तक के बीमा की सुविधा मिले। सरकार ने उनकी कई अहम मांगों पर सहमति जतायी है। कुछ मांगों के संबंध में मंत्री जगरनाथ महतो ने सीएम से चर्चा करने की बात कही है।

# गाड़ियों के फिटनेस व राजस्व बढ़ाने पर जोर दें : राजेश शर्मा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में वाहनों की जांच ज्यादा से ज्यादा हो और जांच अभियान ट्रैफिक पुलिस और डीटीओ दोनों सम्मिलित रूप से चलायें। इसे लेकर परिवहन सचिव राजेश शर्मा ने बुधवार को राज्य के सभी जिला परिवहन पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में परिवहन सचिव ने कहा कि वाहनों के प्रदूषण के दस्तावेज की जांच लगातार हो। कहा गया कि वाहनों की फिटनेस के साथ-साथ टैक्स कलेक्शन पर भी जोर रहे। परिवहन सचिव ने कम राजस्ववाले जिलों को निर्देश दिया कि वित्त वर्ष बीतने को है राजस्व उगाही में किसी प्रकार की कोताही न हो।

**राजस्व उगाही में रांची अव्वल, दूसरे नंबर पर हजारीबाग :** बैठक में राजस्व उगाही के आंकड़ों पर भी विस्तार से चर्चा की गयी। पाया गया कि राजस्व उगाही में रांची जिला सबसे ऊपर है। रांची ने कुल राजस्व का 89.60 प्रतिशत प्राप्त किया है। वहीं, दूसरे नंबर पर हजारीबाग (88.51 प्रतिशत) है। इसके अलावा पलामू जिला (88.48 प्रतिशत), दुमका (84.15 प्रतिशत), जमशेदपुर (75.13 प्रतिशत), चाईबासा (77.61 प्रतिशत), गुमला (65.76 प्रतिशत), लोहरदगा (75.90 प्रतिशत), बोकारो (86.03 प्रतिशत), धनबाद (83.41 प्रतिशत), गिरिडीह (75.28 प्रतिशत) है।

## बैंक प्रबंधक व पन्नालाल की बढ़ सकती है मुश्किलें

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में मानव तस्करी कर करोड़ों रुपये की मनी लाउंड्रिंग के आरोपी पन्ना लाल के मामले में आईसीआईसीआई बैंक दिल्ली का मुख्य शाखा प्रबंधक अजीत कुमार की गवाही दर्ज की गई। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक अतीश कुमार ने गवाही दर्ज कराई। अगली गवाही की तारीख 22 दिसंबर निर्धारित की है। मामले में बीते 19 जुलाई को मानव तस्करी के किंगपिन पन्ना लाल महतो, उसकी पत्नी सुनीता कुमारी, भाई शिव शंकर गंझू उर्फ शिव शंकर महतो एवं सहयोगी गोपाल उरांव के खिलाफ आरोप तय किया गया था। आरोप गठन के साथ ही आरोपियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पन्ना लाल समेत चारों आरोपी जेल में हैं।

## खबर एक नजर में

### बच्चू यादव की डिस्चार्ज पिटीशन पर हुई सुनवाई

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी पंकज मिश्रा के सहयोगी बच्चू यादव की ओर से दाखिल डिस्चार्ज अर्जी पर बुधवार को ईडी की विशेष अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी ने जवाब दाखिल किया। मामले में अगली सुनवाई की तारीख 17 दिसंबर निर्धारित की गई। बच्चू यादव ने मामले में आरोप गठन से पूर्व अपने आप को आरोप मुक्त करने को लेकर 29 नवंबर को अर्जी दाखिल की है। बच्चू यादव चार अगस्त से न्यायिक हिरासत में है।

### आरोप गठन को लेकर 23 दिसंबर को सुनवाई

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी पंकज मिश्रा समेत तीन आरोपियों के आरोप गठन के बिन्दु पर सुनवाई अब 23 दिसंबर को होगी। ईडी कोर्ट में बुधवार को आरोप गठन के बिन्दु पर सुनवाई के लिए तारीख निर्धारित थी। लेकिन समय लिया गया। अदालत ने समय देते हुए अगली तारीख 23 दिसंबर निर्धारित की। मामले में पंकज मिश्रा के साथ प्रेम प्रकाश एवं बच्चू यादव ट्रायल फेस कर रहा है। तीनों आरोपी जेल में है। तीनों आरोपियों को ईडी ने पुलिस पेपर सौंप चुकी है। वहीं मामले के तीनों आरोपियों की न्यायिक हिरासत अवधि भी 23 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है।

### ईडी के एड के खिलाफ 5 जनवरी को सुनवाई

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग के आरोपी पंकज मिश्रा की ओर से दाखिल ईडी के सहायक निदेशक देवव्रत झा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने से जुड़ी अर्जी पर सुनवाई पांच जनवरी को होगी। ईडी कोर्ट में बुधवार को अर्जी पर सुनवाई के लिए तारीख निर्धारित थी लेकिन ईडी की ओर से समय की मांग की गई। इस पर कोर्ट ने पांच जनवरी की तारीख सुनवाई के लिए निर्धारित की। पंकज मिश्रा ने ईडी पर मामले में चार्जशीट दाखिल करते समय मूल मामला को छुपाने का आरोप लगाया है। मालूम हो कि ईडी ने पंकज मिश्रा के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के आधार पर ही मनी लाउंड्रिंग की जांच प्रारंभ की है।

### रांची में कार्यशाला करेगा संस्कृति मंत्रालय

**रांची।** पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, कोलकाता 17 दिसंबर के बाद रांची में कार्यशाला का आयोजन करायेगा। इसके तहत शास्त्रीय संगीत कार्यशाला, पारंपरिक लोक चित्रकला कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। सांस्कृतिक कार्य निदेशालय ने इस संबंध में इच्छुक कलाकारों, प्रतिभाओं से आवेदन मांगे हैं। निदेशालय के निदेशक (संस्कृति) ने सूचना जारी कर कहा कि संगीत और चित्रकला को लेकर आयोजित होने वाली कार्यशाला का आयोजन डॉ रामदयाल मुंडा कला भवन, झारखंड कला मंदिर, खेलगांव, रांची तथा जवाहर कला मंदिर, मेकॉन, रांची में किया जायेगा। इस कार्यशाला में भाग लेने वाले प्रतिभागी अपना आवेदन आयोजन स्थलों के कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

### हाईकोर्ट ने रांची डीसी और नगर आयुक्त को सशरीर हाजिर होने का दिया निर्देश

**रांची।** अटल वेंडर मार्केट दुकान आवंटन से जुड़े मामले की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने रांची उपायुक्त एवं नगर उपायुक्त को सशरीर उपस्थित होने की बात कही है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 2 फरवरी को होगी। इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश शंकर की अदालत में हुई। बता दें कि यह मामला दुकान आवंटन होने के बावजूद सड़कों पर अतिक्रमण से जुड़ा है।


**कोर्ट नोटिस**

ब- अदालत,
मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, राँची।
एम० ए० सी० वाद संख्या - 155/2021
सुलेमान केरकेट्टा वगैरह.. . आवेदकगण बनाम
AMIGO CONMIX INDIA PVT. LTD
... विपक्षीगण
नोटिस बनाम :-
1. AMIGO CONMIX INDIA PVT LTD, कार्यालय 983, प्रथम तल्ला, द्वितय क्रॉस, कल्याण नगर, हरबर लेआउट, बंगलुरू, कर्नाटक - 560043
2.AMIGO CONMIX INDIA PVT LTD, कार्यालय दुमका, पोस्ट + थाना- दुमका, झारखंड।
3.AMIGO CONMIX INDIA PVT LTD, कार्यालय भुसुर, तुपुदाना, थाना-धुर्वा, पोस्ट-हटिया, जिला-रांची, झारखंड 834004

बजरिये इस नोटिस के जरिये आपको सूचित किया जाता है की दिनांक 10-03-2019 को आपके एक टाटा 407 पिकअप गाड़ी नंबर JH-04-G-6591 से असरीता बाडा पति सुलेमान केरकेट्टा निवासी ग्राम छप्पर टोली, सीठीओ, थाना-धुर्वा, जिला - राँची, झारखंड निवासी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गयी थी। जिसका एफ आई आर नंबर नगड़ी थाना - 30 / 2019 है। आवेदकगण ने आपके विरूद्ध धारा-140 एवं 166 मोटर यान अधिनियम के अंतर्गत प्रतीकर हेतु उपरोक्त वाद दाखिल किया है जो आपकी उपस्थिति हेतु लंबित है। नजारत एवं रजिस्टर्ड डाक द्वारा आपके विरूद्ध नोटिस तामिल यही करया जा सका है।

अत: इस सूचना के माध्यम से आपको निर्देश दिया जाता है कि दिनांक 07-01-23 को पूर्वाहन 11 बजे आप स्वय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा आपके अनुपस्थिति में बाद की सुनवाई आपके विरूद्ध एकपक्षीय की जाएगी। इसे सख्त ताकीद जानें।

आज दिनांक 19-09-22 को मेरे हस्ताक्षर एवं नयायालय के मोहर से जारी किया है।

पीठासीन पदाधिकरी
मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, रांची


## पहली बार मुसहर परिवार को मिलने लगा योजनाओं का लाभ

# सीएम की पहल : अब मुसहर समाज के बच्चे भी जायेंगे स्कूल, होंगे शिक्षित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर शुरू की गई सरकार आपके द्वार कार्यक्रम ने वंचित समाज के लोगों को योजनाओं से जोड़ने की कड़ी को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा रहा है। वंचित समाज को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें सरकार की योजनाओं से आच्छादित करने की प्रक्रिया में अब कड़ी दर कड़ी का समायोजन होने लगा है।

वर्षों से विभिन्न योजनाओं के आच्छादन से वंचित मुसहर समाज के लोगों को पहली बार सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। गढ़वा के कल्याणपुर पंचायत स्थित धर्मडीहा से इसकी शुरूआत कर दी गई है। यहां रहने वाले 77 मुसहर परिवार के लोगों का डोर टू डोर सर्वे करा कर उन्हें शत प्रतिशत सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, राशनकार्ड एवं 10 परिवार को बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर आवास स्वीकृत किया गया है। मुसहर परिवार के लोगों को जमीन का पट्टा देने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। सभी परिवार को शुद्ध जल उपलब्ध कराने के लिए पेयजल व्यवस्था की जा रही है। पांच मुसहर परिवार को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना से 24 परिवार को जोड़कर बतख, बकरी और सूकर पालन के लिए पशुशेड उपलब्ध कराया जा रहा है।



### 13 बच्चों का स्कूल में कराया गया नामांकन

गढ़वा के कल्याणपुर पंचायत में हुए सर्वे में चता चला कि कई बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। गढ़वा के उपायुक्त के निर्देश पर ऐसे 13 बच्चों का नामांकन स्कूल में कराया गया। ये बच्चे स्कूल ना छोड़ें, इसकी समय-समय पर समीक्षा करने का निर्देश उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी और स्कूल प्रबंधन को दिया है। विभिन्न प्रखंडों में बीडीओ द्वारा बस्तियों में निरीक्षण कर संवाद स्थापित किया जा रहा है। दो माह में सर्वे पूरा कर लिया जाएगा। उपायुक्त के निर्देश पर पूरे जिले में अनुमानित जनसंख्या के तहत निवास करने वाले 927 मुसहर आबादी को योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है। सर्वे के उपरांत इनकी सही जनसंख्या के आधार पर लाभान्वित किया जायेगा।

## स्पीड न्यूज

### छोटा गोविंदपुर और सिदगोड़ा सब स्टेशन में आज नहीं रहेगी बिजली

**जमशेदपुर।** गुरुवार को विद्युत आपूर्ति अवर-प्रमंडल छोटागोविंदपुर के अंतर्गत विद्युत शक्ति उपकेंद्र छोटागोविंदपुर के 11 केवी बारीडीह फीडर तथा विद्युत शक्ति उपकेंद्र सिदगोड़ा के 11केवी बागुन्हातु फीडर में लाईन मरम्मती तथा रखरखाव (जंपर, पेड़ की डाली छटाई, ट्रांसफार्मर, एबी स्वीच, कनेक्टर इत्यादि का साप्ताहिक मरम्मती) करने के कारण इन सभी फीडरों से विद्युत आपूर्ति सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बंद रहेंगे।

### आज टीबी मरीजों में बंटेगा पौष्टिक आहार

**जमशेदपुर।** गुरुवार 15 दिसंबर को दोपहर 2 बजे रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम मारवाड़ी महिला मंच के पदाधिकारी, मोदी चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी, दिलीप गोयल, रेड क्रॉस के उपाध्यक्ष विकास सिंह, रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह, समाजसेवी पुरबी घोष इस कार्यक्रम में शामिल होकर टीबी मरीजों को अपने हांथों से एक महीने के पोषण सहयोग के रूप में आवश्यक पौष्टिक खाद्य सामग्री के साथ एक महीने की विटामिन की खुराक भी देंगे। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह ने इस अभियान से समाज के समर्थ वर्ग से जुड़ने का आग्रह किया है।

### रेडक्रॉस का अगला नेत्र जांच शिविर 17 से

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम, राम मनोहर लोहिया नेत्रालय द्वारा चिमनलाल भालोटिया सेवा संस्थान, राजस्थान सेवा सदन तथा जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति के सहयोग से 664वां नेत्र शिविर विहंगम योग संत समाज कोल्हान प्रमंडल के संयोजन में 17 से 19 दिसंबर तक आयोजित किया जायेगा। शिविर के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करते हुए विहंगम योग संत समाज, झारखंड के प्रमुख परामर्शक नगिना सिंह ने बताया कि सामाजिक कार्यों के क्षेत्र में लोगों की भलाई के लिए रक्तदान एवं नेत्र शिविर का आयोजन संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष किया जाता है, जिस कड़ी में 17 से 19 दिसंबर तक बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में नेत्र शिविर लगाया जा रहा है।

### आनंद मार्ग ने राय दंपत्ति को किया सम्मानित



**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ की ओर से गदरा आनंद मार्ग जागृति में आनंद मार्ग प्रचारक संघ के महासचिव आचार्य चितस्वरूपानंद अवधूत के हाथों जमशेदपुर के 15 लोगों को संस्था के द्वारा सामाजिक, आध्यात्मिक कार्य एवं संस्था को किसी भी परिस्थिति में बढ़-चढ़कर मदत करने के लिए पुरस्कृत किया गया। 160 से ज्यादा बार अखंड कीर्तन के आयोजन के लिए पीएन राय एवं आशा राय को सम्मानित किया गया। जनसेवा पुरस्कार राकेश कुमार को रक्तदान शिविर के लिए, सीताराम जी एवं लक्ष्मण प्रसाद को मोतियाबिंद शिविर को तन, मन से सफल बनाने के लिए पुरस्कृत किया गया। बेस्ट धर्म प्रचारक लाल बिहारी आनंद को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

### फुटबॉल में बालिकाओं ने दिखाया दम

**जमशेदपुर।** पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग रांची एवं जिला प्रशासन पूर्वी सिंहभूम के संयुक्त तत्वावधान में आज दिनांक 14 दिसंबर 2022 को जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल प्रतियोगिता का दूसरा दिन महिला वर्ग का खेल टीनप्लेट ग्राउंड मैं संपन्न हुआ। मौके पर अतिथि के रूप में उपस्थित पोटका प्रखंड के तेतला पंचायत के मुखिया श्री अमृत माझी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त की। यह प्रतियोगिता ग्रामीण क्षेत्रों के फुटबॉल खिलाड़ियों को एक अवसर देता है। उद्घाटन मैच के शुभ अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी अविनेश कुमार त्रिपाठी ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए हौसला बढ़ाया।

# मांगणियार गायन ने राजस्थान को किया जीवंत जेपीएस के बच्चे सांस्कृतिक विविधता से अवगत

खबर मन्त्र ब्यूरो




**जमशेदपुर।** देश की सांस्कृतिक कला एवं विरासत को समर्पित संस्था स्पीक मैके के तत्वाधान में जमशेदपुर पब्लिक स्कूल में बुधवार को राजस्थानी संस्कृति जीवंत हो उठी।

राजस्थानी लोक गायकों ने मांगणियार गायन शैली में वीर रस, प्रेम रस, बिरहा रस के गीतों की प्रस्तुति की वही कलाकारों ने कालबेलिया नृत्य की प्रस्तुति कर बच्चों की वाहवाही लूटी।

कलाकारों ने कहा कि उनका मकसद अपनी माटी की संस्कृति से देश-विदेश के कोने कोने को परिचित कराना रहा है। प्रिंसिपल नमिता अग्रवाल ने कहा कि इससे नैतिक मूल्यों का संवर्धन होता है तथा देश की विविध संस्कृति विरासत इतिहास से भी हम रूबरू होते हैं। देश की एकता अखंडता की मजबूती के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का होना बहुत जरूरी है।

विद्यालय की नृत्य एवं कला शिक्षिका तथा अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित भारती बनर्जी ने संस्था स्पीक मैके एवं कलाकार तथा शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट किया।



# बैंगलोर आने वाले झारखंडियों की मदद के लिए अदम्य चेतना फाउंडेशन ने बढ़ाया हाथ

- नाम्या स्माइल फाउंडेशन के कुणाल षाड़ंगी की पहल पर अदम्य चेतना आयी मदद को
- बोले कुणाल- बन रही कार्ययोजना, बहुत जल्द सामने आयेगा पूरा स्वरूप

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता स्वर्गीय अनंत कुमार की पत्नी एवं पुत्री द्वारा संचालित विख्यात सामाजिक संस्था अदम्य चेतना फाउंडेशन ने जमशेदपुर सहित पूरे झारखंड वासियों के लिए मदद का हाथ बढ़ाया है। बैंगलोर में अदम्य चेतना फाउंडेशन के आमंत्रण पर नाम्या स्माइल फाउंडेशन के संस्थापक एवं भाजपा झारखंड प्रदेश के प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने संस्था के सदस्यों के संग बैठक की। इस दौरान संस्था की चेयरपर्सन डॉ. तेजस्विनी अनंत कुमार, उनकी पुत्री अधिवक्ता ऐश्वर्या अनंत कुमार समेत प्रशासन, अस्पताल एवं शिक्षा जगत से जुड़े दर्जनों लोग शामिल हुए। बैठक में हुई काफी सकारात्मक चर्चा में कुणाल षाड़ंगी ने बैंगलोर आने वाले झारखंड वासियों के त्वरित मदद हेतु संस्था अदम्य चेतना फाउंडेशन के समक्ष प्रस्ताव रखा। जिसे फाउंडेशन से जुड़े लोगों ने स्वीकार करते हुए विस्तृत कार्य योजना बनाने की बात कही। अदम्य चेतना फाउंडेशन से जुड़े लोगों ने कहा कि जमशेदपुर की संस्था नाम्या फाउंडेशन के साथ एक ध्येय को लेकर संयुक्त रूप से काम करने पर निश्चित ही जरूरतमंद लोगों तक आसानी से पहुंचकर मदद की जा सकेगी। इस संबंध में कुणाल षाड़ंगी ने बताया कि जमशेदपुर एवं झारखंड के विभिन्न स्थानों से लोग प्रतिदिन नौकरी, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य कार्यों के लिए बैंगलोर आते हैं। इनमें कई लोग नई जगह होने के कारण कई समस्याओं का सामना करते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे लोगों के लिए नाम्या स्माइल फाउंडेशन एवं अदम्य चेतना फाउंडेशन की संयुक्त पहल पर त्वरित मदद की कार्ययोजना बनाई जा रही है। बहुत जल्द झारखंड से बैंगलोर आने वाले लोगों की किसी भी प्रकार की समस्या या जरूरत पड़ने पर उनकी मदद का पूरा स्वरूप सामने आयेगा।


स्व. अनंत कुमार की पत्नी और बेटी के साथ पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी।

# शेयर खरीद-बिक्री में धोखाधड़ी का आरोपी अनूप अग्रवाल हुआ गिरफ्तार

➲ तबियत बिगड़ने पर एमजीएम अस्पताल में कराया गया भर्ती

खबर मन्त्र ब्यूरो





**जमशेदपुर।** साकची थाना की पुलिस ने शेयर की खरीद बिक्री को लेकर करीब आठ करोड़ की धोखाधड़ी मामले में बाराद्वारी निवासी अनूप अग्रवाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस को इस मामले में उसके साथी विकास गर्ग समेत अन्य की तलाश है। दूसरी ओर, आज साकची पुलिस ने जब अनूप अग्रवाल को कोर्ट में पेशी के लिए ले गई तो सीजेएम के सामने ही अनूप अग्रवाल के मुंह से गाज निकलने लगा और उनकी तबियत बुरी तरह से बिगड़ गई। सीजेएम ने पुलिस से तुरंत आरोपी का इलाज कराने के लिए कहा और स्वस्थ होने पर ही कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया। साकची पुलिस ने अनूप की स्थिति को देखते हुए उन्हें एमजीएम अस्पताल में भर्ती करवा दिया है। बता दें कि डिस्कवरी डायग्नोसिस के मालिक दशरथ कुमार कावंटिया ने आरोपित के विरुद्ध धोखाधड़ी की 19 नवंबर, 2022 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपित को न्यू बाराद्वारी स्थित घर से गिरफ्तार किया है। आरोपित से एसएसपी प्रभात कुमार ने साकची थाना में पूछताछ की।

दूसरे ने एसएसपी और साकची थाना प्रभारी को 24 नवंबर, 2022 को लिखित रूप से शिकायत दी कि अनूप अग्रवाल, उसकी पत्नी समेत अन्य आरोपितों ने कुल 22 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी उनसे की है। दो करोड़ 62 लाख और पांच करोड़ 41 लाख रुपये आरोपित के खाते में उन्होंने ट्रांसफर किया है, जिसका ब्यौरा शिकायत में दी है।

### हमारे परिवार को तबाह करना चाह रहे हैं दशरथ कावंटिया: अनीषा देवी



दूसरी ओर, अनूप अग्रवाल की पत्नी अनीषा देवी ने आरोप लगाया है कि डिस्कवरी डाइग्नोस्टिक के मालिक दशरथ कावंटिया और उनके लड़के अपने रसूख का इस्तेमाल करते हुए मेरे पति समेत पूरे परिवार को तबाह करने में लगे हुए हैं। यहां तक कि पुलिस पर उनका इतना प्रभाव है कि वे एमजीएम अस्पताल में पति की तबियत के बारे में जानकारी तक नहीं ले पा रही हैं। कावंटिया परिवार मेरे पति के साथ कई बार मारपीट कर चुका है। हमलोगों ने कोर्ट में केस भी किया है किन्तु उस पर कोई कारवाई पुलिस नहीं कर रही है। पुलिस में कावंटिया परिवार का इतना प्रभाव है कि वे लोग थाने में वीआइपी सुविधा पा रहे हैं। मेरे पति कई बार दशरथ कावंटिया से कह चुके हैं कि अभी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। ठीक होने पर पैसा चुका देंगे लेकिन वे लोग गुंडागर्दी पर उतर आये हैं। मुझे अपने पति के स्वास्थ्य को लेकर चिंता है।

### ग्रामीणों के साथ रात्रि पहरेदारी में जुटी वन विभाग की टीम

**जादूगोड़ा।** जादूगोड़ा में मंगलवार को बेजुबान नर हाथी की मौत के बाद जादूगोड़ा का वन विभाग हाथी प्रभावित क्षेत्र भाटीन , मेंचूआ गांव में अपनी सक्रियता बढ़ा दी है ताकि खेत में लगे धान की फसल को हाथियों के उत्पात से बचाया जा सके। इधर, क्षेत्र के मुखिया श्रीनाम सोरेन की अगुवाई में 15 सदस्यीय टीम व छह की संख्या में वन कर्मियों को टीम गठित की गई है। दोनों टीमें अहले सुबह तक रात जगा की। गश्ती दल में शामिल मुखिया श्रीराम सोरेन ने कहा कि रात्रि पहरी में पहाड़ की तलहटी, खेत समेत पूरे गांव में गश्ती की गई। इस दौरान अहले सुबह हाथियों के साथ उनका आमना-सामना हुआ व पांच हाथी व उसके दो बच्चो को देखा गया। विभाग को 10 फटाखे, 01 टॉर्च 04 मसाल दी है जिसके रात्रि पहरी की गई। रात्रि जगा आज भी जारी रहेगा। हाथियों के उत्पात व फसल की बर्बादी से बचाने को रतजगा वन विभाग के साथ मिलकर कर ग्रामीण कर रहे हैं। दूसरे दिन भाटीन मुखिया राम सोरेन, फुर्मल मुर्मु, फागु हेंब्रम, दाखिन हेंब्रम, रतन हांसदा, लाल मोहन मुर्मु, गणेश हेंब्रम, राम हेंब्रम, मोहन सोरेन, रामदास सोरेन हैं।

## एक नजर में

### बीएसीईटी के तीन छात्रों का हुआ प्लेसमेंट



**जमशेदपुर।** बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, घुटिआ, जमशेदपुर के तीन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन रांची स्थित प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय आई टी कंपनी नाथ कॉर्प में हुआ है। इसमें दो छात्रायें ललिता मंडल एवं स्वीटी महतो कंप्यूटर साइंस तथा एक छात्र उत्कर्ष श्रीवास्तव मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के हैं। कंपनी ने इनके कैंपस में साक्षात्कार 22 नवंबर को लिया था और इनको रांची स्थित कार्यालय में 23 जुलाई 2023 से सिस्टम ट्रेनी के पद पर ज्वाइन करना है। इनके चयन पर कॉलेज के चेयरमैन डॉ शिव कुमार सिंह, प्राचार्या सुश्री अनुमिता सेन गुप्ता, प्लेसमेंट अधिकारी श्री राहुल सिंह एवं सभी प्रोफेसर्स ने बधाई तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### अरका जैन स्कूल ऑफ इंजीनिरिंग ने बांटे गर्म कपड़े



**जमशेदपुर।** अरका जैन विश्वविद्याल के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एवं आईटी विभाग की और से पार्वती घाट बस्ती स्थित वृद्धाश्रम में कपड़े बांटने का एक कार्यक्रम किया गया। आश्रम के बुजुर्गों में कपड़े बांटे गये। कपड़े पाते ही बुजुर्गों में खुशी की लहार दौड़ उठी। उन्होंने विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विभाग के डीन डॉ अश्विनी कुमार ने ऐसे आउटरीच प्रोग्राम का महत्व छात्रों को बताया। साथ ही अपने घर में रह रहे बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने का आग्रह किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की और से कंप्यूटर साइंस एवं आईटी के हेड अरविंद पांडेय, प्रो निवेदन महतो, प्रो रंजीत कुमार, आशीष कुमार तथा आश्रम के प्रबंधन में लगे लोग उपस्थित रहे।

### समाजसेवी नीरज से मिली सैल्यूट तिरंगा की टीम



**जमशेदपुर।** राष्ट्रवादी संस्था सैल्यूट तिरंगा के प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष रवि शंकर तिवारी ने बुधवार को समाजसेवी सह भाजपा के प्रदेश संयोजक (व्यावसायिक प्रकोष्ठ) नीरज सिंह से आत्मीय मुलाकात के दौरान सैल्यूट तिरंगा के वार्षिक सूवेनियर और अंगवस्त्र दिया। इस दौरान सैल्यूट तिरंगा के प्रदेश संगठन महामंत्री सह पूर्व सैनिक सुशील सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव रंजन व सदस्य मनोज श्रीवास्तव मौजूद रहे। श्री तिवारी ने बताया कि सैल्यूट तिरंगा के कार्यों पर चर्चा हुई साथ ही दिल्ली में 26 दिसंबर को हो रहे राष्ट्रीय कार्यक्रम अटल तिरंगा सम्मान तथा 750 को संस्था द्वारा सुकन्या समृद्धि योजना से जोड़ा जायेगा। इसमें शामिल होने की बाते हुई जिसपर नीरज सिंह ने अपनी सहमति जतायी।

### राणी सती सत्संग समिति ने जुटाया 91 यूनिट रक्त



**जमशेदपुर।** शहर की धार्मिक संस्था श्री राणी सती सत्संग समिति जुगसलाई के संस्थापक स्व निर्मल भारद्वाज की पुण्यतिथि पर बुधवार को 20वां रक्तदान शिविर जुगसलाई श्री राणी सती दादी मंदिर के प्रथम तल्ले पर लगाया गया। सुबह 10 से शाम 4 बजे तक चले शिविर में 91 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। इससे पहले सुबह समिति के अध्यक्ष अनिल रिंगसिया एवं स्व निर्मल भारद्वाज के परिवार से उनके बड़े भाई ओम प्रकाश, किशन, गोविंद, अदिति भारद्वाज ने दीप प्रज्वलित कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। मौके पर कार्यक्रम संयोजक कमल अग्रवाल, समिति अध्यक्ष अनिल रिंगसिया, समिति सदस्य राजेश अग्रवाल, अजय अग्रवाल आदि ने कहा कि स्व निर्मल भारद्वाज एक मिलनसार व्यक्ति थे। उनकी कमी हमेशा खलती हैं। उनकी यादें आज भी जिंदा हैं। इसे सफल बनाने में जमशेदपुर ब्लड बैंक की टीम, राणी सती सत्संग समिति की महिलाओं की टीम समेत समिति के सभी सदस्यों का योगदान रहा। अंत में धन्यवाद ज्ञापन समिति के बैजनाथ शर्मा ने किया।

### गरीबों की सेवा में जुटा है सरोजिनी मेमोरियल ट्रस्ट



**जमशेदपुर।** गरीबों के प्रति सेवा में सरोजिनी मेमोरियल ट्रस्ट वर्षों से समर्पित होकर सेवा कार्य कर रहा है। विशेष रूप से स्व सरोजिनी देवी की पुण्य स्मृति में हर वर्ष नारायण भोज के बाद वस्त्र वितरण ट्रस्ट की विशेषता है। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बीते 27 नवंबर को सरोजिनी मेमोरियल ट्रस्ट ने उनकी 38वीं पुण्यतिथि जमशेदपुर एसोसिएशन मैदान, द-रोड, बिष्टुपुर के प्रांगण में की थी। उस सुबह परिवार ने पूजा अर्चना श्रद्धा पूर्वक की। दिन के 1 बजे से करीब 551 दरिद्रनारायण को भोजन कराने के बाद वस्त्र एवं दक्षिणा मुख्य अतिथि टाटा वर्कर्स यूनियन के पूर्व महासचिव बीके डिंडा, संस्थान के चेयरमैन एमएस शेखर राव, धर्मपत्नी वेंकट लक्ष्मी, पुत्र एम कार्तिक राव एवं दामाद आई संतोषव पुत्री एम माधुरी ने दिया। सांध्यकालीन कार्यक्रम में शहर के जानेमाने कलाकार एवं भजन गायक श्री कृष्णामूर्ति एवं ग्रुप ने भजन गायन प्रस्तुत किया। फिर मुख्य अतिथि रघुनाथ पांडे, अध्यक्ष, जुस्को यूनियन, जमशेदपुर तथा संस्थान के चेयरमैन के कर कमलों से लगभग 101 साधुओं को भोजन कराने के बाद उनको कंबल प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में सभी आंगतुक रात्रि भोज में सम्मिलित हुए। इस संपूर्ण कार्यक्रम में संस्थान के सभी सदस्यों और परिवारजनों की विशेष भूमिका रही।

### गोविंद विद्यालय में खाना बनाने की प्रतियोगिता



**जमशेदपुर।** बुधवार को गोविंद विद्यालय के जूनियर विंग में बिना आग के खाना बनाने की प्रतियोगिता हुई। इसमें कक्षा 3 से 5 के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने इस दौरान तरह-तरह के स्वादिष्ट व्यंजन जैसे भेलपुरी, फ्रूट सलाद, झालमुढ़ी, सैंडविच आदि बनाकर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। प्रतियोगिता का लक्ष्य विद्यार्थियों में खाना बनाने का तरीका सिखाना था। प्रतियोगिता का आयोजन जूनियर को-ऑर्डिनेटर रीता चौधुरी और जूनियर एक्टिविटी प्रभारी शिक्षिका पुष्पांजलि श्रीवास्तव के नेतृत्व में किया गया। मौके पर प्राचार्य ज्योति प्रकाश होता, सचिव अभिषेक शर्मा, प्रशासिका सुश्री कृष्णा मोदक, उप प्रधानाचार्या अनीता नंदी एवं अन्य शिक्षिकाएं मौजूद थी।

# बिष्टुपुर में जयकारे के साथ निकली बाबा खाटू श्याम की भव्य निशान यात्रा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** बुधवार की संध्या श्याम बाबा के जयकारे के साथ बिष्टुपुर सत्यनारायण मंदिर से तुलसी भवन तक बाबा श्याम की भव्य निशान यात्रा निकली। जिसमें कथा व्यास श्याम रत्न खाटू वाले पप्पू शर्मा भी शामिल हुए। इसका आयोजन शहर की सामाजिक संस्था जेसीआई जमशेदपुर पहचान द्वारा किया गया था। निशान की पूजा सत्यनारायण मंदिर में हुई। इससे पहले बाबा श्याम की पूजा और ज्योत प्रज्जवलित तुलसी भवन में हुई। यजमान मधु-अरूणबांकरेवाल ने पूजा की ओर बजरंग पंडित ने विधिवत रूप से पूजा करायी। ढोल, नगाड़ा, धमाल, बैंड पार्टी के साथ शाही अंदाज में बाबा श्याम की भव्य निशान यात्रा निकाली गई। हाथों में निशान लिये 751 से अधिक भक्त बाबा के जयकारे के साथ नाचते गाते चल रहे थे।

# विकास पर पुलिसिया कार्रवाई के बाद परिवार की हिम्मत बढ़ाने पहुंचे भाजपा व भाजमो नेता

खबर मन्त्र ब्यूरो





**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता विकास सिंह के घर गत दिनों आधी रात को पुलिस की छापेमारी के पश्चात परिवार को हिम्मत दिलाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी, समाजसेवी शिवशंकर सिंह और भाजमो के महानगर अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव आशियाना अंतारा, मानगो स्थित आवास पहुंचे। सभी ने एक स्वर से आधी रात को पुलिसिया छापेमारी और आंतक फैलाने के कदम की निंदा की।

भाजमो जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने कहा की वर्ष 2015 के मानगो दंगा मामले में प्रशासन द्वारा विकास सिंह के घर पर गिरफ्तारी के लिए रेड की गई। प्रशासनिक अधिकारी मध्य रात्रि विकास सिंह की खोज में उनके घर आ धमके और गेट पीटकर एवं बेल बजाकर परिजनों को भयभीत कर दिया। ऐसी कारवाई किसी मोस्ट वांटेड क्रिमिनल अथवा आतंकवादी के केस में गिरफ्तारी के लिए की जाती है। अब सवाल है कि वर्ष 2015-2019 में जब भाजपा की सरकार थी तब इस मामले को खतम क्यों नहीं किया गया।अब इस मामले में एकाएक गिरफ्तारी के लिए प्रशासन की करवाई से यह स्पष्ट है की जिला की पुलिस मंत्री बन्ना गुप्ता के इशारे पर काम कर रही है।

# एक्सएलआरआइ के एक्सओएल कॉन्क्लेव टेककॉन में जुटेंगे कई कंपनियों के दिग्गज

खबर मन्त्र ब्यूरो




**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआई एक्सओएल पीजीडीएम की ओर से 17 दिसंबर-22 को टेक्नोलॉजी एंड कंसल्टिंग कॉनक्लेव टेककॉन का आयोजन किया जायेगा। ग्रो एंड ट्रांसफॉर्म थ्रू डिजिटल प्लेटफॉर्म थीम पर मुख्य रूप से एक्सओएल की ओर से पहला आयोजन किया जा रहा है जिसमें टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर किस प्रकार से कन्सल्टिंग समेत अन्य सेक्टर में विकास किया जा सकता है, इस पर मुख्य रूप से मंथन होगा।

एक्सएलआरआई की ओर से जिम्मेदार लीडर तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है, उसी दिशा में संस्थान की ओर से यह पहल की जा रही है। इस दौरान वक्ता के रूप में श्री संदीप बाटला - कार्यकारी निदेशक, प्लासर इंडिया द्वारा नवाचार के माध्यम से व्यापार उत्कृष्टता पर एक मुख्य वक्ता के साथ सत्र की शुरूआत होगी। इसके बाद विभु गोयनका-उपाध्यक्ष, ईएक्सएल एनालिटिक्स, अरिजीत सरकार - उपाध्यक्ष द्वारा पहली पैनल चर्चा होगी। अध्यक्ष, ए, नंदकुमार मुथुकृष्णन- एसोसिएट पार्टनर और इंडिया लीड- एनर्जी, यूटिलिटीज एंड सर्विस बिजनेस कंसल्टिंग, इंफोसिस और सुश्री सुदेशना चौधरी - पार्टनर इकोसिस्टम्स एंड एलायंस आदि मौजूद रहेंगे।

# भोजपुरिया क्रिकेट लीग सीजन 4 के आगाज से बढ़ा खेल का रोमांच

खबर मन्त्र संवाददाता



**जमशेदपुर।** बुधवार को सुबह 10 बजे भोजपुरी नव चेतना मंच द्वारा आयोजित भोजपुरिया क्रिकेट लीग सीजन 4 का आयोजन सीडब्ल्यूसी केबुल ग्राउंड गोलमुरी में हुआ जिसके उद्घाटनकर्ता के रूप में झारखंड प्रदेश भाजपा प्रवक्ता कुणाल सारंगी भाजपा जिला उपाध्यक्ष बबुआ सिंह, समाजसेवी शिव शंकर सिंह, समाज सेवी रत्नेश तिवारी मौजूद रहे। टूर्नामेंट में आज तीन मैच हुआ जिसमें कचड़ा 11 ने जी बी 11 के बीच मैच खेला गया जिसे कचड़ा 11 ने जी बी 11 को 5 विकेट से हराया। दूसरा मैच कदमा वारियस और जेडीसी 11 के बीच खेला गया जिसमे जेडीएस को हराकर कदमा वारियेस ने अगले राउंड में प्रवेश कर गया तीसरे और आखिरी मैच सिटी स्पोर्टिंग और बीबी स्पोर्टिंग के बीच खेला गया जिसमे बीवी स्पोर्टिंग को हराकर सिटी स्पोर्टिंग ने अगले राउंड में प्रवेश कर लिया।

# अडानी सीमेंट की इकाई अंबुजा सीमेंट्स को फिक्की सीएसआर अवार्ड

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर/मुंबई।** अडानी सीमेंट की सीमेंट और निर्माण सामग्री कंपनी अंबुजा सीमेंट्स ने महिला अधिकारिता श्रेणी मंज फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) सीएसआर अवार्ड 2020-2021 हासिल किया है। माननीय केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने सम्मानित प्रतिनिधियों की उपस्थिति में अंबुजा सीमेंट को उद्योग के इस अत्यधिक प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया।

कंपनी ने महिलाओं के लिए अपने सीएसआर कार्यक्रमों के माध्यम से 2970 एसएचजी (स्वयं सहायता समूह) और 8 महिला संघों को लाभान्वित किया है और 31,000 युवतियों को प्रशिक्षित किया है। इसके साथ ही 9,000 महिलाओं को सक्षम बनाया गया और उन्हें आमदनी जुटाने से संबंधित गतिविधियों में लगाया गया है। कंपनी ने इन महिलाओं को इस काबिल बनाने का प्रयास किया है कि वे कम्युनिटी लीडर की भूमिका निभा सकें और साथ ही अपने परिवार के लिए रोजी-रोटी का इंतजाम कर सकें और इस तरह समाज में बदलाव लाने की दिशा में प्रभावी भूमिका अदा कर सकें।

उन्हें स्वयं सहायता समूहों में भाग लेकर आमदनी अर्जित करने और हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। उन्हें क्रेडिट बचत में योगदान करने को प्रेरित किया है। कोशिश यही की गई है कि अंततः उन्हें स्वतंत्र रूप से और साथ ही बड़े समूहों में अपना व्यवसाय शुरू करने में सहायता प्रदान की जा सके। इन व्यवसायों में बकरी पालन, पोल्ट्री, डेयरी, किचन गार्डनिंग, सिलाई और अन्य शामिल हैं। महिला सशक्तिकरण मॉडल, महिला भागीदारी और समावेशन से उनकी सामाजिक-आर्थिक मजबूती और स्थानीय संस्थानों के निर्माण के लिए प्रोत्साहित करना कंपनी के अन्य सीएसआर कार्यक्रमों में शामिल है। ये महिलाएं जल उपयोगकर्ता संघों, एफपीओ, सखियों (सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता), और पशु सखियों (सामुदायिक पशु स्वास्थ्य कार्यकर्ता) का एक हिस्सा हैं।



अंबुजा सीमेंट के शीर्ष अधिकारियों को अवार्ड देते केंद्रीय जनजातीय मंत्री सह खूंटी से भाजपा सांसद अर्जुन मुंडा।

## स्पीड न्यूज

### ऊर्जा का स्रोत सीमित है, इसलिए इसका संरक्षण बहुत जरूरी है : अजीत तिवारी



**बिश्रामपुर (पलामू)।** रेहला के ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड केमिकल डिविजन में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम बुधवार को हो गया। एक सप्ताह तक चले कार्यक्रम के दौरान कई प्रतियोगिताएं हुई। इसके अलावा ऊर्जा संरक्षण हेतु जागरूकता अभियान भी चला। जिसके तहत लोगों को ऊर्जा संरक्षण के कई तरीके बताये गये। समापन पर मानव संसाधन प्रमुख अजीत तिवारी ने कहा कि धरती पर ऊर्जा का स्रोत सीमित है, इसलिए इसका संरक्षण बेहद जरूरी है, ताकि आने वाली पीढ़ी ऊर्जा की कमी महसूस नहीं करे। मौके पर दिनेश पांडेय, आनंद किशोर, प्रणव पांडा, सुजीत सिंह, अशोक सिंह, विक्रम मणि भी थे।

### पांती और रानीदेवा क्वार्टर फाइनल में



कर्नल कप

**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद में खेले जा रहे है कर्नल कप फुटबॉल प्रतियोगिता में लीग मैच का आखरी चरण चल रहा है। सभी टीम क्वार्टर फाइनल में जाने के लिए एक दूसरे को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। बुधवार को खेले गये पहले मैच में हीरा सिकनी को वॉकओवर मिला लेकिन गोल पॉइंट के आधार पर वह क्वाफा में जगह नहीं बना सकी। दूसरे मैच में रपुरा को 1-0 से हरा पांती पांती ने क्वाफा में जगह बनाया। तीसरे मैच में रानी देवा ने बभंडी को 4-2 से हराया। मुख्य अतिथि समाजसेवी व सेवानिवृत्त शिक्षक जगदीश राम ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए बेहतर प्रदर्शन करने के लिए उत्साहवर्धन किया। मैच के दौरान क्लब के उपाध्यक्ष रामेश्वर राम उर्फ.छठन पासवान, राम प्रवेश सिंह, सद्दाम अंसारी, शिवपूजन सिंह, इशरार अहमद उर्फ. गुडडू, मशहूर खिलाड़ी भर्दुल सिंह, आलोक कुमार मौजूद थे।

### किशुनपुर पंचायत में कांग्रेस की पदयात्रा



**पाटन पलामू।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी ने भारत जोड़ो कार्यक्रम के तहत बुधवार को कुंडवा मोड़ से किशनपुर बाजार तक 6 किमी भारत जोड़ो पदयात्रा की। नेतृत्व पलामू जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक और बिट्टू पाठक ने। अध्यक्षता पाटन प्रखंड अध्यक्ष रामानंद पांडे एवं संचालन अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष अशोक पासवान ने किया। बिट्टू पाठक ने कहा कि जन जागरण यात्रा एवं गौरव यात्रा के बाद अब भारत जोड़ो कार्यक्रम के तहत पदयात्रा को विशाल जनसमर्थन मिल रहा है। वर्ष 2024 में कांग्रेस का केंद्र बिंदु में जनता रहेगी। मौके पर अशोक पासवान, शमीम अहमद राइन, इश्वरी सिंह, अजय साहू, जितेंद्र कमलापुरी, हर्ष साहनी, शैलेश कुमार, राजेंद्र सिंह , अभय पांडे, नीतीश पासवान, सुधाकर पासवान, सरिता देवी, कमला देवी, आरती देवी, मुकेश सिंह, पिंटू राम आदि थे।

### 20 सूत्री कार्यालय का उद्घाटन



**नौडीहा बाजार पलामू।** प्रखंड में 20 सूत्री कार्यालय का उद्घाटन बुधवार को पलामू कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक ने किया। कार्यालय उद्घाटन के बाद प्रखंड सभागार में प्रखंड अंचल के प्रतिनिधियों और अधिकारी कर्मियों के साथ बैठक की। जिसकी अध्यक्षता 20 सूत्री अध्यक्ष उदय पासवान ने की और संचालन 20 सूत्री उपाध्यक्ष अनवर आलम ने किया। मौके पर जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक ने 20 सूत्री अध्यक्ष उपाध्यक्ष और सदस्यों को निर्देश दिया कि सरकार की जितनी भी योजनाएं चल रही है उसका लाभ ग्रामीणों तक पहुंचे इसका ध्यान रखें। 20 सूत्री के अधिकारी अस्पताल, आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय, राशन दुकान की निगरानी करें और ग्रामीण जनता का प्रखंड अंचल थाना सहित विभिन्न सरकारी कार्यालयों में कार्य बिना परेशानी के हो यह सुनिश्चित करें। मौके पर शमीम अहमद राईन, अजय साहू, शैलेश प्रसाद, अजय यादव, प्रखंड अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह, अनवर आलम, मुस्ताक अहमद, राजन चंद्रवंशी, सुल्तान अंसारी, ताहिर अंसारी, लुकमान अंसारी, गुड्डू यादव, आशिक हुसैन, परवेज आलम, उदय पासवान आदि उपस्थित थे।

### प्रमुख-पंसस ने बैठक का बहिष्कार कर प्रखंड कार्यालय में जड़ा ताला




**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड प्रमुख व पंचायत समिति सदस्यों ने मासिक बैठक का बहिष्कार करते हुए प्रखंड कार्यालय के मुख्य गेट में 12 बजे ताला जड़ दिया। सभी पंसस व प्रमुख शोभा देवी ने अनिश्चितकालीन धरना पर बैठ गई । जिसे प्रखंड कार्यालय का कार्य बाधित रहा। बीडीओ मनोज तिवारी और सीओ कार्यालय के अंदर बंधक बने रहे। धरना-प्रदर्शन का समर्थन पूर्व जिप सदस्य सह जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि नंदकुमार राम ने किया। मालूम हो कि पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार बुधवार को दोपहर बारह बजे प्रखंड कार्यालय सभागार में पंसस की मासिक बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में प्रमुख शोभा देवी व पंसस ने सरकारी कर्मियों की अनुपस्थिति से नाराजगी जताई। मौके पर पंचायत समिति सदस्य मनोरंजन गिरी, पंचायत समिति सदस्य धर्मेंद्र दुबे, अर्चना देवी, संगीता देवी समेत कई अन्य लोग शामिल थे।

### राजा मेदिनी राय नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन करेगा वाईजेके



**मेदिनीनगर/ चैनपुर।** युवा जागृति केंद्र की आयोजन समिति ने राजा मेदनी राय नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट 2023 की घोषणा की। केंद्र के चैनपुर प्रखंड अध्यक्ष सह आयोजन समिति अध्यक्ष विश्वास सिंह उर्फ गुड्डन ने 4 जनवरी 2023 से टूर्नामेंट के आयोजन की बात कही। टूर्नामेंट चैनपुर प्रखंड के सेमरा पंचायत के बहेरा कला मे नर्सरी मैदान में होगा। विश्वास सिंह ने कहा कि इस टूर्नामेंट का उद्देश्य पलामू की गौरवमयी संस्कृति एवं महान शासक राजा मेदिनी राय को स्मरण करना तथा क्षेत्र में खेल को एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है।

# सांसद ने लोकसभा में उठाया भुइंहर जाति को एससी से एसटी में शामिल करने का मामला

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में भुइंहर मुंडा/भुइंहर जाति को अनुसूचित जाति से अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया। श्री राम ने कहा कि झारखंड राज्य के पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों यथाः बड़गड़, भंडरिया, रंका एवं छतरपुर में बडे पैमाने पर भूइंहर मुंडा/ भुइंहर समाज के लोग निवास करतें है। वर्तमान में इस जाति के लोग अनुसूचित जाति में है जबकि इनका रहन-सहन, खान-पान, पूजा-पद्धति आदिवासी समाज से मिलता-जुलता है तथा इनकी वर्षो से पुरानी मांग है कि इन्हें अनुसूचित जनजाति में शामिल किया जाय, ताकि झारखंड राज्य में अनुसूचित जनजाति को मिलने वाले लाभ इन्हें भी मिल सके।



**क्या बोले सांसद के निजी सचिव**

विदित है कि झारखंड के सीमावर्ती राज्य छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश में भुइंहर मुंडा/ भुइंहर जाति अनुसूचित जनजाति में शामिल है। उक्त संबंध में डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान झारखंड, रांची के पत्रांक 237, दिनांक 25/02/2021 को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखंड सरकार, रांची को विस्तृत प्रतिवेदन दिया गया था। उक्त प्रतिवेदन के आलोक में झारखंड सरकार के कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने राज्य मंत्रिपरिषद द्वारा भुइंहर मुंडा/ भुइंहर जाति को जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा अनुसूचित जनजाति में शामिल करने हेतु लिए गए निर्णय को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखंड सरकार, रांची के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह के पत्रांक 14/जा नि- 03-09/2016, का- 1738, दिनांक 18/03/2021 को सचिव जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली को अनुशंसा भेजी गयी है। सांसद ने कहा कि आपके माध्यम से मंत्री जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार से मांग करता हूं कि झारखंड सरकार के मंत्रिपरिषद के निर्णय एवं उक्त संबंध में भेजी गयी अनुशंसा के आलोक में भुइंहर मुंडा/ भुइंहर जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की दिशा में कार्रवाई की जाये। उक्त जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने दी।

# जल्द खुलेगा दीनदयाल मार्ग

खबर मन्त्र संवाददाता

➲ लोग घूम-घूम कर अपनी कमियां दिखा रहे : महापौर

**मेदिनीनगर।** अंबेडकर तालाब के बीच दीनदयाल मार्ग खोलने का रास्ता प्रशस्त हो चुका है जिससे जेल हाता की ओर रहने वाले नागरिकों को बाजार आना जाना सुलभ हो जायेगा। यह मार्ग पूर्व के कार्यकाल में जब अंबेडकर पार्क का नक्शा पारित किया गया उस नक्शे में रास्ता को बंद कर दिया गया था जिसके कारण निगम को मजबूरन दीनदयाल मार्ग को बंद करना पड़ा। मोहल्ले वालों ने वार्ड पार्षद धीरेंद्र पांडे के साथ महापौर अरुणा शंकर से मिलकर आवागमन में हो रही परेशानी की जानकारी दी थी।

महापौर अरुणा शंकर ने मोहल्ले वालों को आश्वस्त किया था कि किसी भी परिस्थिति में मार्ग खुलेगा



लेकिन अचानक चुनाव की घोषणा होता देख सारा काम निगम का थम सा गया। महापौर ने चुनाव स्थगन के बाद अपनी पहली बोर्ड बैठक में ही दीनदयाल मार्ग का 4 फीट गेट खोलने हेतु एजेंडे में लाकर सर्वसम्मति से पारित करते हुए गेट खोलने का मार्ग प्रशस्त कर दिया। इस संबंध में महापौर ने बैठक के बाद पत्रकारों को बताया कि जो लोग इस रास्ते को बंद करते हुए सरकार को नक्शा पारित कर भेजे थे वही लोग इसे चुनावी मुद्दा भी बना रहे थे। महापौर ने कहा कि मुझे आश्चर्य है जो लोग बैंड, बाजा, बाराती के साथ जगह-जगह घूम कर नली-गली दिखा रहे हैं वह मेरी नहीं अपनी कमियों को दिखा रहे अगर वे अपने 5 साल के कार्यकाल में यह सब काम किए होते तो निगम क्षेत्र की स्थिति कुछ और होती। मैंने तो कोई नया बहाली तक नहीं किया फिर भी आज शहर पहले से ज्यादा साफ है और अब तो रात को भी सफाई की जाती है। महापौर ने कहा कि जल्द नव वर्ष में कई ऐतिहासिक कार्य होंगे जिसकी घोषणा मैं जल्द करूंगी।

# सड़क निर्माण जांच पर भिड़े पांकी के पूर्व-वर्तमान विधायक समर्थक

- मामला मेदनीनगर लेस्लीगंज पांकी मुख्य सड़क के घटिया निर्माण को लेकर घटी
- राज्य स्तरीय सड़क जांच टीम कर रही थी जांच
- कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जायेगा : विधायक डॉ शशि भूषण
- गठबंधन सरकार को बदनाम करने की कोशिश है : पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पांकी विस क्षेत्र में मेदिनीनगर-लेस्लीगंज पांकी मुख्य पर सड़क निर्माण कार्य हो रहा है। इसमें घटिया निर्माण कराने को लेकर विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने विगत दिन धरना दिया था। धरना के बाद इस सड़क निर्माण की जांच कराने की मांग की थी। जिसपर राज्य सरकार ने राज्य स्तरीय सड़क जांच टीम गठित की। टीम बुधवार को पांकी विस क्षेत्र के सगालिम राजो गाड़ी स्थित सड़क की जांच कर रही थी। इसी बीच वर्तमान विधायक डॉ शशि भूषण मेहता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह के समर्थक आपस में भिड़ गये। लोगों ने दोनों पक्षों को समझा कर हटाने का प्रयास किया। घटना के वक्त दोनों जनप्रतिनिधि मौजूद थे। यह सब घटना पुलिस बल की मौजूदगी में घटी। वर्तमान विधायक ने जांच टीम को कहा कि सड़क का निर्माण घटिया किया गया है। सुबह बनी तो शाम को टूटी और शाम में बनी तो सुबह में टूट गयी। किसी भी कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जायेगा।

**खास बातें :** उन्होंने कहा कि पांकी विस क्षेत्र में विकास योजनाओं में पूर्व के समय में जो किया गया उसे वर्तमान समय में नहीं होने दिया जाएगा। इसके लिए विधानसभा में प्रश्न उठाया जाएगा। श्री मेहता ने कहा कि विकास योजनाओं में ठेकेदारों द्वारा लूट की योजना बनाई जाती थी।जिसे नहीं चलने दिया जाएगा जनता की गाढ़ी कमाई कि पैसा का दुरुपयोग नहीं होने दिया जाएगा। इस दौरान मारपीट की घटना नहीं घटी है। जांच के दौरान उनके समर्थकों द्वारा वीडियो बनाया जा रहा था।जिसका विरोध किया गया तो आपस में बक्झक हुई है। पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह ने कहा कि समर्थक आपस में भिड़े थे। लेकिन कोई ऐसी बात नहीं है।

# कन्या विवाह सोसाइटी ने कराया 51 गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह

- सामाजिक विवाह से कुरूतिया होगी दूर : अरुणा शंकर
- सामूहिक विवाह से लोगों में जागरूकता आयेगा : मंगल सिंह
- बाल विवाह, दहेज प्रथा पर लगाना है अंकुश : विकास माली

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर के शिवाजी मैदान में कन्या विवाह एवं विकास सोसाइटी ने सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर निगम की मेयर अरुणा शंकर, डिप्टी मेयर मंगल सिंह, वार्ड पार्षद मनोज सिंह उर्फ बिल्लू, वार्ड पार्षद नवीन गुप्ता और कन्या विकास सोसाइटी के सचिव विकास कुमार माली ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसमें विभिन्न गांव से 51 गरीब कन्याओं का विवाह मंडप में कराया गया। साथ ही शहर में 51 टोटो वाहन से बारात निकली। जो छह मुहान चौक होते हुए शिवाजी मैदान पहुंचा। जहां पर स्वागत किया गया।



**खास बातें :** विवाह के दौरान सभी कन्याओं को कन्या विवाह विकास सोसाइटी के द्वारा पलंग, रजाई, तोसक, गोदरेज अलमीरा, बर्तन, फल, मिठाई, कपड़े, श्रृंगार का समान वस्त्र समेत अन्य कई समानों को भेंट स्वरूप दिया गया। सामूहिक विवाह समारोह में हिंदू और मुस्लिम समुदाये की कन्या का उनके रीति रिवाज के साथ विवाह करवाया गया। साथ ही साथ बिहार से पहुंची भोजपुरी गायिका कुमकुम बिहारी ने संगीत का कार्यक्रम किया। मेयर अरुणा शंकर ने कहा कि इस प्रकार के सामूहिक विवाह से समाज में व्याप्त कुरुतियों पर अंकुश लगेगा। साथ ही साथ आर्थिक रूप से कमजोर गरीब परिवार का कल्याण होगा। उन्होंने विकास सोसाइटी को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस प्रकार का कार्य कराना बहुत ही पुनीत कार्य है। उपमेयर मंगल सिंह ने कहा कि इस प्रकार के सामूहिक विवाह समाज में नई चेतना जागृत होगा और लोगों का सोच बदलेगा। सोसायटी के सचिव विकास कुमार माली ने कहा कि मेरा सपना है कि बाल विवाह एवं दहेज प्रथा पर अंकुश लगे।

# लोगों को बीमा के प्रति जागरूक करेंगे एलआइसी अभिकर्ता

- देशवासियों को एलआईसी पर ही है भरोसा : आई एक्का
- एलआइसी किसी परिचय की मोहताज नहीं : अम्बष्ठ
- बीमा क्षेत्र में जोखिम भरा कोई कार्य नहीं : एके डी दुबे

खबर मन्त्र संवाददाता





**मेदिनीनगर।** भारतीय जीवन बीमा निगम के अभिकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक बाईपास रोड स्थित आर्यन फूड प्वाइंट में की गई। बैठक के मुख्य अतिथि शाखा प्रबंधक आइ एक्का एवं एस के अम्बष्ठ ने दीप प्रज्ज्वलित कर उदघाटन किया। मौके पर शाखा प्रबंधक ने अभिकर्ताओं को प्रीमियम से संबंधित कई बिंदुओं पर जानकारी देते हुए कहा कि देश आजादी के बाद बीमा के क्षेत्र में यह एक पहली कंपनी है। जिसने लोगों को बीमा की जानकारी देते हुए सुनहरे भविष्य के लिए लोगों को बीमा के प्रति जागरूक किया। एलआइसी पर जितना भरोसा देशवासियों को है उतना भरोसा किसी अन्य बीमा कंपनियों पर नहीं है। इसलिए एलआइसी के जितने भी अभिकर्ता हैं गर्व के साथ अपने संबंधित लोगों के पास जाएंऔर कंपनी के नए नए प्लान की जानकारी देते हुए उन्हें जोड़ने का प्रयास करें। शाखा प्रबंधक ने अभिकर्ताओं को एकेडी दुबे से प्रेरणा लेने की बात करते हुए कहा कि दुबे जी डीईओ पद से रिटायर होने के बाद आज भी कंपनी में सेवा दे रहे हैं। कंपनी ने उनके अनुभव को देखते हुए पुनः उसी पद पर उन्हें पदस्थापित किया है। एसके अंबष्ठ ने कहा कि एलआईसी कंपनी किसी परिचय की मोहताज नहीं है। इसे पढ़े हुए लोग हो या अनपढ़ लोग सभी लोग भारतीय जीवन बीमा निगम के बारे में अच्छी तरह से जानते हैं कि यही एक कंपनी है जो विश्वसनीय है। यहां पर मेरा पैसा सुरक्षित रहेगा।

**खास बातें :** लोगों को यह पता है कि भारत सरकार का बीमा कंपनी है। इसलिए अभिकर्ता अपने विकास के साथ ही साथ दूसरे लोगों के भविष्य की चिंता करते हैं। कंपनी बीमा धारकों को बिना परेशान किये सारी सुविधाएं मुहैया कराती है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए एलआईसी एसोसिएट एकेड़ी दुबे ने कहा कि बीमा के क्षेत्र में कोई जोखिम भरा कार्य नहीं है। यदि अभिकर्ता मन में यह ठान ले कि मुझे प्रतिदिन कुछ ना कुछ कर गुजर ना है तो उन्हें इस क्षेत्र में सफलता हाथ लगेगी। एलआईसी एक ऐसी कंपनी है जिसके बारे में लोग जिज्ञासा बस उसके प्लान को भी जानना चाहते हैं और पसंद भी करते हैं। इसलिए अभिकर्ता निःसंकोच अपने कार्य में लगे रहें। इस मौके पर शाखा प्रबंधक ने सभी लोगो को सम्मानित किया।

### एथलेटिक्स प्रतियोगिता आज

**मेदिनीनगर।** पलामू डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वाधान में जिला स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 15 दिसंबर को प्रातः 10 :30 बजे से रखी है। यह प्रतियोगिता जीएलए कॉलेज मैदान में होगी। जानकारी पलामू डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने दी।

### पुजारी नारद के ब्रह्मभोज में शामिल हुए कई लोग



**मेदिनीनगर।** बारालोटा के श्री बशिष्ठ नारायणाचार्य के पिता रेड़मा चौक हनुमान मंदिर के पुजारी नारद शुक्ला (90) का निधन गत दिन हो गया। इनके ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शहर के कई गणमान्य लोग शामिल हुए। उनके ब्रह्मभोज कार्यक्रम में मनोज सिंह, उप महापौर मंगल सिंह, धनंजय त्रिपाठी समेत कई लोग घर पहुंच श्रद्धासुमन अर्पित किये।

### पांकी विधायक ने मंदिर समिति को की आर्थिक मदद



**पांकी पलामू।** पांकी प्रखंड के ग्राम तेतराई के बनिया टोला स्थित राधा-कृष्ण मंदिर के भ्रमण के दौरान पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने पाया कि मंदिर की चहारदीवारी और रंग-रोगन काफी खराब हो चुकी है। मंदिर की चहारदीवारी निर्माण हेतु आधारशिला रखने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ। विधायक ने मंदिर की चहारदीवारी के पुनर्निर्माण एवं रंग-रोगन कार्य के लिए मंदिर समिति को श्रद्धास्वरूप 1,00,001 रुपये दिये एवं परिसर के लिए टाइल्स भी देंगे। विधायक ने कहा कि यह मंदिर हमारी आस्था का केंद्र है। इसके पुनर्निर्माण में सहयोग मेरे लिए परम सौभाग्य की बात है। विधायक ने मंदिर की चहारदीवारी के लिए 20 फीट भूमि दान करने के पुनीत कार्य के लिए नरेश पांडेय का आभार जताया। मौके पर मंदिर समिति के सभी पदाधिकारी, सदस्य व ग्रामीणों के साथ प्रसिद्ध सिंह, साधु मांझी, पकरिया के मिंटी वर्मा, बाबूलाल सिंह, कामख्या सिंह, चलीतर सिंह, जय किशोर गुप्ता, राजदेव मेहता भी थे।

## विज्ञान और तकनीक से दोगुनी होगी किसानों की आय : कृषि पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

>> इंटीग्रेटेड फार्मिंग करने की जरूरत : सह निदेशक



**मेदिनीनगर।** कृषि कार्य में तकनीक आवश्यक है, इसके जरिए वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने से किसानों को फायदा होगा और किसानों में खेती के प्रति रुचि जागृत होगी। किसानों को उचित सलाह देने के लिए यहां वैज्ञानिक भी सहजता से उपलब्ध हैं। पलामू कम बारिश वाला क्षेत्र है। ऐसे में बूंद-बूंद/ ड्रिप सिंचाई एवं फव्वारा विधि से सिचाई के माध्यम से फसलों में अधिक उत्पादन लिया जा सकता है। ड्रिप सिंचाई के लिए सरकार से अनुदान भी दिए जाते हैं। यह बातें जिला कृषि पदाधिकारी दिनेश कुमार मांझी ने कही। वे आज केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र, चियांकी में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं फिट इंडिया पर आयोजित विशेष जागरूकता कार्यक्रम में बोल रहे थे।

## निजी जीवन में उर्जा का संरक्षण जरूरी

- ग्रासिम ने किया उर्जा संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



**विश्रामपुर पलामू।** राष्ट्रीय उर्जा संरक्षण दिवस एक सप्ताह से ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड केमिकल डिविजल रेहला परिसर में मनाया जा रहा है। उर्जा संरक्षण के जागरूकता अभियान का आयोजन कारखाना परिसर में किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, बच्चे व संविदाकर्मी आदि लोगों ने भाग लिया।

इसके अलावा उर्जा संरक्षण हेतू साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर क्विज, श्लोगन पोस्टर व संस्थान परिसर में एक सप्ताह तक उर्जा संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया।

केंद्र सरकार के उर्जा मंत्रालय के अंतर्गत बीइइ के तत्वावधान में उर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है। मौके पर मानव संसाधन प्रमुख अजीत तिवारी ने कहा कि उर्जा का संरक्षण निजी जीवन में बहुत ही जरूरी है। उर्जा के श्रोत धरती पर बहुत ही सीमित मात्रा में बचा हुआ है। इसको आने वाले पीढ़ी के लिए संरक्षण करना आवश्यक है।

कम उर्जा का खपत हम अलग अलग तरीके से कर सकते हैं। उर्जा का उचित प्रयोग जरूरत के अनुसार की जानी चाहिए। देश में 110 वर्षों के लिए ही कोयला का भंडार बचा हुआ है। इसे बचाने के लिए अभी से नये तकनीक के द्वारा खपत को कम करना होगा। उर्जा का संरक्षण नहीं करेंगे तो अपने आनेवाले पीढ़ियों के लिए क्या छोड़कर जायेंगे।

### कैंप में महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने पर बल



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड कार्यालय परिसर में जेएसएलपीएस ने यूथ मोबिलाइजेशन का कैंप बुधवार को लगाया। कैंप में स्वरोजगार से महिलाओं को जोड़ने के लिए कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिप सदस्य प्रमोद सिंह, प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष रंजन कुमार दुबे, उपप्रमुख सुनील कुमार सिंह जेएसएलपीएस के प्रबंधक सत्य प्रिय तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर जिप सदस्य प्रमोद सिंह ने कहा कि सरकार महिलाओं के प्रति गंभीर है और उसका लाभ महिलाओं को आगे आकर उठाना चाहिए।

# दर्जनों आदिवासी सरना परिवार के लोगों ने अपनाया इसाई धर्म

रतनपुर/ तेतरखाड़ से लौटकर संजय कुमार व संजय पाठक

**पांकी/पलामू।** पांकी थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती रतनपुर पंचायत के ग्राम इरगु एवं तेतरखाड़ टोला के दर्जनों आदिवासी सरना परिवार के लोग ईसाई धर्म अपना चुके हैं। हिंदू परिवारों को ईसाई धर्म अपनाने की खबर आए दिन अखबारों की सुर्खियां बनी रहती है। इन क्षेत्रों में ईसाई मिशनरियां लंबे समय से सक्रिय हैं और भोले भाले निरीह आदिवासी एवं भुइयां परिवारों को रुपये-पैसे का लालच देकर धर्म परिवर्तन करा रही है। मिली जानकारी के अनुसार दर्जनों आदिवासी, एवं भुइयां समाज के लोग ईसाई धर्म कबूल चुके हैं। ईसाई धर्म से जुड़े लोग पहले हिंदू समुदाय के गरीब परिवार के लोगों से संपर्क करते हैं और उन्हें तरह-तरह के प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन के लिए तैयार करते हैं। धर्म बदलने को तैयार होने पर उन्हें एक सभा में बुलाया जाता है। इस सभा में चर्च के पादरी द्वारा इसाई धर्म से जुड़ी झूठी और मनगढ़ंत एक से एक बातें बताई जाती है और तमाम तरह के लालच दिये जाते हैं।

इसके बाद सभी उपस्थित लोगों पर पादरी द्वारा पवित्र जल का छिड़काव किया जाता है इसके बाद सभी को ईसाई मान लिया जाता है। इसी प्रकार ईसाई मिशनरियां धर्म परिवर्तन कराती है। इसाई धर्म अपनाने वाले लोगों का फिर नाम भी बदल दिया जाता है। जानकारी के अनुसार बहला फुसलाकर धर्म परिवर्तन कराने पर तीन साल की कैद और बीस हजार जुमार्ना का प्रावधान है जबकि स्वेच्छा से धर्म परिवर्तन करने की सूचना सरकार को नहीं देने पर एक वर्ष की कैद और पांच हजार जुर्माना या दोनों दंड का प्रावधान है।



- रतनपुर पंचायत के ग्राम इरगु एवं तेतरखाड़ टोला में तेजी से पांव पसार रहा धर्मांतरण का खेल
- इसाई मिशनरियां आदिवासी और भुइयां परिवारों को पैसे का लालच देकर कराती है धर्म परिवर्तन

**इन क्षेत्रों में बन चुके हैं चर्च**

पांकी प्रखंड मुख्यालय से लगभग 18 किलोमीटर की दूरी पर बसा है रतनपुर पंचायत का इरगू गांव एवं तेतरखाड़ टोला। यहीं पर चर्च स्थित है और इसी गांव और टोले के दर्जनों आदिवासी एवं भुइयां समाज के लोग ईसाई धर्म अपना चुके हैं। यह क्षेत्र मनिका और पांकी प्रखंड के सिवाने पर स्थित है। मनिका प्रखंड का बरवइया गांव बिल्कुल इस क्षेत्र से सटा हुआ है। यहां भी कुमेरही में चर्च निर्माण की खबर है।

**बीमारी और शैतानी बंधन से मुक्ति मिली : सविता-** इसाई धर्म अपना चुकी सविता देवी पति राहुल उरांव ने बताया की पहले मेरा परिवार बराबर बीमारी एवं भूत प्रेत,शैतान के बंधन से परेशान रहा करता था लेकिन जब से हम इस धरम को अपनाएं है तबसे सबकुछ ठीक ठाक हो गया और ऊन सब चीजों से मुक्ति मिल गया। इस धरम को मानने से मेरा जीवन खुशहाल है।

**जिन्होंने अपनाये इसाई धर्म :** रतनपुर पंचायत के ग्राम इरगू और तेतरखाड़ टोला के लगभग पच्चीस घर के दर्जनाधिक लोग ईसाई बन चुके हैं। जिन लोगों ने इसाई धर्म अपना लिया है उनमें चरण उरांव, किसमतीया देवी, सविता देवी, राहुल उरांव, मुनेश्वर उरांव, अनील उरांव, अनीता देवी, जगरनाथ उरांव, गुदून उरांव, लीलावती देवी, कमलेश उरांव, लाछो देवी, ब्रजेश उरांव,बुधन उरांव, फुलेश उरांव, सविला देवी, रीना देवी, प्रेम भुइयां, रीना देवी, शनिचर भुइयां, सीता देवी, रामदास उरांव सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

**एक वर्ष से सक्रिय हैं इस क्षेत्र में ईसाई मिशनरियां**

### इसाई धर्म अपनाने से जीवन हरा भरा है : चरण उरांव

रतनपुर पंचायत में ईसाई मिशनरियां लगभग एक वर्ष से सक्रिय हैं। ईसाई धर्म अपना चुके इरगु निवासी शिवचरण उरांव ने बताया कि हम लगभग एक वर्ष से ईसाई धर्म अपना चुके हैं और पूरा परिवार चर्च जाते हैं। रविवार को चर्च में जमावड़ा होता है और बुधवार को उपवास। रविवार को धर्म के मानने वाले क्षेत्र के सभी लोग जुटते हैं और पादरी बाइबिल का पाठ पढ़ाता है और गीत गवाया जाता है, परमेश्वर के नाम से यीशु मसीह की प्रार्थना करवायी जाती है। जब संवाददाता ने शिवचरण उरांव से पूछा की सरना धर्म को छोड़कर ईसाई धर्म क्यों अपनाया तो उसने कहा की मेरा परिवार भूत, भतंगड़, शैतानी हरकत, शराब, बीमारी से परेशान था लेकिन जब से हम इस धरम को अपनाएं हैं तब से सब मेरा दुःख दूर हो गया और मेरा परिवार का जीवन हराभरा है।

स्पीड न्यूज

## राहे ओर सोनाहातू में लगेगा मोतियाबिंद जांच शिविर

**सोनाहातू/राहे।** भगवान महावीर आई केयर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर रांची और गूँज परिवार के सौजन्य से 15 दिसंबर गुरुवार को लांदुपडीह हाई स्कूल मैदान में, 16 दिसंबर जामुदाग राधा रानी मंदिर परिसर में, तथा 17 दिसंबर राहे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया है। मोतियाबिंद के मरीजों को रांची के सुप्रसिद्ध हॉस्पिटल मेडिकल में ऑपरेशन किया जाएगा। इसके अलावा सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया है। तीनों जोन में स्वास्थ्य जांच शिविर के लिए प्रभारी नियुक्त किया गया है।

## कुएं में मिला वृद्ध का शव

**मांडर।** प्रखंड के ब्राम्बे गांव के निकट एक कूआं से बुधवार को सुबह एक वृद्ध का शव बरामद किया गया। जिसकी पाचन गांव के ही साठ वर्षीय लदिरा उरांव के रूप में की गई। उसके परिजनों के अनुसार वह मंगलवार की शाम को घर से एक किलोमीटर दूर मंझलाटोली से अपना मवेशी लाने गया था उसके बाद घर वापस नहीं लौटा। अगली सुबह परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। इसी क्रम में कुओं में भी खोजबीन शुरू कर दी गयी। इसी दौरान उक्त कुआं में झागर डालने के दौरान उसका शव बरामद हुआ। परिजनों के अनुसार लदिरा उरांव को मिर्गी की बीमारी थी, लोगों को अंदेशा है कि शायद कुँए के बगल से गुजरने के दौरान उसे दौरा आया होगा और वह वहां गिर गया होगा।

## मुखिया ने किया स्नान घाट निर्माण का शिलान्यास

**सोनाहातू।** प्रखंड के तेलवाडीह पंचायत अन्तर्गत डोमाडीह गांव में 15 वें वित्त आयोग मद से बांध गाड़ा तालाब में स्नान घाट निर्माण कार्य का शिलान्यास मुखिया सरिता देवी ओर पूर्व जिप उपाध्यक्ष चित्तरंजन महतो ने किया। मौके पर आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष श्याम कुमार महतो ,फणीभूषन मुंडा,वार्ड सदस्य शक्तिपद महतो, वार्ड सदस्या जुरानी देवी,पंचायत सचिव सामुएल नाग, अभियंता संदीप कुमार, भिरगू राम महतो, धनंजय महतो, सुबोध चन्द्र महतो, गणेश महतो, करमा महतो,अमर महतो, अनंत राम महतो, बसंत महतो, रामेश्वर महतो,हंसपति महतो, मृत्यंजय महतो,भिमा महतो, कैलाश महतो, जितेंद्र महतो, उमेश कुमार महतो,बिरेंची महतो, महतो,बबलू महतो,वीर सिंह महतो,आदि उपस्थित थे।

## शिवदेव महतो की पुण्य तिथि मनायी गयी

**इटकी।** इटकी क्षेत्र के समाजसेवी स्वर्गीय शिवदेव महतो की बुधवार को नौवीं पुण्य तिथि मनायी गयी। इटकी कोइरी टोला स्थित स्व शिवदेव महतो चौक पर श्रद्धांजलि सभा का अयोजन किया गया और स्वर्गीय शिवदेव महतो के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर गरीब व असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जोहार पार्टी के अध्यक्ष विजय कुमार महतो,पूर्व जिप सदस्य लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव, मुखिया रीता देवी, बिनोद कुमार सिन्हा,देवेंद्र महतो,राजकुमार तिर्की,पंचम महतो,आनंद महतो, नंदलाल महतो, शंकर महतो सहित स्व महतो के परिजन व अन्य शामिल थे।

## सीसीएल रणनीति के शिकार हो रहे है ग्रामीण

**खलारी।** सीसीएल के पूर्व में संचालित भूमिगत खदान के लिए करकट्टा में पंखा घर बनाया गया था। भूमिगत खदान बंद हो जाने के बाद बिना ओपेन माइनिंग शरू किया गया। बिना भूमिगत खदान का मुहाना बंद किए ओपेन माइनिंग शरू किया गया। बिना नक्शा के अपने हिसाब से आउटसोर्सिंग कंपनी के द्वारा खुदाई किया गया। रैयत,प्रभावित, विस्थापित को बिना उचित व्यवस्था किये बिना ही लहकती खदान में छोड़ दिया गया। जिस कारण जगह जगह अवैध माइनिंग होने लगी। अवैध माइनिंग के साथ पूर्व के भूमिगत खदान का मुहाना भी खुल गया। जिससे अब रासायनिक गैस ऑक्सीजन गैस के संपर्क में आने से करकट्टा,तुमांग, विश्रमपुर के गांव तोला के साथ नावाडीह के वन भूमि से रासायनिक गैस उठने लगी है।

# बीडीओ ने किया बेड़ो के करकरी पंचायत का निरीक्षण,दिये कई दिशा -निर्देश

173 योजनाओं में से हर एक योजना पर बीडीओ ने दियें कई दिशा निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो के बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार ने बुधवार को करकरी पंचायत का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मनरेगा, पीएम आवास और 15वें वित्त से संबंधित विभिन्न योजनाओं के अभिलेख की जांच की गई। वहीं जांच के क्रम में बीडीओ ने तीन स्टेज के फोटोग्राफ सहित अन्य कमी को दूर करने का निर्देश दिया। इधर आवास की 41 योजनाओं की जांच की गई। वहीं मनरेगा के तहत पंचायत में संचालित 173 योजनाओं में से हर एक योजना पर बीडीओ ने कई दिशा निर्देश दिया। साथ ही योजनाओं को समय पर पूर्ण करने को लेकर एई,जेई,पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक को सख्त हिदायत दिया। इधर पंचायत भवन की जर्जर स्थिति पर बीडीओ ने दूसरे भवन निर्माण की बात कही। इस दौरान आवास योजना के तहत एक दर्जन आवास का भौतिक निरीक्षण कर बीडीओ ने लाभुकों को समय पर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस क्रम में 15 वें वित्त के कई योजनाओं की स्थल एवं गुणवत्ता की जांच की गई। करकरी पंचायत स्थित एक पीडीएस दुकान का निरीक्षण कर संचालक से कई जानकारी ली गई। इस दौरान निमार्णाधीन आंगन बाड़ी केंद्र व नाली सहित अन्य योजनाओं का निरीक्षण किया गया। मनरेगा के तहत सिंचाई कूप सहित विभिन्न योजनाओं का भौतिक निरीक्षण किया गया। मनरेगा के तहत भैंसादोन ग्राम में निर्मित बबलू साहू और रूपन देवी के कूप से लगभग 15 एकड़ भूमि में किसानों द्वारा खेती किए जाने पर बीडीओ ने खुशी जाहिर किया।



निरीक्षण करते प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार।

### मौके पर मौजूद लोग

वहीं मौके पर आपूर्ति पदाधिकारी अवनि कुमार झा,फारूक नदीम,नाजिर विजय यादव,पुरुषोत्तम भाई पटेल,जेई अभय आशीष , पंचायत सचिव सनीका नाग, हबीब अंसारी,पंचायत समिति सदस्य मकबूल अंसारी,आदित्य कुमार शाही, मोहम्मद आलम,भूषण कुमार साहू,कृष्ण कुमार व प्रकाश साहू आदि मौजूद थे।

# रातू के सिमलिया पहुंचे क्रिकेटर ईशान किशन

## डेवलपर्स कंपनी की भूमि पूजन में हुए शामिल



शिलान्यास से पूर्व ईशान किशन।

नारियल फोड़ किया शिलान्यास

प्रबंधन ने किया जोरदार स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी ईशान किशन बुधवार को की शाम सिमलिया पहुंचे। वह नयाटोली में शगुन ईशान इंफ्रा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के भूमि पूजन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुये। उन्होंने नारियल फोड़कर कंपनी के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। वहीं, भगवान सत्यनारायण की आरती करने पश्चात प्रसाद भी ग्रहण किये। इस दौरान उन्होंने कंपनी के लोगों से बात की एवं बिल्डिंग से जुड़ी जानकारी ली । ईशान किशन ने प्रशंसकों के साथ फोटो भी खिंचवायी। इससे पूर्व प्रबंधन की ओर से श्री किशन का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## सड़क पर घायल पड़ा था भाई पहचान न सका, हो गयी मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** एनएच-20 पथ फोरलेन पर मंगलवार को हुई सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत हो गई। उसकी पहचान थाना क्षेत्र के पिपराबंडा निवासी फुलचंद मुंडा का बेटा सोनू मुंडा 17 वर्ष के रूप में हुई। घटना रात 7:30 बजे के करीब हुई थी। दुर्घटना के ठिक बाद उसका बड़ा भाई सन्नी मुंडा भी घटना स्थल पहुंचा था। वह अपने घायल भाई सोनू मुंडा को खून से लथपथ सड़क पर पड़ा देखा भी, लेकिन वह उसे पहचान नही शका और चला गया। उसने ही कुछ लोगों को घटना की जानकारी भी दी। स्थानीय लोगों के साथ पुलिस भी घटना स्थल पहुंची। लेकिन किसी ने उसकी के पहचान नही कर सकी। देर रात पुलिस ने युवक का पता लगाया और उसके घर में फोन कर घटना की जानकारी दी। जिसके बाद उसके भाई सन्नी मुंडा को जानकारी हुई कि सड़क में घायल पड़ा उसका भाई ही था। इसकी जानकरी खूद मृतक का भाई सन्नी मुंडा ने दी। बताया गया कि सोनू मुंडा ओरमांझी स्थित एक दुकान में काम करता था। वह किसी काम से ब्लॉक चैक की ओर गया था। तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। घटना को लेकर लोगों द्वारा दुख जताया गया है।



मृतक सोनू मुंडा का फाइल फोटो

# डीसी सिल्ली पहुंचे, विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा बुधवार को सिल्ली पहुंचे। उन्होंने सिल्ली में चल रहे कई सरकारी योजनाओं का निरीक्षण किया। मनरेगा के आम बगान, हलमाद के वैलनेस सेंटर, जेएसलपीएस द्वारा गाझा में महिला समिति द्वारा चलाये जा रहे साबुन निर्माण उद्योग समेत अन्य कई योजनाओ का निरीक्षण किया। समिति के महिलाओं को उद्योग बढ़ाने एवं अधिक मुनाफा कमाने के तरीके बाये। डीसी ने सिल्ली स्टेडियम में भी राजकीय मानभूम छौ नृत्य कला केंद्र का भी निरीक्षण किया। प्रशिक्षक सुनील कुमार सिंह से कलाकेंद्र की जानकारी ली। छौ नृत्य के कलाकारों ने भी डीसी के समक्ष नृत्य की प्रस्तुति की। इस दौरान उपायुक्त सिल्ली स्टेडियम में विरसा मुंडा तीरंदाजी केंद्र के तीरंदाजों, खेलो इंडिया के खिलाड़ी एवं वुशू खिलाड़ियों से मिले। डीसी ने तीरंदाजी के अभ्यास को भी देखा। कोच प्रकाश राम ने तीरंदाजी केंद्र की विस्तृत जानकारी दी। डीसी ने खिलाड़ियों से बात करते हुए कहा कि निरन्तर मिहनत से सफलता मिलती है। मेहनत कभी बेकार नहीं जाती है। उन्होंने खिलाड़ियों के उपलब्धियों की सराहना की। इस मौके पर बीडीओ पावन आशीष लकडा, सीओ धर्मेंद्र दुबे, जेएसएलपीएस के बीपीएम जोवाकिम कंडीर, थाना प्रभारी आकाश दीप, मुरी ओपी प्रभारी बबलू सिंह, शिशिर महतो समेत काफी संख्या खिलाड़ी मौजूद थे।



छऊ कलाकारों के साथ उपायुक्त राहुल कुमार

एक नजर में

## जिप सदस्य ने किया कंबल का वितरण



**इटकी।** जिप सदस्य रीना देवी व इटकी पूर्वी पंचायत समिति सदस्य गजाला फिरदौस ने बुधवार को इटकी मौसी बाड़ी में असहाय व जरूरतमंदों के बीच संयुक्त रूप से कंबल का वितरण किया। इससे पूर्व जिप सदस्य ने शमीमाबाद मुहल्ले का निरीक्षण किया। इस दौरान मुहल्ले वालों ने जिप सदस्य रीना देवी को नाली निकासी से हो रही परेशानी से अवगत कराया। मौके पर जिप सदस्य रीना देवी ने अधिकारियों से वार्ता कर जन समस्याओं के निराकरण किये जाने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व पंचायत समिति सदस्य गजाला फिरदौस ने जिप सदस्य रीना देवी का शॉल ओढ़ाकर कर व बुके देकर स्वागत किया। मौके पर ह्यूमन राइट्स के आरिफ रजा, संजय गोप, टिक्कू अबुमाज, अल्ताफ आलम, रिजवान, फैजान, सैफुल्लाह व मेराज सहित अन्य मौजूद थे।

## बीडीओ ने किया योजनाओं का निरीक्षण



**राहे।** बीडीओ हारून रशीद ने बुधवार को प्रखंड के नावाडीह पंचायत के अंतर्गत बासाहातू ओर पारमडीह गांव में योजनाओं का निरीक्षण किये। इस दौरान इन्होंने मनरेगा योजना के बागवानी ओर मनरेगा पार्क का निरीक्षण किये साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना का निरीक्षण किये। निरीक्षण के दौरान लाभुकों को योजना से संबंधित आवश्यक जानकारी दिये। इस संबंध में बीडीओ कहा कि 28 दिसंबर को रांची डीसी का राहे प्रखंड में दौरा होना है। उसी को लेकर हर पंचायत में योजनाओं का निरीक्षण कर दुरुस्त किया जा रहा है।

## कांग्रेस जवाहर बाल मंच के को-ऑर्डिनेटर बने नौशाद आलम



**रातू।** प्रखंड के बानापीड़ी निवासी नौशाद आलम भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस जवाहर बाल मंच ग्रामीण जिला चीफ को-ऑर्डिनेटर बनाये गये हैं। इसके लिये श्री आलम ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व सोनिया गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल, राष्ट्रीय चेयरमैन डॉ जीबी हरी, राष्ट्रीय को-ऑर्डिनेटर और झारखंड इंचार्ज तैय्यब शाहिद, झारखंड राज्य चीफ को-ऑर्डिनेटर एस तारिक अनवर, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी के प्रति आभार जताया है। श्री आलम ने कहा कि मंच बच्चों के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। श्री आलम को बधाई देने वालों में आलोक कुमार दुबे, अजय नाथ शहदेव, विनय सिन्हा दीपू, पृथ्वीनाथ शहदेव, शमीम अली, जियाउद्दीन अंसारी, रमजान अंसारी, रहमतुल्लाह अंसारी, कमरूल हक, अंजुम खान, बुधनाथ उरांव, रंजीत उरांव, आफताब आलम, अतुल राज, अकलीमा खातून, नसीम अख्तर, बिंदेश्वर लोहरा व भरत हजाम आदि मौजूद थें।

# विधायक ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की रखी आधारशिला

खबर मन्त्र संवाददाता

**तमाड।** स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडा ने बुधवार को जेगो मोड़ सारजमडीह में अस्पताल भवन निर्माण की आधारशिला रखी। जिला परिषद मद से 15 वें वित्त आयोग ( स्वास्थ्य) निधि अंतर्गत अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण एक करोड़ 40 लाख 70 हजार रुपैया की लागत से कराया जाएगा। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक विकास मुंडा ने कहा कि लोगों को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो इसी को लेकर इस अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है। इससे पहले पडरानी गांव में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराया गया था। जिसकी भवन काफी जर्जर हो चुकी थी। ग्रामीणों की ओर से लगातार नया भवन बनाने की मांग हो रही थी। इसीलिए जेगो मोड़ सारजमडीह में सरकारी जमीन पर 3 एकड़ के क्षेत्रफल पर अस्पताल का निर्माण कराया जाएगा। यह अस्पताल पूरे प्रखंड का सर्वश्रेष्ठ अस्पताल साबित होगा। इस अस्पताल से बेहतर तरीके से लोगो को लाभ मिल सके इसके लिए में तत्पर रहूंगा। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि कुमार महेंद्र नाथ शहदेव, जिला परिषद सदस्य सदस्य दिलीप सेठ समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



## मारपीट के विरोध में हल्का कर्मचारियों ने काला बिल्ला लगाकर किया काम



**पिठोरिया।** कांके अंचल के हल्का कर्मचारी के साथ मारपीट का मामला अब तूल पकड़ते जा रहा है ।हल्का कर्मचारी जय वीर भगत के साथ मारपीट के आरोपी कांग्रेसी नेता एनुल हक अंसारी और पूर्व मुखिया सोमरा मुंडा की गिरफ्तारी की मांग की जा रही है ।जिले के सभी अंचल के हल्का कर्मचारी और सीआई एकजुट हो चुके हैं। मंगलवार को रांची डीसी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपने के बाद बुधवार को रांची जिले के सभी अंचल के हल्का कर्मचारियों और सीआई ने काला बिल्ला लगाकर कार्य किया, और विरोध प्रकट किया। झारखंड राज्य राजस्व निरीक्षक संघ का प्रतिनिधिमडल ने मंगलवार को उपायुक्त राहुल सिन्हा से मुलाकात की थी। संघ ने कहा कि अंचल के हल्का कर्मचारी के साथ मारपीट और दुर्व्यवहार के मामले को लेकर डीसी को ज्ञापन सौंपा। और आरोपी एनुल हक अंसारी और सुमरा उरांव को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार करने की मांग की है ।संघ ने चेतावनी दी है कि आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर रांची जिला राजस्व उप निरीक्षक संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

## बुरु पर्व के उपलक्ष मे फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन



**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र के लूंगटू मे बुरु पर्व के उपलक्ष में विराट एक दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया।प्रतियोगिता में कुल आठ नामी गिरामी फुटबाल टिमो ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अतिथि के रूप समाजसेवी हीरालाल दास,पूर्व मुखिया दमयंती देवी,मुखिया प्रतिनिधि जागरण मुंडा उपस्थित थे। आयोजन को सफल बनाने में लुंगटू मुखिया विश्व भुषण सिंह मुंडा, अमर दीप पुराण, झरी राम पुराण, सुधीर पुराण,कृष्ण मोहन मुंडा,संदीप कुमार मांझी का सराहनीय भूमिकाएं थी।

# लगातार 22वे दिन जारी रहा विस्थापित एकता मंच का अनिश्चितकालीन धरना

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** क्षेत्र के जेहली टांड़ धरना स्थल में विस्थापित प्रभावित एकता मंच की धरना को गति देने के लिए नया अध्यक्ष बनाकर बुधवार को एक बैठक की गई। जिसमे नए अध्यक्ष मंच का विस्तार करने के लिये अथवा प्रभावित विस्थापित को हक दिलाने को लेकर रैयत देवलाल गंझू मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में बड़की टांड विश्रामपुर संयोजक जिला परिषद पश्चिमी सरस्वती देवी, मंच का संचालन इम्तियाज अंसारी द्वारा किया गया। धरना 22 दिन से चल रहे धरने और प्रबंधक के उदासीन रवैया पर चर्चा किया गया। चर्चा में आगे की रणनीति पर विचार किया गया। मौके पर पूर्व मुखिया निर्मला उरांव, उप मुखिया बुकबुका नीलम मींज, खलारी पंचायत समिति किरण देवी, प्रतिमा इक्का, मंगरी देवी,पार्वती देवी, अदकली देवी, चंद्रावती देवी ललन सिंह, अनिल प्रसाद, कमलेश महली, शिबू महली, साबिर अंसारी, मोनू सिंह, बबलू सिंह, चामू तूरी, रोशन लाल, तस्लीम अंसारी, टिंकू लोहरा, उमेश तूरी, जोगेश्वर राम सहित अन्य शामिल थे।



## आदिवासी कांग्रेस कमेटी जिला महासचिव का हुआ स्वागत



**कांके।** रांची जिला आदिवासी कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव छोटू मुंडा का ग्राम चेड़ी सोसो और उलातू कांके में कार्यकताओं ने भव्य तरीके से स्वागत किया और इस आदिवासी नेता के प्रति कार्यकताओं ने पूर्ण समर्थन देते हुए आशा जताई कि छोटू मुंडा से आदिवासी समाज का कल्याण होगा और निस्वार्थ भाव से आदिवासी हित में छोटू मुंडा काम करेंगे। आदिवासी कांग्रेस के जिला महासचिव छोटू मुंडा के महासचिव व भव्य स्वागत पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकान्त सहाय प्रदेश महासचिव सुरेश कुमार बैठा रांची महानगर कांग्रेस के पूर्व महासचिव महेश कुमार मनीष बबुआ मुंडा योगेंद्र उरांव जमील अख्तर ने बधाई दी है और कहा है कि छोटू मुंडा के आदिवासी कांग्रेस कमेटी का महासचिव बनने से रांची जिला में आदिवासी हितों के कार्य होंगे और आदिवासियों की आवाज को बुलंद करेंगे। इसलिए छोटू मुंडा संगठन को गांव-गांव में मजबूती प्रदान करने को लेकर गांव गांव का दौरा कर आदिवासियों को एकजुट करने में लगे हैं।

# सभी मिलजुल कर रहेंगे तब गांव की व्यवस्था मजबूत होगी : जयंत बारला

लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध डुगडुगिया टोंगरी में हड़बोरी पुस जतरा के दौरान आदिवासी परंपरा का निर्वहन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच झूम उठे लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के प्रसिद्ध सापुकेरा दुगडुगिया टोंगरी में हड़बोरी पुस जतरा के दौरान आदिवासियों की परम्परा और संस्कृति जीवंत हो उठी। सापुकेरा के लेन्दा पहान और सिंघा मुंडा ने जतरा खूंटा पर लाल रंग के मुर्गे की बलि और हड़िया का तपावन देकर पारंपरिक रीति रिवाज के साथ पूजा अर्चना कर जतरा का शुभारंभ किया गया। जतरा कार्यक्रम के दौरान धनिया बरला ने अगुवाई करते हुए चटकपुर, गटेयाटोली तथा पुतरीटोली के खोड़हा नृत्य दलों का स्वागत किया। ढोल नगाड़ा और गाजा बाजा तथा झंडा के साथ पारंपरिक वेशभूषा में खोड़हा नृत्य दल नाचते गाते झूमते दुगडुगिया टोंगरी सापुकेरा पहुंची। यहां आदिवासियों ने नगाड़ों की थाप पर अद्भुत नृत्य और संगीत से लोगों को बांधे रखा। इसके पूर्व आदिवासियों ने अपने पुरखों को याद किया और अपनी संस्कृति और रीति रिवाज को बचाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान एक साल के अंदर आदिवासी परिवार में मृत लोगों की अस्थि को चुनकर कलश में रखा और चार अलग अलग गांवो की कुंडी में विसर्जित किया। मौके पर पारंपरिक रूप से पुरखों के नाम पर पानी भी दिया गया। आदिवासियों की अद्भुत परंपरा का निर्वहन किया गया। इस मौके पर गांव के महतो परिवार के सदस्य तथा कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष जयंत बरला ने कहा कि जतरा हमारी सांस्कृतिक धरोहर है इसे बचाए रखने के लिए आदिवासियों और मूल वासियों को एकजुट होकर रखना होगा। गांव में जब सभी मिलजुल कर रहेंगे तब गांव की व्यवस्था मजबूत होगी। कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली ने लोगों को शुभकामनाएं दी और कहा कि जितनी मदद होगी हम लोग मिलकर जरूर करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में चमरु पाहन, पुजार फगुआ मुंडा, तोता मुंडा, लालु मुंडा, सुना उरांव, जयराम मुंडा, बिखलु मुंडा, पास्कल मुंडा गटेया टोली के पाहन जेना मुंडा उर्फ डोम्बा मुंडा, मंगु मुंडा, रिझा मुंडा, सोमा मुंडा, रोम्बा मुंडा, ममता बरला, चटकपुर के टीम लीडर बलारी मुंडा, पाहन जीतु मुंडा, बलि मुंडा सहित कई लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान डुगडुगिया टोंगरी में जतरा के दौरान ईख, मिठाईयां और खिलौने आकर्षण का केंद्र रहे।



जतरा के दौरान नृत्य करते आदिवासियों का खोड़हा नृत्य दल।

## विधायक ने किया स्वास्थ्य उपकेन्द्र का शिलान्यास



**चान्हों।** चान्हो प्रखंड अंतर्गत चामा पंचायत मे बुधवार को स्वास्थ्य उपकेन्द्र का शिलान्यास स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के हाथों किया गया। इस अवसर पर प्रमुख होलिका देवी, मुखिया विश्वनाथ भगत, पंचायत समिति सदस्य सुनिता मुंडा, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधी एहसान सामिल हुए। यहां पर डॉक्टरों के बैठने से आम - जन को काफी सुविधा होगी। संवेदक ने बतायाएकावान लाख रुपए की लागत से बनने वाली इस बिल्डिंग में स्वास्थ्य की सभी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। मौके पर कांग्रेस पार्टी चान्हो प्रखंड अध्यक्ष इस्तियाक अंसारी, पंसस सुनिता मुण्डा, मो. गयास, जियाउल रहमान, बुधराम भगत, एहसान अंसारी, अनील उरांव, प्रखंड अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष मंजूर अंसारी, इरशाद खान, कोषाध्यक्ष अब्दुल्ला अंसारी, पंचायत अध्यक्ष बुधराम उरांव, विधायक प्रतिनिधी अलीहसन अंसारी, पंचायत उप मुखिया सुरजदेव मुंडा, वार्ड सदस्य फूलकुमारी देवी, सुकू उरांव, अनिल उरांव, पाहन राजकुमार मुंडा सहित एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# आधी आबादी की बात

विधानसभा चुनावों में राज्यों की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, लेकिन उनकी सक्रियता व संख्या के आधार पर उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया। दरअसल, महिला उम्मीदवारों को टिकट देने के मामले में सियासी पार्टियां उदार नजर नहीं आती। हिमाचल के 68 विधानसभा क्षेत्रों में से 42 सीटों पर महिला वोटरों की संख्या अधिक है, इसके बावजूद एक ही प्रत्याशी जीत दर्ज करा पाई। इस चुनाव में कुल 34 महिला उम्मीदवार मैदान में थीं। यहां तक कि राज्य में सरकार बनाने की तैयारी में जुटी कांग्रेस ने जिन तीन महिलाओं को टिकट दिये थे, उनमें से कोई भी जीतने में सफल नहीं हो पायी। आप की तमाम प्रत्याशियों की जमानत जब्त हुई। वहीं भाजपा ने पूर्व विधायकों की पत्नी समेत पांच महिलाओं को मैदान में उतारा था जिसमें केवल एक ही प्रत्याशी जीत पायी। इसे विडंबना ही कहा जायेगा कि 1967 के बाद सिर्फ 42 महिलाएं ही राज्य की विधानसभा की दहलीज तक पहुंच पायी हैं। वहीं दूसरी ओर गुजरात में विभिन्न राजनीतिक दलों ने 40 महिला उम्मीदवारों को चुनावी समर में उतारा था। भाजपा को महिलाओं ने दिल खोलकर वोट दिये। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में 17 महिला प्रत्याशियों को उतारा था, जिनमें से 14 महिलाएं विधानसभा पहुंचने में कामयाब रहीं। वहीं एक सीट कांग्रेस की महिला प्रत्याशी ने जीती। लेकिन इसके बावजूद महिला मतदाताओं की संख्या के अनुपात में उन्हें न्यायसंगत प्रतिनिधित्व नहीं मिला। दरअसल, जहां राजनीतिक दल महिला प्रत्याशियों को पर्याप्त संख्या में प्रतिनिधित्व नहीं देते, वहीं आम वोटर भी इस दिशा में गंभीर नजर नहीं आता। कथनी और करनी में अंतर से जिस प्रकार लोकतंत्र कमजोर हो रहा है उसकी भरपाई वर्तमान संदर्भ और समय में संभव नहीं है।

# सबसे आगे लेकिन...

जुलाई-सितंबर की दूसरी तिमाही में भले ही देश की जीडीपी दर 6.3 फीसदी रही हो, इसके बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। हालांकि, विकास दर मौद्रिक नीति समिति के अनुमानों से मेल खाती है, लेकिन यह पिछले वर्ष इसी अवधि में सामने आई 8.4 की वृद्धि से कम है। कह सकते हैं कि पिछले वर्ष में वृद्धि उस समय दर्ज की गई जब अर्थव्यवस्था कोरोना संकट से तेजी से उबर रही थी। अब यह गति अपने मूल स्वरूप में लौट रही है। एनएसओ की हालिया घोषित विकास दर चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में आई 13.5 फीसदी दर से कम है मगर स्वीकार करना चाहिए कि अर्थव्यवस्था संकुचन के नकारात्मक प्रभावों के चपेट में आई है। वैश्विक स्थिति से हम प्रभावित हुए हैं। लेकिन हमारी बड़ी चिंता विनिर्माण और खनन क्षेत्र में आई गिरावट होनी चाहिए। दरअसल, विनिर्माण के क्षेत्र में 4.3 फीसदी तथा खनन में 2.8 फीसदी का संकुचन देखा गया है। निस्संदेह विनिर्माण क्षेत्र में गिरावट नीति-नियंताओं की गंभीर चिंता का कारण होना चाहिए क्योंकि यह रोजगार सृजन का प्रमुख क्षेत्र भी है और देश की खपत को प्रभावित करता है। यही वजह है कि विनिर्माण क्षेत्र में संकुचन, उच्च मुद्रास्फीति और बढ़ते व्यापार घाटे ने देश की अर्थव्यवस्था के परिदृश्य में चिंता उत्पन्न की है। दरअसल, देश की औद्योगिक विकास दर पिछले छह साल से लगातार संकुचित होती रही है। हम घरेलू उत्पाद को प्राथमिकता देने के बजाय चीनी आयात पर निर्भर होते जा रहे हैं। इस साल के पहले नौ महीनों में चीन के साथ व्यापार घाटा 76 अरब डालर होना चिंता की बात है। सही मायनों में देश की औद्योगिक नीति की नये सिरे से समीक्षा रोजगार सृजन के लिये आवश्यक है।

# तुष्टीकरण और प्रलोभन पर गुजरात का प्रहार

आम आदमी पार्टी (आप) का जन्म अन्ना हजारे के आंदोलन से हुआ था। इसने अलग ढंग की राजनीति शुरू करने का दावा किया था। कांग्रेस के साथ सरकार न बनाने की कसम खाई थी। लेकिन दिल्ली में कांग्रेस के सहयोग से पहली बार सरकार बनाई । अपने को छोड़ कर सभी पार्टियों के नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। फिर विपक्ष के उन्हीं नेताओं के साथ मंच पर एकता का प्रदर्शन करने लगी। नितिन गडकरी ने मानहानि का दावा ठोंका, तो एक एक-कर सभी से माफी मांग ली। कांग्रेस के साथ सहयोग से आप सरकार ज्यादा नहीं चली, लेकिन अरविंद केजरीवाल ने इस अल्प समय में उसके सारे दांव पेंच सीख लिए। इसमें तुष्टीकरण का दांव इन्हें खूब पसन्द आया इसमें मुफ्त रेवड़ी जोड़ दी। दुकान चल निकली। इस प्रतिस्पर्धा में कांग्रेस के अस्तित्व पर बन आई। दिल्ली में कांग्रेस का वोट आप के साथ हो गया।

राहुल गांधी की यात्रा का प्रतिकूल प्रभाव हुआ। दूसरी तरफ गुजरात विधानसभा चुनाव में भाजपा ने विकास और विचार को प्रमुख मुद्दा बनाया। इन्हीं मुद्दों के बल पर तीन दशकों से भाजपा को वहां सफलता मिल रही है। नरेन्द्र मोदी, अमित शाह, योगी आदित्यनाथ, राजनाथ सिंह आदि ने चुनावी सभाओं में इन्हीं मुद्दों को उठाया। भाजपा नेताओं ने परम्परागत वैचारिक मुद्दों के साथ ही विकास और सुशासन के विषय उठाए। यह दिखाने का प्रयास किया गया कि भाजपा अन्य पार्टियों से अलग है।

लेकिन इनकी असलियत अब सामने आ चुकी है। गुजरात में भाजपा पूरी तरह औरों से अलग दिखाई दे रही है। उसके मुद्दे भी अलग हैं। इसमें विकास और सुशासन की प्रबल दावेदारी है। तीन दशकों तक भाजपा ने यहां विकास के मॉडल पर ही जनता का विश्वास कायम रखा है। भाजपा समान नागरिक संहिता पर अडिग है। भाजपा के अस्तित्व में आने के बाद से ही समान नागरिक संहिता, कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाना एजेंडा रहा है। पहले गुजरात में आए दिन दंगे होते थे। आतंकी गतिविधियां हुईं। इन आतंकी गतिविधियों को पालने का काम कांग्रेस कर रही थी। आज आतंकवादी या उनके नेता गुजरात या देश की ओर आंख उठाने की भी हिम्मत नहीं करते। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर को वापस लेना संसद का संकल्प है। वहां के लोग पाकिस्तान के खिलाफ हैं।





- डॉ दिलीप

> गुजरात विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तुलना रावण से करना भी कांग्रेस के लिए भारी पड़ गया। स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी के संबंध में अपशब्दों का प्रयोग करना अनुचित है। जिस प्रकार के अपशब्दों का प्रयोग कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री के लिए किया है वह उनकी मानसिकता ही नहीं, बल्कि पूरी कांग्रेस की मानसिकता का परिणाम है।

गुजरात विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तुलना रावण से करना भी कांग्रेस के लिए भारी पड़ गया। स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी के संबंध में अपशब्दों का प्रयोग करना अनुचित है। जिस प्रकार के अपशब्दों का प्रयोग कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री के लिए किया है वह उनकी मानसिकता ही नहीं, बल्कि पूरी कांग्रेस की मानसिकता का परिणाम है। कांग्रेस की कथनी और करनी में अंतर बताते हुए कहा कि अगर कांग्रेस ने जो कहा, वह किया होता तो भारत आज दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश होता। भाजपा जो कहती है वह करती है, इसीलिए देश की जनता भाजपा पर भरोसा करती है। भाजपा ने ध्रुवीकरण की राजनीति कभी नहीं की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकास पर जन संवाद किया है। उन्होंने आदिवासी समाज और उनके विस्तार वाले क्षेत्रों में किए गए कामों को भी गिनाया। देश की प्रथम आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनने से रोकने के लिए कांग्रेस की आलोचना की। कांग्रेस ने आदिवासी का सम्मान नहीं किया, लेकिन उन्होंने आदिवासी समाज के प्रेरणास्त्रोत गोविंद गुरु आदि के सम्मान के लिए काम किए। बिरसा मुंडा की जयंती पर देश में जनजाति गौरव दिवस के रूप मनाने का निर्णय किया। अंग्रेज के जमाने से आदिवासियों को वन में बांस की खेती करने से रोका जाता था। उन्होंने इस कानून को खत्म कराया, जिससे आदिवासी वनों में बांस की खेती कर आय अर्जित करने में सफल हुए हैं। सरकार ने आदिवासी क्षेत्रों में जनधन के साथ ही वन धन अकाउंट खुलवाए। इससे जंगलें में पैदा होने वाली नब्बे चीजों को सरकार अधिकतम मूल्य देकर खरीदती है। कांग्रेस के लोग ठेकेदारी करते थे, भाजपा के लोग सेवा करते हैं। भाजपा का संकल्प पत्र व्यापक और सर्वस्पर्शी है, जो गुजरात को विकसित होने की दिशा में आगे लेकर बढ़ता दिखाई दे रहा है। उन्होंने लोगों से कहा कि संकल्प पत्र इतना स्पष्ट है कि इससे भाजपा और भी अधिक मतों से जीतने जा रही है। 75 साल तक कांग्रेस को यह नहीं सूझा कि डॉक्टर और इंजीनियरिंग की पढ़ाई भी देश की मातृभाषा में होनी चाहिए। इस पर काम करना शुरू कर दिया है। अधिकारियों को दौड़ाना शुरू किया है, वहीं भ्रष्टाचार को बिल्कुल बंद कराया है। पहले सरकार तय करती थी कि लोगों का घर कैसा होना चाहिए, लेकिन अब जिसे घर में रहना है, वह तय करता है कि उसका घर कैसा होगा। अब तक देश में इस योजना के तहत तीन करोड़ घर बन गए, जो फुटपाथ और झोपड़ी में रहते थे, उनका घर बना है। गुजरात में दस लाख पक्के मकान बन गए। सात लाख लोगों ने दिवाली अपने घर में मनाई। आदिवासी पट्टे में दस हजार घर बन गए। देश में इतनी बड़ी महामारी आई थी। सरकार ने गरीब के घर का चूल्हा नहीं बुझने दिया। कोई बच्चा भूखा नहीं सोए यह चिंता की। तीन साल से अस्सी करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज पहुंचाया गया। भरुच में साढ़े आठ लोगों के घर में चूल्हा नहीं बुझने दिया।

इसके बाद वैक्सीन की व्यवस्था की और लोगों की जिंदगी बचाई। भाजपा सरकार ने एक साथ पूरे देश में वैक्सीन पहुंचाई। दुनिया बदल रही है, लोगों को बुनियादी सुविधाओं के साथ अब मोबाइल चाहिए। इसलिए केन्द्र सरकार डिजिटल इंडिया के मिशन को लेकर चली है। इसका उद्देश्य सभी को डिजिटल माध्यम में सशक्त बनाना है। भारत में मोबाइल डेटा दुनिया के देशों से सस्ता है। इसके कारण लोगों को बड़ी मात्रा में रोजगार मिल रहे हैं। देश में चार लाख कॉमन सेंटर इसका उदाहरण है। मोबाइल का उपयोग चिकित्सा के क्षेत्र में होने लगा है। लोग मोबाइल के जरिए शहरों के बड़े चिकित्सकों से घर बैठे इलाज करा रहे हैं। मोदी ने कहा कि अब तो 5जी आ गया है। 4जी और 5जी का अंतर एक साइकिल तो दूसरा विमान के समान है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## खास बात

# वक्त का हिसाब

**अरुणेंद्र नाथ वर्मा**

**अपने** समय की लोकप्रिय फिल्म वक्त के एक विख्यात गीत में साहिर लुधियानवी ने भी बड़ी गंभीरता से समझाया था- आदमी को चाहिए वक्त से डर कर रहे, कौन जाने किस घड़ी वक्त का बदले मिजाज। ऐसी सीखें हम भारतीयों के मन में इस रूप में घर कर गईं कि होनी होकर रहेगी।

पिछले दिनों देश के विभिन्न भागों में रेल के चक्के चार घंटों तक जाम कर दिए, लेकिन तमाम क्षेत्रीय रेल सेवाओं ने आधिकारिक रूप से घोषणा की कि इस अभियान से रेल सेवाओं पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पडा। पड़ता भी कैसे, रेलगाड़ियां चार क्या चौदह घंटे की देरी से भी चलें, रेल प्रशासन और यात्रियों का ध्यान केवल कुछ ह्यउच्च श्रेणी की राजधानी, शताब्दी या वंदे भारत जैसी गाड़ियों के समय से चलने पर केंद्रित रहता है। मुझे याद है वह दिन, जब पटना से कानपुर आने वाली महानंदा एक्सप्रेस के छह घंटे देर से आने की सूचना फोन पर मिल गई थी, लेकिन स्टेशन पहुंचने के बाद घोषणाएं होती रहीं और देरी छह से आठ, आठ से दस और दस से बारह घंटों में बदलती रही। मैंने जब भुनभुना कर अपनी भड़ास निकाली तो स्थानीय लोगों ने शांत स्वर में इसे मेरी मूर्खता घोषित कर दिया और कहा कि ह्यसब जानते हैं यह ट्रेन महागंदा एक्सप्रेस के नाम से कुख्यात है। इसे आपने चुना ही क्यों! हमारी सड़कों पर किसी न किसी कानून से क्षुब्ध लोग आए दिन प्रदर्शन और जुलूस के नाम पर चक्का जाम कर देते हैं।

उसके बिना भी बंगलुरु, दिल्ली आदि महानगरों में सड़कों पर कब कितना जाम लग जाएगा, कोई नहीं जानता। रेलवे स्टेशन, एअरपोर्ट आदि जाने के लिए लोग घंटों पहले घर से निकलते हैं और फिर भी आश्वस्त नहीं हो पाते कि समय से पहुंच पाएंगे।

इसी स्थिति का फायदा उठा कर दफ्तरों में देर से आने वाले कर्मचारी सारा इल्जाम यातायात की कठिनाइयों पर थोप पाते हैं। सरकारी दफ्तरों में और निजी संस्थाओं के दफ्तरों में इन बहानों का अलग-अलग तरीके से इलाज किया जाता है। खासतौर पर यह वहां आसानी से संभव हो पाता है, जहां उच्च अधिकारी खुद समय की पाबंदी में विश्वास रखते हों और सही मिसाल सामने रखते हों।

# पुत्र बने भगवान

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**सीता** हरण के बाद राम ने रास्ते में रक्त देखकर कहा लक्ष्मण लगता है कि लड़ाई भी हुई है क्योंकि खून नजर आ रहा है। आगे बढ़ने पर मांस के टुकड़ें भी नजर आ रहें हैं। फिर आगे जाने पर गिद्धराज जटायु घायल गिरे हुए मिले। श्रीराम ने कहा आपकी यह दशा। जटायु ने कहा रावण ने यह दशा कर दिया है। वह अक्सर ही इघर आता था। जब आज आपलोगों के निवास के निकट जा रहा था तब मैं सचेत हो गया। थोड़ी देर बाद जब वह सीता का हरण करके लौटा तब मैंने उसके रथ को रोका और कहा कि मेरे रहते हुए तुम सीता को लेकर नहीं जा सकते हो। मुझे इतना ही दुख है कि वह मुझसे तलवार का धनी निकला। मुझे घायल करके गिरा दिया औरमेरी आंखों के सामने सीता को लेकर चला गया। ये प्राण निकलना चाहते थे लेकिन मैंने रोककर रखा था इसलिये कि मैं यह खबर आपको कर दूं तब मरूं। श्रीराम दौड़कर जटायु के देह को स्पर्श किये और कहा कि मैं आपके प्राण को रोक दूं। जटायु ने कहा प्रभु मुझे मरने दीजिए, मत रोकिए। क्योंकि एक न एक दिन इस शरीर को मरना ही है और मरने के लिये ऐसा बहाना नहीं मिलेगा कि सीता के लिये लड़कर और कटकर मर जांए। दूसरी बात यह कि मेरी मुक्ति हो रही है। जिस मुक्ति के लिये मुनि लोग जन्म साधन करते हैं और अंत तक नहीं मिलती। वो मुक्ति मुझे हासिल हो रही है। मेरी आंखों के सन्मुख आप है। मेरा ध्यान आपमें लगा हुआ है और आपको देखते-देखते मैं प्राण छोड़ रहा हूं। अतः मुझे मरने दीजिए। गीधराज ने प्राण छोड़ दिया। राम ने कहा लक्ष्मण पिता के मित्र थे इसलिये पिता तुल्य हैं। लकड़ियां इकट्टा करो।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

**राज्य** सरकार पहल करे तो इस पिछड़े क्षेत्र में एक औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा सकता है।डाउनस्ट्रीम उद्योगों के लिए अपार संभावनाएं हैं। रोजाना निकलने वाली 3,200 टन राख का इस्तेमाल फ्लाई ऐश, ईंट और सीमेंट बनाने में किया जा सकता है।

**–महेश पोद्दार, पूर्व सांसद**

## आपके ट्वीट

**हमारे** युवाओं में बहुत क्षमता है। मगर गरीबी के कारण वह आगे नहीं बढ़ पाते थे। युवाओं को कोचिंग में मदद के लिए हम एकलव्य प्रशिक्षण योजना लेकर आये हैं। सरकार वंचित समाज के युवाओं को पढ़ने के लिए विदेश भी भेज रही है।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





**आप** सभी को यह जानकर बेहद प्रसन्नता होगी कि गूंज महोत्सव-2022 का आयोजन 18 से 20 दिसंबर तक सिल्ली में होगा। नई चेतना, नई ऊर्जा के साथ। सकारात्मक संभावनाओं को आकार देने के साथ।

**– सुदेश महतो, आजसू सुप्रीमो**

# विगत एक हजार साल से खड़ा है बृहदेश्वर मंदिर



**कुमार गौरव**

## पर्यटन

**कैसे** पैसे वाले भारतीय सैलानी तो इटली होकर भी आए होंगे। पीसा की मीनार के बारे में, वहां हमें बताया जाता है कि उस मीनार की ऊँचाई 180 फुट है और इसके निर्माण में 200 वर्ष लगे थे तथा सन 2010 में इस मीनार ने अपनी आयु के 630 वर्ष पूर्ण कर लिए। हमें और आपको बताया गया है कि यह बड़ी ही शानदार और अदभुत किस्म की वास्तुकला का नमूना है। यही हाल मिस्त्र के पिरामिडों के बारे में भी है। आज की पीढ़ी को यह जरूर पता होगा कि मिस्त्र के पिरामिड क्या हैं, कैसे बने, उसके अंदर क्या है आदि-आदि।

दक्षिण भारत के तंजावूर शहर में स्थित बृहदीश्वर मंदिर भारत का सबसे बड़ा मंदिर कहा जा सकता है। यह मंदिर तंजावूर प्रिय कोविल के नाम से भी प्रसिद्ध है। सन 1010 में अर्थात आज से एक हजार वर्ष पूर्व राजराजा चोल ने इस विशाल शिव मंदिर का निर्माण करवाया था। कावेरी नदी के तट पर स्थित यह मंदिर पूरी तरह से ग्रेनाईट की बड़ी-बड़ी चट्टानों से निर्मित है। ये चट्टानें और भारी पत्थर पचास किमी दूर पहाड़ी से लाए गए थे। दसवीं शताब्दी में दक्षिण भारत में चोल वंश के अरुल मोझिवर्मन नाम से एक लोकप्रिय राजा थे जिन्हें राजराजा चोल भी कहा जाता था। इस मंदिर का नाम राजराजेश्वर रखा था और तत्कालीन शासन के सभी प्रमुख उत्सव इसी मंदिर में संचालित होते थे। उन दिनों तंजावूर चोलवंश की राजधानी था तथा समूचे दक्षिण भारत की व्यापारिक गतिविधियों का केन्द्र भी। बाद में जब पश्चिम से मराठाओं और नायकरों ने इस क्षेत्र को जीता तब इसे बृहदीश्वर मंदिर नाम दिया। तंजावुर प्रिय कोविल अपने समय के तत्कालीन सभी मंदिरों के मुकाबले चालीस गुना विशाल था। इसके 216 फुट के विराट और भव्य मुख्य इमारत को इसके आकार के कारण दक्षिण मेरु भी कहा जाता है। 216 फुट ऊँचे इस शिखर के निर्माण में किसी भी जुड़ाई मटेरियल का इस्तेमाल नहीं हुआ है। इतना ऊँचा मंदिर सिर्फ पत्थरों को आपस में इंटर-लॉकिंग पद्धति से जोड़कर किया गया है। इसे सहारा देने के लिए इसमें बीच में कोई भी स्तंभ नहीं है, अर्थात यह पूरा शिखर अंदर से खोखला है। भगवान शिव के समक्ष सदैव स्थापित होने वाली नंदी की मूर्ति 16 फुट लंबी और 13 फुट ऊँची है तथा एक ही विशाल पत्थर से निर्मित है।. गर्भगृह दो मंजिला है तथा शिवलिंग की ऊँचाई तीन मीटर है। आगे आने वाले चोल राजाओं ने सुरक्षा की दृष्टि से 270 मीटर लंबी 130 चौड़ी बाहरी दीवार का भी निर्माण करवाया. सोलहवीं-सत्रहवीं शताब्दी तक यह मंदिर कपड़ा, घी, तेल, सुगन्धित द्रव्यों आदि के क्रय-विक्रय का प्रमुख केन्द्र था. आसपास के से लोग सामान लेकर आते, मंदिर में श्रद्धा से अर्पण करते तथा बचा हुआ सामान बेचकर घर जाते. सबसे अधिक आश्चर्य की बात यह है कि यह मंदिर अभी तक छः भूकंप झेल चुका है, परन्तु अभी तक इसके शिखर अथवा मंडपम को कुछ भी नहीं हुआ। दुर्भाग्य से ऐसे अदभुत मंदिर की जानकारी भारत में कम ही लोगों को है. इस मंदिर के वास्तुशिल्पी कुंजारा मल्लन माने जाते हैं। सही तीन बटे आठ या 1-3/8 अर्थात, एक अंगुल) फामूर्ले का उपयोग किया. इसके अनुसार इस मात्रा के चौबीस यूनिट का माप 33 इंच होता है, जिसे उस समय हस्त, मुजमह्व अथवा किश्कु कहा जाता था। वास्तुकला की इसी माप यूनिट का उल्लेख चार से छह हजार वर्ष पहले के मंदिरों एवं सिंधु घाटी सभ्यता के निर्माण कार्यों में भी पाया गया है। कितने इंजीनियरों को आज इसके बारे में जानकारी है?

(लेखक संस्था प्रमुख दिशा साई संस्थान हजारीबाग हैं।)

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### संकीर्ण सोच

**सेंटर** फॉर केटलाइजिंग चेंज (सी) के सर्वेक्षण के अनुसार समाज की स्त्री वर्ग के प्रति संकीर्ण मानसिकता बरकरार है। सर्वेक्षण में पाया गया कि लड़कों के तुलना में लड़कियों की मोबाइल उपयोगिता बहुत ही कम है जो तकनीक और शिक्षा को लेकर स्त्री वर्ग के प्रति संकीर्ण विचार और नकारात्मक वृत्ति सिर्फ मानसिक पराभव की राह दशार्ते हैं। यह एक गंभीर खतरा है।

**–पुलकित जैन,रांची**

### नस्लवाद से नुकसान

**नस्लवाद** या प्रजातिवाद की अवधारणा को किसी भी हाल में सही नहीं ठहराया जा सकता। अश्वेतों की मात्र इसलिए खिल्ली नहीं उड़ाई जानी चाहिए कि वे अश्वेत हैं, क्योंकि ऐसा करना वसुधैव कुटुंबकम की भावना के विपरीत है। इस संकीर्ण मानसिकता का खात्मा तभी संभव हो सकता है जब हम सभी में वसुधैव कुटुम्बकम की भावना का विकास होगा।

**– सुनील कुमार, हजारीबाग**

# चुनावी जीत के राजनीतिक मायने

**कमलेश पांडेय**

## सामयिक

**दुनिया** का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाने वाले भारत के दो राज्यों गुजरात और हिमाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव के परिणामों ने मतदाताओं की जनतांत्रिक और राजनीतिक परिपक्वता को एक बार फिर जगजाहिर किया है। ऐसा क्यों हुआ और अब आगे क्या करना चाहिए?

इसमें कोई दो राय नहीं कि गुजरात अब भारतीय जनता पार्टी का गढ़ बन चुका है। वहां पर पिछले 27 वर्षों से भारतीय जनता पार्टी काबिज है। उसके मतों में हर चुनाव में इजाफा हो रहा है। इसे लोग मोदी मैजिक यानी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का करिश्मा करार दे रहे हैं, क्योंकि प्रधानमंत्री बनने से पहले वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे और अपने गुजरात मॉडल के लिए देश-दुनिया में जाने जाते हैं। वहीं, हिमाचल प्रदेश में हरेक पांच साल में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच होती रही सूबाई सत्ता की अदलाबदली के तहत इस बार मौका फिर से कांग्रेस को मिला है, क्योंकि जनता ने उसे स्पष्ट जनादेश दिया है। पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी की मेहनत और राज्य नेतृत्व द्वारा भारतीय जनता पार्टी की घेराबंदी करते हुए जनता को फ्री में कुछ कुछ देने के वादे यहां कारगर साबित हुए हैं।

सच कहा जाए तो मतदाताओं ने भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस को अपनी-अपनी नीतियों में कतिपय जनहितकारी बदलाव करने, करते रहने की स्पष्ट नसीहत दी है, अन्यथा परिणाम भुगतने को तैयार रहने का संकेत दे दिया है। देखा जाए तो हिमाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की हार अधिक विस्मय पैदा करती है। क्योंकि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा इसी प्रदेश के मूल निवासी हैं। वहीं, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर भी इसी राज्य से हैं। यहां के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर भले ही चुनाव जीत गए हों, लेकिन अपनी पार्टी भारतीय जनता पार्टी को बहुमत नहीं दिला पाए। यहां भाजपा की कांग्रेस से सीधी टक्कर रही। यदि आम आदमी पार्टी (आप) यहां मजबूत हुई होती तो पक्का है वह कांग्रेस का नुकसान करती और इसका फायदा भारतीय जनता पार्टी को होता।

लेकिन कांग्रेस ने तो गुजरात में हद ही कर दी। उसके बड़े नेताओं यानी सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने चुनाव पूर्व ही हथियार डाल दिये और भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ तगड़ी घेराबंदी नहीं कर सके। इससे कांग्रेस अपना 2017 वाला प्रदर्शन भी बरकरार नहीं रख पाई। उल्टे इसका फायदा आम आदमी पार्टी को मिला और उसने राज्य में अपना जनाधार बढ़ा लिया। गुजरात में कांग्रेस को आम आदमी पार्टी से अधिक सीटें तब हासिल हुईं, जब उसके दिग्गज नेताओं ने कोई खास दिलचस्पी नहीं दिखाई। अन्यथा चुनाव परिणाम एकतरफा भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में नहीं जाता और न ही आम आदमी पार्टी को वहां उछलने का कोई खास मौका मिलता। इन चुनावों ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि जनता अब पिछली त्रिशंकु सरकारों का हश्र देख स्पष्ट जनादेश देने लगी है। वह किसी एक पार्टी पर फिदा होने की जगह गुण-दोष के आधार पर मौका दे रही है। इसका बड़ा उदाहरण एमसीडी चुनाव है। जनता का मूड बता रहा है कि भविष्य का चुनावी महाभारत भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच न होकर भारतीय जनता पार्टी और आप जैसी क्षेत्रीय ताकतों के बीच होगा। इसका सीधा आशय है कांग्रेस को भारतीय जनता पार्टी के मुकाबले में खड़ा होने के लिए क्षेत्रीय क्षत्रपों का सहारा लेना होगा।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## चनारो के एक पोडा फैक्ट्री में छापेमारी

**चरही।** बीते रात मंगलवार को चनारो के एक पोडा फैक्ट्री में छापेमारी की गई।इस क्रम में एक लोड ट्रक,बाइक,स्कूटी समेत तीन हाईवा स्टीम कोयले को बरामद किया गया। यह कार्रवाई हजारीबाग उपायुक्त के निर्देश पर चुरचू सीओ शशिभूषण सिंह टास्क फोर्स टीम को गठन कर छापेमारी की गई।इस क्रम एक ट्रक नंबर एनएल 01के/58 35 को जब्त किया गया। जिस पर लगभग 25 टन अवैध स्टीम कोयला लदा है। उक्त जब्त ट्रक को चरही पुलिस के सुपुर्द किया गया। जबकि तीन हाईवा कोयले को तापीन साउथ कोलियरी के प्रबंधन को जिम्मेनामे पर सौप दिया गया। सीओ श्री सिंह से पूछे जाने पर बताया कि खनिज संपदा की तस्करी पर अंकुश लगाने को लेकर अभियान चलाई गई है। पूरे अंचल क्षेत्र में अवैध कार्यों पर रोक लगाई जाएगी। आगे कहा कि धंधे बाजों ट्रक मालिक को चिन्हित किया गया है। जिस पर कागजी कार्रवाई उपायुक्त कार्यालय के माध्यम से की जा रही है। वर्तमान में प्रशासन ने उक्त पोडा फैक्ट्री को सील कर दिया है।

## मृतक के आश्रिता को मिला 2 लाख का चेक

**विष्णुगढ़।** बिष्णुगढ़ प्रखंड के अचलजामु में बैंक ऑफ इंडिया अचलजामू शाखा के द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मृतक अन्नु देवी पति अशोक शर्मा को दो लाख का चेक दिया गया। साथ हीं बैंक ऑफ इंडिया अचलजामू शाखा के द्वारा उरफतथा बैंक ऑफ इंडिया स्टार बौंडिग के तहत जरूरतमंद गरीब असहाय लोगों को कम्बल वितरण किया गया। उपस्थित सिरय पंचायत पूर्व मुखिया राजेन्द्र कुमार महतो, पूर्व मुखिया हरिश पटेल, मुखिया मोतीलाल महतो करगालो, मुखिया हेमन्ती देवी सिरय, पंचायत समिति सदस्य अमिता देवी अचलजामू, शाखा प्रबंधक सुनिल कुमार सिंह, उप शाखा प्रबंधक उदय कुमार शर्मा, बैंक सखी पुनम देवी, चमेली देवी, तथा पंचायत के गणमान्य व बैंक कर्मी मौजूद थे।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतावो का जोरदार स्वागत

**विष्णुगढ़।** देवघर से रांची जाने के क्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता सह राज्य मंत्री विनोद पाण्डेय एवं फागु बेसरा बिष्णुगढ़ प्रखंड में जिला अध्यक्ष शंभू लाल यादव की अगुवाई में झामुमो के कार्यकताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। स्वागत समारोह विष्णुगढ़ सात मील चौक में किया गया । मौके पर प्रमुख रूप से शम्भूलाल यादव, केंद्रीय सदस्य टेकोचंद महतो, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष गिरजा साव, उपाध्यक्ष कपिलदेव चौधरी, यशोदा देवी, महताब हूसैन, संजय प्रजापति,सुनील पाण्डेय,तूफानी अंसारी, अजय साव,विष्णुधारी यादव,मो अख्तर, अनिल पटेल,अनंतल महतो,राजू यादव, राजू श्रीवास्तव,सुनील सिंह, सुनील पांडे समेत दर्जनों कि संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## न्यू डन बास्को स्कूल में सेमिनार का हुआ आयोजन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जवाहर नगर भुरकुंडा स्थित न्यू डॉन बास्को स्कूल में बुधवार को गुड व बैड टच विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार की मुख्य अतिथि किड्जी स्कूल की पूर्व शिक्षिका मधु द्वारा बच्चों को गुड टच एवं बैड टच के बावत विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही बॉडी सेफ्टी नियम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने बच्चों को बताया कि हमें अपनी बडी पार्ट्स का किस तरह ध्यान रखना चाहिए। किसी भी अनजान या जानने वाले व्यक्ति द्वारा गलत ढंग से स्पर्श करने पर तत्काल इसकी जानकारी अपने शिक्षकों, अभिभावकों व शुभचिंतको को देने की बात कही। ताकि अगर उनकी नियत गलत हो तो उस पर कार्रवाई हो सके। मौके पर स्कूल के प्रबंधक अंगद राय, संतोष कुमार, ज्योति कुमारी, शाहीन, प्रेरणा, शाक्षी, काजल सहित दर्जनों विद्यार्थी मौजूद थें।

# आदिवासी रैयत विस्थापित संघ ने किया धरना-प्रदर्शन, चक्का जाम

खबर मन्त्र संवाददाता

**बासल (रामगढ़)।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत बुधवार को आदिवासी मूलवासी रैयत विस्थापित संघ के तत्वावधान में बलकुदरा खुली खदान के समक्ष धरना-प्रदर्शन सह चक्का जाम आंदोलन किया गया। इस दौरान संघ के लोगों ने प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। कहा गया कि प्रबंधन को पूर्व में कई बार में मांग-पत्र सौंपा गया लेकिन इस दिशा में कोई पहल नहीं हुई। हमारी मांगों



धरना-प्रदर्शन में शामिल संघ के लोग

में बलकुदरा में लोकल सेल चालू कर स्थानीय ग्रामीण व विस्थापितों को रोजगार देने, ट्रांसपोर्टिंग व ठेका कार्य विस्थापितो को देने आदि मांगे मुख्य रूप से शामिल है। इधर चक्का जाम की सूचना मिलने पर प्रबंधन के साथ संघ की घंटो वार्ता हुई। इसमें प्रबंधन ने हमारी मांगों पर सकारात्मक पहल करने व त्रिपक्षीय वार्ता कराने का आश्वासन दिया। जिसके बाद आंदोलन वापस ले लिया गया। कहा गया कि 30 दिसंबर तक मांगे नहीं मानी गई तो पुनः आंदोलन किया जायेगा। वार्ता में भुरकुंडा मनोज पाठक मुख्य रूप से मौजूद थें। धरना-प्रदर्शन व चक्का जाम में संघ के संयोजक देवानंद प्रसाद, अध्यक्ष झरी मुंडा, उपाध्यक्ष नंदकिशोर मुंडा, महासचिव विनय कुमार, ललित प्रसाद, बादल प्रसाद, रंजीत प्रसाद, पवन कुमार मुंडा, अरुण प्रसाद, देवंती देवी, अनीता देवी, सुमंती देवी, लक्ष्मी एक्का, फुलमनी देवी, संगीता प्रसाद, बेनी मंडा, दिलकिशोर मुंडा, जगदयाल मुंडा, प्रेम मुंडा, दीपक कुमार पाहन, विष्णु सोनी, करण साहू, रमेश प्रसाद, संतोष प्रसाद, कुलदीप प्रसाद, वीरेंद्र मुंडा, दिलीप प्रसाद, मुन्ना मुंडा, संतोष प्रसाद, विजय महली, त्रिभुवन साहू, सनीचर भगत महली, सूरज बाडा, मंटू प्रसाद, मंटू मुंडा, वीरेंद्र प्रसाद, शिवदेव मुंडा, अमित मुंडा, रामप्रवेश मुंडा सहित भारी संख्या में महिलाएं शामिल थीं।

## मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना में रजिस्ट्रेशन कराने में परेशान हैं कृषक

**बड़कागांव।** झारखंड सरकार की महत्वकांक्षी मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना बनी किसान व भीएलई का परेशान योजना बन कर रह गयी है। झारखंड सरकार द्वारा आनन-फानन में पहले झारखंड राज्य फसल राहत योजना के नाम से किसानों का रजिस्ट्रेशन 15 सितंबर तक करवाया गया। उसके बाद उन्ही किसानों का केवाईसी करवाया गया। बिना पुख्ता तैयारी के मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना का एक वेबसाइट तैयार कर फिर से मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना में नए एवं पुराने किसानों का रजिस्ट्रेशन करवा कर टोकन कटवाने को कहा गया।

किसानों ने बताया कि एक ही कार्य के लिए किसानों को बार-बार प्रज्ञा केंद्र का चक्कर लगाना पड़ रहा है। साथ ही प्रज्ञा केंद्र संचालक को भी एक ही कार्य को बार-बार करना पड़ रहा है। नये वेबसाइट को जल्दबाजी में लाया गया है जिसके कारण सर्वर ठीक से काम भी नहीं कर रहा है। जो कार्य 5 मिनट में संपन्न हो सकता है उसके लिए घंटों समय लग रहा है। कभी-कभी तो दिन दिन भर में भी नहीं हो पा रहा जिसके चलते किसान दर्जनों बार प्रज्ञा केंद्र का चक्कर लगा लगा कर थक जा रहे हैं। इतना ही नहीं इससे प्रज्ञा केंद्र संचालक भी परेशान हो रहे हैं। इसका असर रवि फसल बुवाई पर पढ़ रहा है। किसान अपनी खेती बारी छोड़कर प्रज्ञा केंद्र का चक्कर लगा रहे हैं। प्रज्ञा केंद्र पहुंचने पर पता चलता है कि सरवर कभी आता है कभी जाता है या फिर पूर्ण रूप से फेल मिलता है।

## शिक्षा व्यवस्था में निजी विद्यालयों की नौटंकी बर्दाश्त नहीं : विश्वरंजन सिन्हा

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** शिक्षा बचाओ संघर्ष समिति ने पावन क्रूस विद्यालय प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा है कि विद्यालय में नियमानुसार काम किया जाए। अन्यथा समिति विद्यालय के खिलाफ आंदोलन छेड़ेगी। समिति के संस्थापक विश्वरंजन सिन्हा ने बताया कि विद्यालय में टोपी पर विद्यालय का लोगो नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को विद्यालय में प्रवेश करने से रोका गया। साथ ही एक विशेष दुकान से उक्त टोपी खरीदकर आने की बात कही गई। उन्होंने कहा कि यह घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। क्षेत्र के कई निजी



बिना लोगो वाला टोपी के कारण बाहर खड़े बच्चे

विद्यालयों में भारतीय संविधान में बनाए गए शिक्षा नीति का पालन नहीं होता है। उन्होंने बताया कि टोपी वाले मामले की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दी गई है। जिसमें विभाग ने आश्वस्त किया है जल्द ही पूरे मामले की जांच की जायेगी। श्री सिन्हा ने कहा है कि शिक्षा व्यवस्था में निजी विद्यालयों की नौटंकी बर्दास्त नहीं की जायेगी। क्षेत्र में किसी भी विद्यालय से बच्चों के आर्थिक और मानसिक शोषण की शिकायत आने पर आंदोलन का बिगुल फूंका जायेगा। इधर मामले पर पावन क्रूस स्कूल की प्राचार्या ने बताया कि ऐसी कोई बात नहीं है। कुछ बच्चे यूनिफार्म में स्कूल नहीं आये थे। उन बच्चों को ड्रेस पहनकर ही आने की कही गई है।

## राष्ट्रीय ऊर्जा दिवस पर विद्यार्थियों ने ऊर्जा बचाने का लिया संकल्प



छायांकन कर ऊर्जा के बारे में बताते विद्यार्थी

**बरही।** पंचमाधव स्थित आईलेक्स पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने चित्र के माध्यम से छायांकन कर ऊर्जा संरक्षण का संकल्प लिया। विद्यालय निदेशक शैलेश कुमार ने ऊर्जा संरक्षण की अनिवार्यता पर बताया कि सुविधा भोगी जीवन शैली के अभ्यस्त लोगों की संख्या में वृद्धि हुई है। ऊर्जा के श्रोत निरंतर घट रहे हैं, ऐसे में भविष्य को ध्यान में रखते हुए भावी पीढ़ी को जागरूक करना जरूरी है। इस पर लोगों को मंथन करने की जरूरत है। कार्यक्रम से बच्चों में सामाजिक दायित्व व सरोकार का भाव विकसित होगा। भारत में ऊर्जा संरक्षण अधिनियम वर्ष 2001 में ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) द्वारा स्थापित किया गया। ऊर्जा दक्षता ब्यूरों एक संवैधानिक निकाय है, जो भारत सरकार के अंतर्गत आता है और ऊर्जा का उपयोग कम करने के लिए नीतियों और रणनीतियों के विकास में मदद करता है। विद्यालय की कक्षा 9 की छात्रा पायल कुमारी ने बताया कि कोई भी ऊर्जा की बचत इसकी गंभीरता से देखभाल करके किया जा सकता है। बच्चों ने अपनी बातों को पोस्टर के जरिये भी दशार्ने की कोशिश की। जिसमें सृष्टि केशरी, राहुल कुमार, पूर्णिमा कुमारी ने बेहतर प्रदर्शन किया।

### एक नजर में

## तरूण बागी की माता के देहांत पर कई पत्रकार द्वारा शोक व्यक्त किया गया

**रामगढ़।** दैनिक जागरण के प्रभारी तरूण बागी की 75 वर्षीय माता निरूपमा बनर्जी का 13 दिसंबर को रांची में इलाज के क्रम में देहांत हो गया। उनका अंतिम संस्कार 14 दिसंबर को दामोदर नदी घाट पर हुआ। अंतिम संस्कार में कई पत्रकार व समाज सेवी शामिल हुए। निरूपमा बनर्जी के देहांत पर कई पत्रकारों एवं समाज सेवियों ने शोक व्यक्त किया है।

## अवैध बालू लदे 5 ट्रैक्टर जब्त

**कुजू।** अवैध बालू कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए रामगढ़ एसडीओ जावेद हुसैन द्वारा मंगलवार को अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत उनके नेतृत्व में गठित छापामारी दल ने पैंकी दामोदर नदी घाट पर छापामारी करते हुए अवैध बालू लदे 5 ट्रैक्टर को जब्त किया। छापामारी दल के पहुंचते हीं बालू कारोबारी मौके का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। सभी जब ट्रैक्टर को कुजू ओपी परिसर में रखा गया है। वही इस संबंध में मामला दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। हमारी अभियान में एसडीओ जावेद हुसैन के साथ खनन निरीक्षक विनोद बिहारी प्रमाणिक, कुजू ओपी प्रभारी धनंजय प्रसाद सदल बल मौजूद थे।

## असंतुलित होकर बलेनो कार गड्ढे में जा गिरा, कार सवार तीन लोग घायल

**कुजू।** कुज्जू ओपी क्षेत्र अंतर्गत बोंगाबार फोरलेन राजगीर होटल के समीप मंगलवार की दोपहर हजारीबाग से रांची की ओर जा रहे बलेनो कार संख्या जेएच 02 एजेड/ 3898असंतुलित होकर एक गड्ढे में जा गिरा। इस घटना में कार पर सवार बादल सौरव 29 वर्ष, प्रियंका कुमारी 27 वर्ष तथा दिव्या कुमारी 23 वर्ष घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए स्थानीय नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि कार पर सवार सभी लोग हजारीबाग से रांची एयरपोर्ट जा रहे थे।

## एनटीपीसी के सौजन्य से पश्चिमी पंचायत भवन में कंबल का वितरण

**बड़कागांव।** बड़कागांव पश्चिमी पंचायत भवन में जिप सदस्य यासमीन निशा,मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार,उप मुखिया सत्य देव कुमार के नेतृत्व में एनटीपीसी ने जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया। कार्यक्रम में एनटीपीसी के अधिकारी कमलाकांत रजक ने कहा कि मुखिया रंजीत कुमार के नेतृत्व में जितने लोगों को टोकन दिया गया है, उन्हीं को कंबल दिया जाना है। जो सक्षम हैऔर पहले से जिनके यहां कंबल है वैसे लोग ना ले ताकि जरूरतमंदो को कंबल मिल सके। जिप सदस्य यासमीन निशा ने कहा समय-समय पर सभी जगह पर कंबल का वितरण किया जाएगा। मुखिया रंजीत मेहता ने बताया बड़कागांव पश्चिमी पंचायत में 500 कंबल का वितरण किया गया। मौके पर सांढ मुखिया प्रतिनिधि भीखन महतो,वार्ड सदस्य अनीता देवी, किशोर कुमार,मन्नू चौधरी,बुधन तुरी,रंजीत कुमार,रविंद्र कुमार,शशि तुरी,सरोज कुमार,सनी कुमार सहित सैकडों पुरुष महिला मौजूद थे।

## तिलेश्वर साहू सेना बरही पश्चिमी पंचायत कमिटी का हुआ गठन

**बरही।** तिलेश्वर साहू सेना प्रत्येक दिन बरही विधानसभा में लोगों के बीच फैलता जा रहा है और प्रत्येक व्यक्ति को एक सूत्र में बांधने के लिए पूरे विधानसभा में पंचायत कमिटी का गठन कर रहा है। इसी कडी.में तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अरूण साहू की उपस्थिति में बरही पश्चिमी पंचायत कमिटी का गठन किया गया। जिसमें पंचायत प्रभारी कृपाल राणा को मनोनीत किया गया। इस बैठक में मुख्य रुप से बरही प्रखंड अध्यक्ष संतोष रजवार, बरही प्रखंड प्रधान महासचिव बिसुनधारी महतो, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष सह बरही पूर्वी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, बरही मीडिया प्रभारी बबलू साहु, बरही प्रखंड प्रवक्ता छोटी राम, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश दास, राजू राणा, रवि सिंह, सन्नी गुप्ता, मुकेश, राजेश प्रसाद कुशवाहा, बालगोविंद कुमार, राजेश चंद्रवंशी, मुकेश राम, होशील प्रजापति, लक्ष्मण पासवान, राम सहाय, विजय राणा, मुनिलाल साहू, जगदीश राणा, भरत राणा, सुरेंद्र यादव, मनोज ठाकुर, संगीता शर्मा, सुमंती देवी, पिंकी देवी, गीता देवी, शमीर्ला देवी, शांति देवी, गायत्री देवी, निशा देवी, किरण देवी, मुनी देवी आदि सैकडों महिला एवं पूरूष मौजूद थे।

## भैया मनोरंजन के बंद पड़े घर मे लगी भीषण आग

**दारू।** प्रखंड क्षेत्र में आग लगने की घटना लगातार घट रही है। मंगलवार को उमेश बॉडी गेराज में खड़े दो बस में लगी भीषण आग के बाद मंगलवार को ही रात्रि में भैया मनोरंजन प्रसाद के बंद पड़े घर मे भीषण आग लग गई इससे पूर्व बासोबार में पुआल लदे ट्रेक्टर में आग लग गई थी। मंगलवार की रात्रि बारह बजे पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी को आग लगने की जानकारी हुई जिसके बाद थाना प्रभारी अमित कुमार को आग लगने की सूचना दी गई। थाना प्रभारी के फोन करने के बाद रात्रि करीब एक बजे दमकलकर्मी पहुंचे और आग को बुझाने का प्रयास करने लगे पर आग की लपटें इतने तेज थी कि आग पर जल्द काबू नही पाया जा सका।

# कोविड महामारी ने समाज के साथ-साथ लोगों की अर्थव्यवस्था पर गहरा आघात किया था : शालू

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पूरे विश्व में आफत बन कर आई कोविड-19 जैसी महामारी को दूर करने की जंग में अभूतपूर्व योगदान के लिए जिन्दल स्टील एंड पावर (जेएसपी) को फिक्की सीएसआर विशेष प्रशस्ति सम्मान प्रदान किया गया है। जाने-माने उद्योगपति नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर उन चंद अग्रणी संस्थाओं में से एक है, जिसने कोविड-19 के खिलाफ



शालू जिंदल की फाइल फोटो

जंग में सरकार और आम लोगों की मदद के लिए अनेक सराहनीय कार्य किये। जेएसपी के सामाजिक दायित्वों का निर्वहन कर रहे जेएसपी फाउंडेशन ने चेयरपर्सन शालू जिन्दल के मार्गदर्शन में गरीबों, जरूरतमंदों को कोविड-19 के कारण उत्पन्न संकट से बचाने के लिए अग्रिम मोर्चे से लड़ाई लड़ी। इस महामारी की भयावहता का अंदेशा होते ही जेएसपी फाउंडेशन सबसे पहले पूरी तैयारी के साथ समाज के वंचित वर्गों की सुरक्षा के लिए आगे आया। शालू जिन्दल ने कोविड काल में जेएसपी फाउंडेशन की सेवाओं के लिए फिक्की सीएसआर विशेष प्रशस्ति सम्मान मिलने पर कहा कि कोविड- 19 महामारी ने समाज और अर्थव्यवस्था के साथ-साथ पूरे देश की स्वास्थ्य व्यवस्था पर गहरा आघात किया था। ऐसे में जिन्दल स्टील एंड पावर देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए सरकार और समुदायों की मदद के लिए आगे आया। साथ ही अस्पताल सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ देश के 13 राज्यों में लिक्विड मेडिकल अक्सीजन पहुंचाई और लाखों गरीबों जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराकर उनका जीवन सुरक्षित रखने में योगदान किया। जेएसपी फाउंडेशन ने इसके अलावा लाखों फेसमास्क और हजारों लीटर सैनिटाइजर समुदायों और कोविड वारियर्स के बीच बांटे। मालूम हो की जेएसपी स्टील, खनन और मूलभूत ढांचा क्षेत्र की एक अग्रणी कंपनी है। दुनिया भर में 12 अरब अमेरिकी डलर से अधिक निवेश वाली यह कंपनी आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए निरंतर अपनी क्षमताओं का विस्तार कर रही है और राष्ट्र निर्माण में बढ़-चढ़कर योगदान कर रही है।

## 15 दिवसीय शीतकालीन तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन



**बड़कागांव।** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के प्रांगण में आज 15 दिवसीय शीतकालीन तीरंदाजी प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया गया। यह महत्वाकांक्षी प्रशिक्षण अभियान 14 दिसंबर से 28 दिसंबर 2022 तक चलेगा। शिविर का उद्घाटन परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक शिवम श्रीवास्तव एवं अध्यक्षा जागृति महिला संघ मीनाक्षी श्रीवास्तव ने किया। युवाओं को एक नई उड़ान देने वाले इस खास मौके पर सीजीएम शिवम श्रीवास्तव ने कहा कि एनटीपीसी और तीरंदाजी एक दूसरे का पर्याय है। उन्होंने यह भी कहा कि इस खेल और इस खेल के खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए एनटीपीसी पकरी बरवाडीह परियोजना कोई कसर नहीं छोड़ेगी। मुख्य महाप्रबंधक ने यह भी आश्वासन दिया कि चयनित प्रतिभाशाली बच्चों को आगे भी प्रशिक्षण की व्यवस्था एनटीपीसी द्वारा की जाएगी। मौके पर परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक शिवम श्रीवास्तव, जागृति महिला संघ की अध्यक्षा मीनाक्षी श्रीवास्तव, हजारीबाग जिला तीरंदाजी संघ के सचिव मनोज कुमार ने बच्चों के साथ तीरंदाजी में हाथ भी आजमाए।

## बाबा बालक नाथ मंदिर टाटीझरिया में रोजगार मेला कार्यक्रम हुआ संपन्न

**टाटीझरिया।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर टाटीझरिया में 14 दिसंबर बुधवार को प्रखंड स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया था। मंच संचालन जेएसलपीएस बीपीएम सुनील राणा के द्वारा किया गया। रोजगार मेला में 9 कम्पनीयो द्वारा स्टॉल लगाए गए थे जहां कुल 324 बेरोजगार युवक युवतियों का पंजीकरण करवाया गया। मौके पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप प्रखण्ड प्रमुख संतोष मण्डल,उप प्रमुख रवि कु.वर्णवाल,20 सूत्री अध्यक्ष रवि कु.सिंह, जेएसएलपीएस से जिला प्रबंधक शिव कुमार रमन,बीपीएम सुनील राणा,सामुदायिक समन्वयक विजय कुमार ,रवि कुमार,धर्मवीर कुमार साव,समूह एडमिन शिवेश पांडेय बीपीओ अरुण पासवान,जोधी यादव व अन्य मौजूद थें।

## एटक का 42वां महाधिवेशन 16 से 20 तक केरल में : नरेश मंडल

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन संघ (एटक) का 42 वां महाधिवेशन दिनांक 16 से 20 दिसम्बर तक केरल के अल्फुजा में होगी। उक्त जानकारी देते हुए एटक नेता सह कोल फेडरेशन के केंद्रीय सचिव नरेश मंडल ने बताया कि देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग 2 हजार प्रतिनिधि इस महाधिवेशन में भाग लेंगे। इसमें कोयला, तांबा, स्टील, लौह अयस्क, अभ्रक, बैंक, रेलवे, बीमा, आंगनबाड़ी, ट्रांसपोर्ट, राज्य कर्मचारी, संगठित एवं असंगठित क्षेत्रों आदि उपक्रमों से लोग शामिल लेंगे। उन्होंने बताया कि झारखंड से भी 70 प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसमें कोयला उपक्रम से यूनाइटेड कोल वर्कस यूनियन से 9 प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। महाधिवेशन में देश की मौजूदा हालात पर चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान की केंद्र सरकार की मजदूरी विरोधी नीति, श्रम संहिता, सामाजिक सुरक्षा,



एटक नेता नरेश मंडल की फाईल फोटो

निजीकरण व विनिवेश की पॉलिसी को कैसे रोका जाए इसपर मंथन होगा। साथ ही संगठित व असंगठित मजदूरों की मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन आदि मुद्दों पर भी विचार-विमर्श होगा। महाधिवेशन को मुख्य रूप से एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेंद्र कुमार संबोधित करेंगे। श्री मंडल ने बताया कि रमेन्द्र कुमार 15 दिसम्बर को महासम्मेलन का प्रतिनिधित्व करने के लिए केरल रवाना होंगे।

# रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** झारखंड गतका एसोसिएशन व हजारीबाग गतका एसोसिएशन के तत्वाधान में बरही प्रखंड के रसोइया धमना चकुराटांड स्थित रॉयल आर्किड इंटरनेशनल स्कूल में द्वितीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में राज्य से 19 जिला के 90 स्कूल से कुल 400 खिलाड़ी शामिल हुए। प्रतियोगिता के अंतिम दिन 12 दिसंबर को बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक उमाशंकर अकेला, विशिष्ट अतिथि झारखंड राज्य गतका एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद कुमार, हजारीबाग गतका एसोसिएशन के अध्यक्ष



गतका खेल के उद्घाटन समारोह में मौजूद विधायक उमाशंकर अकेला व अन्य

अशोक कुमार सिंह, वरीय उपाध्यक्ष रीना पांडेय एवं महासचिव अनूप कुमार सिंह (प्राचार्य रॉयल ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल) के अलावे सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, पंसस मो तैयब, मो तौकीर रजा ने सभी सफल खिलाड़ियों को स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक देकर सम्मानित किया।प्रतियोगिता में 12 वर्ष बालिका आयु वर्ग में आशी आदित्य लोहरदगा, साक्षी राज कोडरमा, आशिका परवीन पलामू, अपराजिता पाल पलामू, पल्लवी कुमारी रामगढ़, स्वाति कुमारी खूंटी, आकांक्षा कुमारी कोडरमा, आयशा बक्शी कोडरमा, खुशबू पाल पलामू, प्रतिमा कुमारी हजारीबाग, प्रिया कुमारी रामगढ़, दीपिका गुमला, जिया कोडरमा, प्रतिज्ञा कुमारी हजारीबाग, अवनि कुमारी कोडरमा, शाहिदा परवीन हजारीबाग, रितिक राज तिवारी पलामू, मनीष कुमार रामगढ़, आयुष कुमार धनबाद, हंस कुमार कोडरमा, श्लोक गिरिडीह, हजारीबाग, 17 आयु वर्ग विजेता अंशु राज कोडरमा, साहिल सोनी कोडरमा, प्रियांशु राज बोकारो, मुकुंद कुमार कोडरमा, अमित कुमार कोडरमा, नीरज कुमार यादव हजारीबाग, आयुशराज बोकारो, ऋतिक ठाकुर लोहरदगा, जसमीत कुमार बोकारो, मिथिलेश कुमार कोडरमा, सागर राज कोडरमा, राहुल महतो कोटि, मनोज महाली रांची, विनोद चक्रवर्ती रांची, वहीं सीनियर खिलाड़ियों में विजेता कौशल कुमार कोडरमा, दीपक कुमार कोडरमा, भुनेश्वर शर्मा रांची, जय मंगल मुंडा खूंटी को स्वर्ण रजत कांस्य पदक देकर अतिथियों ने सम्मानित किया। विजेता खिलाड़ी 28 दिसंबर तक चंडीगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय पुरुष प्रतियोगिता में चयनित किए गए हैं। वहीं बालिका विजय विजेताओं को राष्ट्रीय गतका प्रतियोगिता के लिए भी चयनित किया गया है, जो झारखंड में आयोजित किए जाएंगे।

# बालू का अवैध उत्खनन धड़ल्ले जारी

## गुमला के नागफेनी नदी से प्रतिदिन रांची जा रहा है सैकड़ों हाइवा बालू

दीपक राम काजू

- सीएम हेमंत सोरेन को अवैध खनन रोक लगाने के लिए अधिकारियों को दिया निर्देश
- सिसई में राजनीतिक लोग भी इस काले कारोबार को करके हो रहे हैं मालामाल
- सिसई के ऑलमुंडा नदी तट, नागफेनी नदी तट, सोगड़ा नदी तट, मुरगू पतरा टोली तट, करकरी नदी तट, सहिजाना कोईल नदी तट, बरगांव जिन्दा कोयल नदी तट, कुलंकरी पतरा टोली कोयल नदी घाट से बालू का अवैध उत्खनन जारी

**गुमला।** गुमला जिले में बालू व बाक्साईट का अवैध उत्खन्न जोरों पर है। बालू के अवैध उत्खन्न से जहां नदियों का स्वरूप बदलता जा रहा है। वहीं जंगल वाले क्षेत्रों में बाक्साईट का बड़े पैमाने पर उत्खन्न कर पूरी तरह पर्यावरण के साथ खिलावाड़ किया जा रहा है।

बालू के अवैध उत्खन्न को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री को भी अब हस्ताक्षेप करना पड़ा है। उन्होंने अवैध उत्खन्न को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया है कि वे इस पर रोक लगाये और अवैध उत्खन्न कार्य में संलिप्त लोगों पर एफआईआर दर्ज करायें। गुमला जिला के नागफेनी कोयल नदी से बड़े पैमाने पर बालू का अवैध उठाव कर रांची राजधानी सहित कई अन्य जिलों में भेजा जा रहा है। नागफेनी नदी का बालू स्वच्छ व प्लस्तर के काम में बेहतर उपयोग में आने के कारण पूरे राज्य में उसकी डिमांड है। रात के अंधेरे में प्रतिदिन सैकडों हाईवा सहित कई ट्रैक्टर बालू नदी से निकाला जा रहा है। बालू के अवैध खनन में जुटे माफिया इसे सोने का भाव बेचकर मालामाल हो रहे हैं जबकि सरकार को राजस्व के नाम पर चवनी तक नहीं आ रहा है। यह सब किसी से छिपी नहीं है फिर भी यह काला कोरोबार जिले में बे रोक टोक के जारी है। नागफेनी से बालू ले जाने के दौरान दो थाना व दो ब्लॉक पड़ते हैं लेकिन शायद ही कभी थानों या ब्लॉक के द्वारा इस अवैध कारोबार को रोकने में दिलचस्पी दिखायी गई हो। शायद मामला कुछ और भी हो सकता है।



दिन में नागफेनी नदी से बालू ले जाता ट्रैक्टर।



लोहंजारा नदी में जलापूर्ति के लिए बने कुंए के पास से होता है बालू का अवैध उत्खनन।

कहावत भी है कि कौन कहता है आसमां पर सुराग नहीं हो सकता है यारो जरा तबीयत से एक पत्थर तो उछालो यारो। वहीं राजनीतिक शक्ति भी बालू के अवैध उत्खन्न में अपना दबदबा रखता है। जिनके इशारे पर सिसई विधान सभा क्षेत्र के ऑलमुण्डा नदी तट, नागफेनी नदी तट, सोगड़ा नदी तट, मुरगू पतरा टोली तट, मुरगू अम्बा टोला तट, करकरी नदी तट, सहिजाना कोईल नदी तट, बरगांव जिन्दा कोयल नदी तट, कुलंकरी पतरा टोली कोयल नदी घाट से प्रति दिन सैकडों ट्रैक्टर बालू की अवैध ढुलाई हो रही है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि बिना बंदोबस्ती के ही इन नदियों से बालू की अवैध निकासी व ढुलाई जारी है। वहीं दूसरी ओर विशुनपुर प्रखंड के जंगल वाले क्षेत्रों में लीज धारी कंपनियां ही बड़े पैमाने पर बाक्साईट की अवैध उत्खन्न करा रही। लीज कहीं और खुदाई कहीं करायी जा रही है। गुमला खनन विभाग को इसकी पुख्ता जानकारी होने के बाद भी बाक्साईट लीज धारी कंपनियों पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाती है। लाजधारी कंपनियों की हिमाकत इतनी बढ़ गई है कि वे जंगलों को काटकर भी बाक्साईट का उत्खन्न करा रहे हैं। जिसपर शायद आने वाले दिनों में भी कोई कार्रवाई नहीं होगी क्योंकि इतने लंबे वर्षों से अब तक कोई कार्रवाई नहीं होना शायद यही दर्शाता है। **जारी..**

## स्पीड न्यूज

### दिव्यांग को कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर रखने का डीडीसी ने दिया निर्देश

**गुमला।** घाघरा में मनरेगा में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत दिव्यांग सुशील उरांव को हटा दिये जाने के बाद उसने डीडीसी हेमंत सती से रोजगार मुहैया कराने की अपील की थी। जिसके आलोक में बुधवार को सुशील जब डीडीसी हेमंत सती से मिले तो उन्होंने घाघरा बीडीओ विष्णु देव कच्छप को मोबाईल पर फोन कर निर्देश दिया कि दिव्यांग को प्रधानमंत्री आवास योजना में कंप्यूटर के पद पर रखे। जिसके बाद उसे घाघरा ब्लॉक बीडीओ के पास भेजा। वहीं दिव्यांग की पत्नी को भी सीएमईजीपी के तहत लाभ देने का निर्देश बीडीओ को दिया। सुशील उरांव की पत्नी भी दिव्यांग है। नौकरी नहीं रहने के बाद सुशील उरांव को परिवार चलाने में कठिनाई हो रही थी। उनका एक बच्चा भी है। सुशील उरांव को सहयोग करने में कांग्रेसी नेता मो. मुख्तार आलम ने अहम भूमिका निभायी।

### स्वच्छता को लेकर कार्यशाला



**सेन्हा।** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में स्वयं सेवी संस्था प्रदान के माध्यम से सभी पंचायत के जलसहिया के साथ एक स्वच्छता को लेकर एक कार्यशाला आयोजन किया गया।आयोजित कार्यशाला में प्रदान संस्था का प्रखंड समन्वयक सपना कुमारी द्वारा साफ सफाई और शौचालय का उपयोग तथा स्वच्छ पानी पीने के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। साथ ही जलसहियाओं को निर्देश देते हुए कहा गया। कि गांव के सभी लोगों को शौचालय का उपयोग और स्वच्छता के बारे में जागरूक करते हुए इस्मेमाल करने की जानकारी दिया गया। साथ ही निर्देश गया। कि जिसका शौचालय खराब है उसका मरमती और नये शौचालय बनाने के लिये शोकता गड्ढा का निर्माण और हर घर को नल जल योजना से जोड़ने का कार्य करना है। मौके पर जिसमे मुख्य रूप से जनक कुमार,दुर्गावती देवी,मुनि देवी,साबिर अन्सारी के अलावे भुवन्ति कुमारी,तेजन देवी, कुमारी,राजमणि देवी,मनसा कुमारी सहित सभी जलसहिया और पेय जल स्वच्छता विभाग के लोग उपस्थित हुए।

### भंडरा में अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

सेन्हा। सेन्हा थाना क्षेत्र के झालजमीरा पंचायत के जमीरा गाँव से मंगलवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान अंचलाधिकारी विजय कुमार द्वारा अवैध बालू लाद कर परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया। वही जप्त ट्रैक्टर को थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। और अग्रेतर कारवाई हेतु सहायक खनन पदाधिकारी लोहरदगा को सूचना दिया गया। साथ ही थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए कहा कि सेन्हा थाना क्षेत्र का भ्रमण के दौरान दक्षणी कोयल नदी से अवैध बालू परिवहन करते हुए ट्रैक्टर को पकड़ा गया है। जिसमें रजिस्ट्रेशन नम्बर अंकित नही साथ ही उन्होंने कहा जप्त ट्रैक्टर में रजिस्ट्रेशन नम्बर अंकित नही होने के कारण इंजन एवं चेचिस नम्बर के आधार पर कारवाई हेतु खनन विभाग एवं परिवहन विभाग को सूचनार्थ भेजा गया है।

### धनंजय बने सेन्हा थाना प्रभारी



सेन्हा। सेन्हा के नये थानेदार मंगलवार को देर शाम धनजय कुमार पासवान ने पदभार ग्रहण किया। पूर्व थाना प्रभारी ऋषिकान्त कनीय पदाधिकारी के रूप में कैरो थाना में पोस्टिंग हुआ। धनंजय ने कहाकि आम जनता कभी भी मिल सकते है। साथ ही अपराध उग्रवाद के क्षेत्र में नकेल कसने का प्रयास किया जायेगा। धनजय पासवान सेन्हा थाना के दुबारा थाना प्रभारी बनाये गये है। इससे पहले सेन्हा थाना में 27अक्टूबर 2019से 11जनवरी 2020 तक पदभार में रह चुके थे। जिसको लेकर क्षेत्र की काफी जानकारी है।

### मनोहर अभिव्यक्ति अंक का विमोचन



लोहरदगा।मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय की गतिविधियों को प्रदर्शित करने वाली त्रैमासिक पत्रिका मनोहर अभिव्यक्ति का विमोचन बुधवार को हुआ। विमोचन महाविद्यालय की प्रचार प्रसार प्रमुख रश्मि साहू, सह प्रमुख यशोदा कुमारी, पत्रिका के तीसरे अंक की संपादक नीतू कुमारी और सह संपादक कविता कुमारी ने संयुक्त रूप से किया' संपादक ने बताया कि महाविद्यालय के संस्थापक मनोहर लाल अग्रवाल जी की जयंती 10 दिसंबर के अवसर पर यह अंक उन्हें समर्पित किया गया है। इसमें उनकी संक्षिप्त जीवनी और उपलब्धियों की चर्चा है।

### उदय ने महिला को दिया ब्लड



**लोहरदगा।** बेड़ो थाना क्षेत्र के चर्च कोपी सेमर टोली तुको निवासी प्रमोद साहू की पत्नी राखी देवी सदर अस्पताल लोहरदगा में कई दिनों से इलाजरत डॉक्टर ने खून की कमी बताई, परिवार के लोग काफी परेशान मरीज राखी देवी का मामा इटा बरही निवासी विनोद साहू जय श्री राम समिति के जिला मंत्री राम कुमार साहू से संपर्क किया। समिति ने तत्काल पहल करते हुए समिति सदस्य उदय प्रजापति ने एक यूनिट ब्लड देकर मानवता का परिचय दिया जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो ने कहा अपने दायित्वों का निर्वाहन के लिए समिति हमेशा से कटिबद्ध है मानवता से बढ़कर कुछ नहीं, समिति के कारण हजारों लोगों की जान बचाई गई एक समय ऐसा था जब खून के लिए लोग दर-दर भटकते थे परंतु जय श्री राम समिति के गठन के पश्चात ही लोगों के पास एक विकल्प मिला,जब भी किसी को खून की आवश्यकता पड़ती है दिल और दिमाग में एक ही नाम उभर कर सामने आता है ओ नाम है जय श्री राम समिति, समिति के लोगो की सेवा भाव ही है जिसकी वजह से कई जिंदगियां बची और उनके आंगन रोशन से खिल गए। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो, जिला मंत्री रामकुमार साहू, राहुल कुमार, विनोद साहू, बैजनाथ साहू आदि लोग मौजूद थे।

## बालक में डुमरी व बालिका में कामडारा की टीम बनी विजेता

**मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबाल प्रतियोगिता के विजेता टीम को किया सम्मानित, कहा- राज्य स्तर पर प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करें खिलाड़ी**

खबर मन्त्र संवाददाता



विजेता टीम को शील्ड देते डीसी, डीएसपी व अन्य

**गुमला।** पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार व जिला प्रशासन गुमला के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम में जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबाल प्रतियोगिता हुआ। जिसमें बालक-बालिका दोनों वर्गों में फाइनल मैच खुला गया। बालक वर्ग में डुमरी व कामडारा के टीम के बीच मैच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में डुमरी की टीम ने कामडारा की टीम को 2-0 गोल से पराजित किया। जिसमें बेस्टर स्कोरर सूरज बाखला को चुना गया। वहीं बालिका वर्ग का फाइनल मैच कामडारा की टीम व गुमला प्रखंड के मुरकुंडा की टीम के बीच खेला गया। जिसमें कामडारा की टीम 4 गोल से मुरकुंडा की टीम को पराजित किया। इस अवसर पर उपायुक्त सुशांत गौरव ने प्रतियोगिता के विशेष आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि जिले की टीम राष्ट्रीय स्तर पर सुब्रतो मुखर्जी फुटबाल प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर चुकी है। हमें उम्मीद है कि मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबाल प्रतियोगिता की विजेता टीम राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर जिला का नाम रोशन करेगी। इस अवसर पर विजेता टीमों को उपायुक्त सुशांत गौरव, डीएसपी व जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन के द्वारा शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया।

## जनता को मुख्यमंत्री कर रहें हैं गुमराह : मनीर उरांव



**लोहरदगा।** भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने लोहरदगा में खतियानी जोहार यात्रा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने जितनी भी बातें कही वह पूरी तरह निराधार है। बालू ऑक्शन से सलाना 300 करोड़ वाली राजस्व घाटा विकास, खाद्यान्न की अवैध खनन कर अरबों के घोटाले सरकार के लोगों की संलिप्तता और संरक्षण, राशन घपला , सड़क ज्यों का त्यों ,लगातार अलग अलग जगह दंगे , सदर अंचल तक भ्रष्टाचार विकास, संवेदक लाचार , उग्रवाद की पुनः वापसी ,बिजली में भारी कटौती स्थिति यह है कि राजा के साथ केवल उपस्थित रहने वाली रानी बन गई है बिजली जहाँ राज्य के मुख्यमंत्री के प्रवास वहीं रहने तक सुचारू रहती है बिजली परंतु अपनी जिम्मिवारायों को पूरा करने के बजाय पुनः एक बार अपने कार्यकर्ता और गरीबों भीड़ इकठ्ठा कर गुमराह करने की कोशिश की जा रही है।

## नया भारत गढ़ो पर प्रतियोगिता

**रामकृष्ण आश्रम रांची के द्वारा आयोजित क्विज प्रतियोगिता में 350 छात्रों ने लिया भाग**





**गुमला।** रामकृष्ण आश्रम मोराबादी रांची के द्वारा नया भारत गढ़ो संबंधी क्विज एवं सस्वर पाठ का जिला स्तरीय प्रतियोगिता एस.एस. टेन प्लस टू उच्च विद्यालय गुमला में आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय स्तर पर उच्चतम प्राप्तांक विद्यार्थियों का ब्लॉक स्तर पर समेकित करते हुए जिला स्तर के प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया था। जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता कक्षा 3 से 12 एवं सस्वर पाठ कक्षा 3 से10 के लिए आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कुल 350 विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह जानकारी रामकृष्ण मिशन आश्रम द्वारा नियुक्त जिला कोऑर्डिनेटर डॉ.कृष्ण कुमार ने दी। इस कार्यक्रम में रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी के स्वामी अय्यप्पानंद एवं शिवजी सिंह उपस्थित थे। जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री सुरेंद्र पांडेय ने पुष्प कुछ देकर उनका अभिनंदन किया। स्वामी अय्यप्पानंद ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों को प्रचारित प्रसारित करने के उद्देश्य से तथा उनके जीवन दर्शन का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के माध्यम से यह प्रतियोगिता आयोजित की गई है। जिला स्तर पर जो प्रतिभागी चुने जाएंगे 18 दिसंबर को राज्य स्तर के लिए प्रतियोगिता ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। मौके पर एडीपीओ श्री पीयूष कुमार ,श्री दिलदार सिंह ,अभिजीत सेन ,निशा कुमारी, आभा गुप्ता व अन्य उपस्थित थे।

## खिलाड़ी मेहनत करें तो एक दिन कामयाबी अवश्य मिलेगी : डीडीसी

**गरिमा सिंह ने मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट का किया उद्घाटन**

खबर मन्त्र संवाददाता



**लोहरदगा।** पर्यटन, कला-संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय के निर्देश पर बुधवार को जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का शुभारंभ नदिया प्लस टू हिंदू उच्च विद्यालय, लोहरदगा में किया गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबॉल को किक मार कर किया गया। पहला मैच बालक वर्ग में कुडू और सदर प्रखण्ड के बीच खेला गया। प्रतियोगिता का समापन 15 दिसंबर को होगा। मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह ने कहा कि स्पोर्ट्स के क्षेत्र में देशभर में झारखंड का नाम है। आप मेहनत करें तो एक दिन मंजिल अवश्य मिलेगी। जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो ने कहा कि आप इसी तरह मेहनत करते रहे तो एक दिन मुकाम अवश्य हासिल करेंगे। आप जिला स्तरीय प्रतियोगिता बेहतर कर राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भी बेहतर प्रदर्शन करें। कार्यक्रम में लोकनाथ कला जत्था दुंदरू पेशरार की टीम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में खेल पदाधिकारी शिवेंद्र सिंह, खेल सहायक लखन राम व अन्य शामिल थे।

## गाय व बकरी शेड की एसडीओ ने की जांच

**खबर मन्त्र असर**

**मापी पुस्तिका मिला गायब, काम पूरा होने के बाद भी भुगतान नहीं किये जाने पर जतायी नाराजगी कहा- रिपोर्ट डीसी को सौंपेंगे**

खबर मन्त्र संवाददाता



बेलागढ़ा पंचायत में गाय व बकरी शेड निर्माण की जांच करते एसडीओ।

**घाघरा (गुमला)।** घाघरा प्रखंड के बेलागढ़ा पंचायत में गाय शेड और बकरी शेड में भारी अनियमितता का खबर प्रकाशित होने के बाद उपायुक्त गुमला के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी रवि जैन ने बुधवार को प्रखंड में विभिन्न योजनाओं की जांच की। जांच के क्रम में एसडीओ हालमाटी गांव पहुंचे। जहां स्थल में योजना का जांच करने के दौरान लाभुकों से एसडीओ ने बातचीत कर जानकारी हासिल किया गया। जांच के दरम्यिान उन्होंने अभिलेख की मांग की। जहां पर अभिलेख में मापी पुस्तिका नहीं थी। अभियंता स्पष्ट जवाब नहीं दे रहे थे। बीपीओ अजय भगत भी बचाव करते नजर आए। प्रखंड विकास पदाधिकारी भी कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे पा रहे थे। एसडीओ रवि जैन ने सभी योजनाओं का मापी कराया और गुणवत्ता को भी देखा। उन्होंने बकरी शेड और गाय शेड का योजना पूर्ण होने के बाद भी भुगतान नहीं होने के कारण काफी नाराजगी जताया और कहा कि योजनाओं का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर हो किसी का चेहरा देखकर ना हो। नहीं तो किसी भी कीमत पर दोषी बख्शे नहीं जाएंगे। रिश्ता और चेहरा देखकर भुगतान करना भ्रष्टाचार का परिचायक है।

उन्होंने योजना स्थल पर बोर्ड नहीं लगने पर भी नाराजगी जताया। एसडीओ रवि जैन ने कहा कि इस पूरे जांच का रिपोर्ट उपायुक्त गुमला को सौंपा जाएगा और दोषी बख्शे नहीं जाएंगे। जांच के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी विष्णु देव कच्छप, बीपीओ अजय कुमार, सहायक अभियंता सत्येंद्र उरांव, कनीय अभियंता पंकज कुमार के अलावे कई लोग शामिल थे।

## एक नजर में

### हरिकथा : ईश्वर को जानने के लिए संत सतगुरू की आवश्यकता है: साध्वी शीतल



**गुमला।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के द्वारा बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण करम टोली में आयोजित श्री हरि कथा चौथे दिन साध्वी शीतली भारती ने कहा कि चैतन्य महाप्रभु ने मानव जाति को यह संदेश दिया कि ईश्वर को आप बाहर ढूंढते हैं जबकि ईश्वर तो हमारे घट के भीतर हैं और उन्हें जानने के लिए एक संत सतगुरु की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन सतकर्मों के लिए मिला है। जिसका उपयोग हम जनहित में करके मानव जाति के उत्थान में अपना योगदान दे सकते हैं। इससे पूर्व आज मातृ शक्ति के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग प्रवचन सुनने आये थे।

### उपभोक्ता फोरम की अदालत ने शिकायतकर्ता को 3,89,000 भुगतान करने का दिया आदेश

**गुमला।** जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग गुमला की अदालत ने एक बोलेरो पिकअप वाहन चोरी होने के बाद शिकायतकर्ता सनत कुमार केसरी को बीमा कंपनी द्वारा राशि का भुगतान नहीं किए जाने पर अपना फैसला सुनाया है। अदालत ने न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को सेवा में की गई त्रुटि के लिए भी उत्तरदाई पाया है और सनत कुमार केसरी को बीमित राशि तीन लाख 89 हजार 454 का भुगतान करने का आदेश पारित किया है। अदालत ने इसके अलावा शिकायतकर्ता को मुकदमा लड़ने में हुए खर्च के लिए 5000 और मानसिक तथा शारीरिक परेशानी के लिए 5000 अलग से देने का आदेश पारित किया है।

### मुक्तिधाम को विश्वकर्मा समाज ने दिया 18 लॉकर



**गुमला।** पालकोट रोड गुमला स्थित मुक्तिधाम परिसर में संत रखने के लिए विश्वकर्मा समाज के संरक्षक अजय विश्वकर्मा के द्वारा बुधवार को अपनी पत्नी स्वर्गीय आशा विश्वकर्मा के प्रथम पुण्यतिथि पर 18 लॉकर भेंट किया। लॉकर नहीं होने से संत रखने में लोगों को काफी परेशानी होती थी। जिसे देखते हुए यह कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिन में पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा सामूहिक रूप से साफ सफाई का कार्य किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष सुरेश विश्वकर्मा, सचिव विनोद विश्वकर्मा, विकास विश्वकर्मा, विवेक विश्वकर्मा, दिलीप चक्रवर्ती, स्वप्निल विश्वकर्मा, सौरभ कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### भटकी युवती को पुलिस ने परिजनों को सौंपा



**चैनपुर।** थाना क्षेत्र के बेंदोरा गांव भटक कर पहुंची विक्षिप्त नाबालिग किशोरी को पुलिस ने बुधवार को जेएसएलपीएस की मदद से परिजनों को सौंप दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जोबला पाठ गांव निवासी जतरू कोरवा की 14 वर्षीय पुत्री गीता कुमारी भटक कर मंगलवार को बेंदोरा गांव पहुंच गई थी। वही पिता जतरू कोरवा ने बताया कि उसकी पुत्री बचपन से ही विक्षिप्त है। इधर बेंदोरा के ग्रामीणों ने एक अनजान किशोरी को गांव में भटकता पाया तो इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने जेएसएलपीएस की 2 सदस्य की मदद से भटक रही गीता कुमारी को मंगलवार की रात करीब 9 :00 बजे बेंदोरा से चैनपुर थाना लाया। जिसके बाद गीता को जेएसएलपीएस की सदस्य जन्नतुल खातून को सौंप दिया। दूसरे दिन बुधवार को जब गीता से पूछताछ की गई तो उसने अपने गांव का नाम बतलाया। जिसके बाद गांव जुमला पाठ से परिजनों को चैनपुर थाना बुलाया गया। जहां से चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह एवं एएसआई मदन शर्मा द्वारा आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद गीता को उनके परिजनों को सौंप दिया। मौके पर जैतून खातून और रिंकी देवी उपस्थित थी।

### स्कूटी चोरी कर भाग रहे चोर गिरफ्तार



डुमरी। डुमरी पुलिस ने चोरी की स्कुटी लेकर भाग रहे महुडांड निवासी 25 वर्षीय हसन अंसारी को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार डुमरी थाना क्षेत्र के जैरागी गांव निवासी अनित भगत पिता स्व. रमेश भगत का एक्टिवा स्कूटी जेएच 07 डी 5548 को रात्रि को घर के बाहर लगाया था। मौका देखकर हसन अंसारी स्कुटी उड़ाकर महुआडांड़ की ओर जा रहा था। घटना की सूचना डुमरी थाना को मिलते ही अभियुक्त को भंडार कुटलु के पास बाईक सहित पकड़ा।

### 18 वर्ष के लोग मतदाता सूची में नाम दर्ज कराएं

**घाघरा।** मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु चलाए जा रहे मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण के अंतर्गत ऑनलाइन किए गए प्रपत्रों का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुशांत गौरव ने बुधवार को घाघरा प्रखंड में जांच। इस क्रम में बंसरी गांव स्थित मतदान केंद्र 208 में ऑनलाइन किए गए प्रपत्र 6 में नए वोटर जोड़े गए पुनीता कुमारी के घर जाकर जानकारी ली।

## स्पीड न्यूज

### इटखोरी में मिलती है शांतिः सागर जी



**चतरा।** इटखोरी का सनातन धर्मावलंबियों की मां भद्रकाली व भगवान बुद्ध की तपोभूमि एवं जैन धर्मावलंबियों के दसवें तीर्थंकर स्वामी शीतलनाथ जी का जन्म स्थल भदलपुर तीन धर्मों का अनूठा संगम स्थल है। जहां दुनिया भर के लोग यहां शीश नवाने आया करेंगे। यह बात जैन धर्म गुरु आचार्य प्रमुख सागर जी महाराज ने इटखोरी स्थित तीर्थंकर शीतल नाथ स्वामी की जन्मभूमि पर कहीं। उन्होंने कहा कि महाने नदी के तट पर स्थित इस स्थल की तासीर ही धार्मिक है। यहां मां काली भद्र रूप में मां भद्रकाली के स्वरूप में विराजमान है। दसवें तीर्थंकर शीतलनाथ स्वामी का यहां जन्म हुआ है। इसी माटी पर भगवान बुद्ध ने भी तप किया है। ऐसे धार्मिक स्थल का विरले ही दर्शन होता है। जहां तीन धर्मों का समागम हुआ हो। जैन धर्म गुरु ने कहा कि मां भद्रकाली, भगवान बुद्ध तथा तीर्थंकर शीतलनाथ स्वामी के मंदिरों में जाकर असीम शांति प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पशु बलि तथा लहसुन प्याज के सेवन पर पाबंदी स्वागत योग्य निर्णय है। जैन धर्म गुरु ने स्थानीय लोगों से आग्रह किया कि इस धार्मिक स्थल को सदैव शाकाहार धार्मिक स्थल बनाकर रखें। उन्होंने तीर्थंकर शीतलनाथ की जन्मभूमि स्थल की चर्चा करते हुए बताया कि आने वाले पांच दस वर्षों के अंदर यह धार्मिक क्षेत्र काफी विकसित होगा। दुनिया भर के लोग यहां दर्शन पूजन के लिए आएंगे। जैन तीर्थंकर की जन्मभूमि पर आचार्य प्रमुख सागर जी महाराज तथा उनके साथ आए जैन मुनियों व जैन साध्वियों को विधान पूर्वक आहार कराया गया। इस मौके पर शीतलनाथ तीर्थ क्षेत्र कमेटी के महामंत्री सुरेश झांझरी, नरेंद्र झांझरी, स्वाति जैन, पंकज जैन आदि उपस्थित थे।

### एटक नेता का अनशन समाप्त

**सिमरिया( चतरा)।** एसडीओ सुधीर कुमार दास द्वारा प्रभारी एमओ को प्रभार मुक्त करने के अनुसंशा के बाद पिछले तीन दिनों से चला आ रहा एटक नेता विनोद बिहारी पासवान का आमरण अनशन समाप्त हो गया।एसडीओ ने प्रभारी एमओ को मदमुक्त करने के अनुसंशा के अलावा जांच टीम गठित कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई का भी आश्वासन दिया। जिसके बाद एटक नेता ने आमरण अनशन वापस ले लिया।इसके पूर्व आमरण अनशन के समर्थन में सिमरिया चौक स्वत स्फूर्त बंद रहा। व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के शटर बंद रहे और चौक पर सन्नाटा छाया रहा। अनशन स्थल पर डीलर संघ के सदस्यों ने भी एटक नेता से मुलाकात की और अनशन समाप्त करने का आग्रह किया। डीलर संघ के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में डीलरों ने भविष्य में अनियमितता नहीं करने का संकल्प लिया। अनशन के दौरान लगातार उन्हें जनप्रतिनिधियों समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों का समर्थन प्राप्त होता रहा। अनशनकारी एटक नेता विनोद बिहारी पासवान ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा संघर्ष करता रहा हूं।मैने अपना जीवन इस मातृभूमि के लिए समर्पित कर दिया हूं। उन्होंने अनशन के दौरान मिले अपार जनसमर्थन के प्रति आभार जताया है। और क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की है।

### टंडवा : पत्रकार के पिता का निधन

**टंडवा (चतरा)।** पत्रकार जितेंद्र सिंह चौहान के पिता रामचंद्र सिंह का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया। बुधवार सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे, इस दौरान अचानक गिर गए जिससे उनकी मौत हो गई। लगभग 65 वर्षीय रामचन्द्र सिंह समाज के काफी धनी व्यक्ति थे। उनकी निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। निधन की सूचना पाकर टंडवा पत्रकार संघ, विधायक किशुन दास, राजनीतिक पार्टी के जनप्रतिनिधिगण समेत समाजसेवियों ने दु:ख प्रकट करते हुवे भगवान से उनकी आत्मा की शांति प्रदान को लेकर कामना कर रहे हैं।

### मुख्यमंत्री के चतरा आगमन को लेकर डीसी ने तैयारियों की समीक्षा

चतरा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चतरा आएंगे। इस दौरान वे चतरा जिला में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। इसकी तैयारी को लेकर उपायुक्त अबु इमरान ने जिले के सभी विभागों के साथ बारी बारी से समीक्षा करते हुए उन योजनाओं के प्रगति का जायजा लिया। सभी पदाधिकरियों को साफ शब्दों में निदेश दिया है कि गत आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आये शत प्रतिशत मामलों का निष्पादन हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने अपने विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं का निष्पादन हर हाल में कर लें। सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, केसीसी, सूखा राहत योजना और मनरेगा सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट हैं। इनके कार्यान्वयन में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नही की जाएगी। साथ ही अपेक्षित प्रगति नही होने पर उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को विकास योजना से जोड़ने के लिए सभी पदाधिकारियों को निदेश दिया। लंबित आवेदनों को यथाशीघ्र सत्यापन कर उनका ससमय निष्पादन करें। जो जरूरतमंद अब तक इन योजनाओं से वंचित हैं उन्हें मिशन मोड़ में अभियान चलाकर उनको समुचित लाभ दें। बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा मुमताज अंसारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद अभय कुमार झा समेत जिले के सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### थाना प्रभारी से मिला यंगस्टार ग्रुप



**रमना।** यंगस्टार ग्रुप एंड ट्रस्ट के सदस्यों ने रमना के नये थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा से मुलाकात की तथा सड़क सुरक्षा व सामाजिक सुरक्षा को लेकर चर्चा की। इस दौरान रमना मेन बाजार में सड़क किनारे सब्जी का दुकान लगने से जाम का स्थिति को लेकर चर्चा की गई। थाना प्रभारी ने कहा कि सड़क जाम से रमना वासियों के साथ-साथ आने जाने वाले राहगीरों को जाम से जल्द ही निजात दिलाएंगे। रमना मेन सड़क किनारे लगाने वाले दुकानदारों को समझा बुझाकर उन्हें सही जगह पर दुकान लगाने की गुजारिश किया जाएगा। मौके पर यंग स्टार ग्रुप के अध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार, शुभम कुमार, विश्वकर्मा सोनी, पंकज कुमार आदि उपस्थित थे।

## टीवी मुक्त गढ़वा के लिए स्वास्थ्य विभाग व ग्रासिम ने चलाया अभियान

# मरीजों को दी गयी दवा व पौष्टिक आहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गढ़वा।** गढ़वा में यक्ष्मा मरीजों का दर्द दूर करने का बड़ा प्रयास की शुरूआत की गई। प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम के तहत बुधवार को स्वास्थ्य विभाग एवं बीसीसीएल सेवा ट्रस्ट रेहला के संयुक्त तत्वाधान में व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र बेलचम्पा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर 25 यक्ष्मा रोगियों के बीच पौष्टिक आहार का वितरण किया गया।

मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में गढ़वा सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ कमलेश कुमार,ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड कैमिकल डिवीजन रेहला के मानव संसाधन प्रमुख अजीत तिवारी एवं डॉ दिनेश कुमार सिंह मौजूद थे। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि माइक्रो बैक्टीरिया से टीवी की बीमारी होती है। उसे एंटीबैक्टीरियल दवा से नष्ट किया जाता है। दवा छोड़ने के बाद फिर से बीमारी हो जाती है। इसलिए दवा के लिए बनाए गए समय सीमा के अंदर पूरी खुला खाने से ठीक हो जाता है। उन्होंने कहा कि यक्ष्मा लन्स, हड्डी तथा स्कीन के अलावे शरीर के सभी अंगों पर असर करता है। इससे सांस प्रणाली में परेशानी उत्पन्न होती है।

उन्होंने कहा कि यक्ष्मा फेफड़े में होता है जो फैलने वाला होता है। मरीज जितनी बार खाएगा उतनी बार बैक्टीरिया बाहर निकलेगा और आसपास के लोगों को अपनी चपेट में ले लेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 2025 तक भारत से यक्ष्मा को समाप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी के तहत युद्ध स्तर पर यह कार्य किया जा रहा है। सिविल सर्जन ने कहा कि इस मामले में हमें सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करना होगा और लोगों को जागरूक करना होगा। तभी इसे अभियान में सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि अगर आप टीवी के मरीज हैं तो आपको भीड़-भाड़ से दूर रहना होगा और हमेशा अपने मुंह को ढक कर रखना होगा ताकि इस मुंह से निकलने वाले बैक्टीरिया दूसरे के शरीर में प्रवेश न कर सके। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा यक्ष्मा के मरीजों को मुफ्त में दवा दी जाती है तथा पौष्टिक आहार के लिए प्रतिमाह 500 रुपये दिए जाते हैं। सिविल सर्जन ने कहा कि किसी भी अभियान को सफल बनाने में सामुदायिक प्रयास काफी कारगर साबित होता है। हमें सामाजिक सहयोग सवार दो सामंजस्य को बनाते हुए इस अभियान को सफल बनाना होगा। ग्रासिम इंडस्ट्रीज के मानव संसाधन प्रमुख अजीत तिवारी ने कहा कि ग्रासिम सीएसआर के तहत 5 बिंदुओं पर काम कर रही है। उसमें हेल्प भी शामिल है। जिससे प्राथमिकता के आधार पर पिछले दो साल से आसपास के क्षेत्रों में काम किया जा रहा है। अब ग्रासिम सीएसआर टीवी उन्मुख टीवी उन्मूलन के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहा है।

उन्होंने कहा कि हमारा छोटा सा प्रयास मरीजों को पौष्टिक आहार देकर उनके चेहरे पर मुस्कान लाएगा। इस अवसर पर जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ कमलेश कुमार, गढ़वा सीएचसी प्रभारी डॉ दिनेश कुमार सिंह, डॉ आर्यन सिंह, आनंद किशोर, प्रणव पांडा, अनिल गिरी, राकेश तिवारी, विक्रम मनी सहित काफी संख्या में मरीज और उनके परिजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अनिल गिरी ने किया।

# चतरा में नक्सलियों के खिलाफ जल्द चलेगा कांबिंग ऑपरेशन

**सीआरपीएफ के आइजी अमित कुमार ने पुलिस अधिकारियों के साथ की बैठक, दिया निर्देश**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** जिले में नक्सलियों की बढ़ती गतिविधि पर अंकुश लगाने को लेकर बुधवार को सीआरपीएफ 190 बटालियन मुख्यालय स्थित सभा कक्ष में सीआरपीएफ महानिरीक्षक अमित कुमार, अभियान पुलिस महानिरीक्षक अमोल वी होमकर, जगुआर उप-महानिरीक्षक अनुप बिरथरे, सीआरपीएफ उप महानिरीक्षक बीके शर्मा की बैठक हुई। इसमें चतरा एवं लातेहार जिले के पुलिस अधीक्षक, समादेष्टा सीआरपीएफ, कोबरा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में टंडवा के एसडीपीओ शंभू कुमार सिंह समेत कई अधिकारी मौजूद थे। सीआरपीएफ महानिरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ जल्द चलेगा कांबिंग ऑपरेशन।

उन्होंने नक्सलियों के खिलाफ कुर्की जब्ती, गिरफ्तारी एवं सघन अभियान चलाते हुए कड़ी कार्रवाई करने का दिया निर्देश। गौरतलब हो कि सदर थाना क्षेत्र के बरैनी पंचायत के करमाही गांव के समीप बन रही सड़क निर्माण कार्य में लगी दो जेसीबी मशीन को आग के हवाले कर दिया था। सड़क का निर्माण कार्य साढ़े पांच करोड़ की लागत से किया जा रहा है। लगातार नक्सलियों के बढ़ते गतिविधि से विकास कार्य कराने वाले संवेदको में भय है। सबसे बड़ा आश्चर्य कि बात है कि घटनास्थल से महज चार किलो मीटर पर पुलिस का पिकेट स्थापित है। इसके बावजूद 20 से 25 की संख्या में नक्सली पहुंचकर घटना को अंजाम देकर आराम से चलते बने।

### किंडर गार्टन में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

कोडरमा। जिला मुख्यालय स्थित किंडर गार्टन स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य मुकेश पांडेय ने विधिवत किया। इस मौके पर छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि पढाई के साथ-साथ खेलकूद भी जरूरी है, इसके नियमित अभ्यास से मानसिक और शारीरिक विकास होता है। श्री पांडेय ने कहा कि एक सप्ताह तक चलने वाले प्रतियोगिता के दौरान छात्र छात्राओं के लिए विभिन्न प्रकार की स्पधाएं आयोजित की जाएंगी, इसमे 200, 300 और 400 मीटर दौड़, लंबी कूद, कब्बडी, सुई धागा दौड़ के अलावे चेयर रेस, चित्रकला, क्विज, फ्रॉग रेस, बिस्कुट रेस आदि प्रतियोगिताएं शामिल है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अनुशासित ढंग से बेहतर खेल का प्रदर्शन करने की अपील की है। प्रतियोगिता के पहले दिन जूनियर वर्ग के लिए 100 और 200 मीटर रेस तथा चेयर रेस का आयोजन किया गया। वहीं सीनियर वर्ग के लिए 15 दिसम्बर से 300 और 400 मीटर रेस के अलावे स्पून रेस, फ्रॉग रेस, बिस्कुट रेस, लंबी कूद, कबड्डी आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। विभिन्न प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को 22 दिसम्बर को विधालय स्थापना दिवस समारोह के दौरान पुरस्कृत किया जाएगा।

# आवास के लिए पत्नी ने पिता को बनाया पति



चतरा। सदर प्रखंड कार्यालय में बहुत ही गड़बड़ झाला है। यहां एक महिला ने जीते जी पति को दिया मार और पिता को ही पति बना डाला है। महिला देवरिया पंचायत के रमना गांव निवासी अरुण लोहरा की पत्नी है। जो महज एक अंबेडकर आवास लेने के लिए पति को दरकिनार कर अपने ही मृतक पिता को पति बना ली और आवास ले लिया। मामले में अगर कहा जाए कि बीडीओ साहब की भूमिका संदिग्ध है तो वो गलत नहीं होगा। क्योंकि आवास जिसके नाम से दिया गया है उसका पति अर्थात अरुण लोहरा बीडीओ साहब के ही आवास पर खेती बाड़ी का काम करता है। ऐसे में बीडीओ ने सारे नियमों को ताक पर रखते हुए महिला के मृतक पिता को ही पति बनाकर आवास दे डाला। मामले को लेकर बीडीओ ने बताया कि आवास विधवा को नहीं दिया गया है। बल्कि आपदा प्रबंधन के तहत दिया गया है।

लेकिन सवाल यह उठता है कि जिस महिला के नाम आवास दिया गया है उसमें पति का नाम क्या है। अगर पति के जगह पिता का नाम है तो उसे अपने पति के घर अर्थात ससुराल में आवास कैसे मिला। उसे उक्त आधार कार्ड के माध्यम से तो अपने मायके में आवास मिलना चाहिए था। मामला जो भी इसकी सही से जांच होने के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा।

### 41 लाख ठगी में मामला दर्ज

कोडरम। आमतौर पर लोगों की सुविधा के लिए सरकार सभी सेवाएं ऑनलाइन कर रही है। सरकार दावा करती है कि ऑनलाइन सुविधा के माध्यम से लोगों को सहूलियत मिल रही है और लोगों का घर बैठे काम हो रहा है लेकिन इसके विपरीत ठगी का शिकार हुआ एक युवक को ऑनलाइन एफआईआर के चक्कर में करीब 5 महीने का समय बीत गया, लेकिन केस दर्ज नहीं हुआ। इसके बाद तिलैया थाना क्षेत्र के ताराटांड़ में एक 24 वर्षीय युवक के साथ करीब 5 महीने पहले 11 लाख 41 हजार रुपए की हुई ठगी की घटना को लेकर तिलैया थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। दरअसल 24 जुलाई को घटना के वक्त पीड़ित युवक द्वारा ऑनलाइन एफआईआर दर्ज की गयी थी। लेकिन लंबे समय बाद भी ऑनलाइन एफआईआर के आधार पर कोई कार्रवाई नहीं होने पर युवक ने घटना को लेकर तिलैया थाना में लिखित शिकायत की। इसके बाद प्राथमिकी दर्ज हुई है। साइबर ठगी का शिकार हुआ युवक प्रतीक छाबड़ा ने बताया कि बैंक ऑफ बड़ौदा एवं एक्सिस बैंक में उसका बैंक अकाउंट है। 12 जुलाई को एक अनजान मोबाइल नंबर 8100016296 से एक कॉल आया एवं कॉल करने वाले ने बताया कि वह एसबीआई योनो कार्यालय मुंबई से बोल रहा है। कॉल करने वाले ने उसे विश्वास में लेते हुए व्हाट्सएप पर एक लिंक भेज कर एक ऐप डाउनलोड कराया और बैंक से लिंक मोबाइल नंबर को अगले दो दिनों तक के लिए बंद करवा दिया।

# लापरवाह संवेदकों पर होगी कार्रवाई : डीसी

**चतरा उपायुक्त ने कई विभागों की समीक्षा, दिया निर्देश**

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला स्तरीय तकनिकी समिति की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से तकनीकी विभागों अन्तर्गत संचालित योजनाओं की अब तक की स्थिति एवं लंबित कार्य, पूर्ण कार्य को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल चतरा, नगर परिषद चतरा समेत अन्य तकनिकी विभागों का विभागवार बारी बारी से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उन्होने तकनिकी विभागों द्वारा मदवार प्राप्त प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए अपूर्ण योजनाओं को लेकर जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि अगर योजनाओं में संवेदक के द्वारा लापरवाही की जा रही है तो वैसे संवेदक को चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई करें। वहीं उन्होने कहा कि वन क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्य जो वन क्षेत्र होने के कारण योजना लंबित है उस स्थिति में वन विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर कार्य प्रारंभ कर शीघ्र पूर्ण करें। पेजजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल चतरा द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने हर घर नल योजना कि लक्ष्य के विरूद्ध किए गये कार्य की जानकारी लेते हुए तय समय सीमा के अंदर शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मण्डल, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद अभय कुमार झा, कार्यपालक अभियंता पेजजल एवं स्वच्छता प्रण्मडल अविक अंबाला, कार्यपालक अभियंता लघु सिंचाई प्रमण्डल मोहनचन्द्र गुप्ता समेत अन्य संबंधित तकनिकी विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## एक नजर में

### खिलाड़ियों को डीएसई ने रांची किया रवाना



कोडरमा। राज्य स्तरीय खेलो झारखंड के तहत रांची में 15 से 17 दिसंबर को आयोजित होने वाले प्रथम चरण के प्रतियोगिता के लिए कोडरमा से जिला स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को बुधवार को डीएसई नयन कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बतादें कि कोडरमा से लगभग 70 प्रतिभागी एवं 10 शिक्षकों को रांची रवाना किया गया। मौके पर क्रांति कुमार चांद, विकास कुणाल प्रजापति, कंचन कुमारी, सुनील कुमार दास, प्रदीप सिंह, संजीत भारती, जगन कुमार दास, प्रतिक्षा मिंज, कनकलता टोप्पो सहित बच्चे व शिक्षक मौजूद थे।

### विधायक ने कृष्णा सदन का किया शिलान्यास



मरकच्चो (कोडरमा)। पंचायत दशारो खुर्द स्थित शिव मंदिर प्रांगण में विधायक डॉ. नीरा यादव ने कृष्णा सदन का शिलान्यास किया। बताते चलें कि यह 10 लाख की लागत से बनाया जा रहा है। वहीं सदन का शिलान्यास के बाद विधायक ने प्रखंड के ग्रामीण जनता के जन समस्या से अवगत हुई। वहीं कार्यकताओं के साथ बैठक में विभिन्न क्षेत्रों से विभिन्न प्रकार की समस्या आई, जिसमें मुख्य रूप से नदी किनारे खेती करने के लिए सिचाई की व्यवस्था कराने की मांग किया गया। वहीं दूसरी ओर प्रखंड मुख्यालय में बन्द पड़े शौचालय को जल्द से जल्द चालू कराने की बात कही गई। बैठक में कई तरह के मामलों को विधायक के समक्ष रखा गया तथा निवारण किया गया। मौके पर सुरेंद्र यादव, विजय यादव, यमुना यादव, सुनील यादव, बसन्त साव, पप्पू सिंह, पवन यादव, शंकर यादव, नवीन सिंह, सदानंद वर्मा, लक्ष्मण रज्जक, बबलू यादव, रामचंद्र यादव, त्रिपुरारी रजक, महेश यादव, नरेंद्र सिंह समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

### छात्रा के खाते से उड़ाया 10 हजार रुपए

**कोडरमा।** साइबर ठगी के एक मामले में राजकीय पॉलिटेक्निक की एक छात्रा के खाते से साइबर अपराधियों ने 10 हजार रुपए उड़ा लिये। छात्रा मरकच्चो प्रखंड के मूर्कमनाई निवासी ने थाने में आवेदन देकर बताया है कि गुरुवार को मोबाइल नंबर पर अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर अपने को बैंक कर्मी बताते हुए कहा कि उसका अकाउंट बंद हो चुका है। इसे चालू करने के लिए आईडी और अकाउंट नंबर बताएं, जिससे कि उसके खाते को दोबारा चालू किया जा सके। इसके बाद फोन करने वाले ने उसके मोबाइल पर गए ओटीपी नंबर को बताने को कहा। जब उसने उस व्यक्ति को ओटीपी नंबर बताया तो उसके खाते से 10 हजार रुपए निकाल लिये गये।

### वनकर्मी मामले में दो पर मामला दर्ज

कोडरमा। अवैध तरीके से लकड़ी का परिवहन किए जाने के दौरान रोके जाने पर कर्मियों को घायल करने के मामले में दो लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस बावत कोडरमा वन क्षेत्र के वन उप परिसर पदाधिकारी हीरामन उरांव की ओर से दर्ज कराये गये मामले में कहा गया है कि गस्ती के दौरान चुटियारों गांव के पास चिरान लकड़ी लदे एक टाटा मैजिक वाहन को रोकने का इशारा किये जाने पर वाहन का चालक गाड़ी को तेज गति से भगाने लगा। जिसका पीछे कर पकड़ने के दौरान चालक ने मोटरसाइकिल को धक्का मारते हुए उन्हें कुचलने का प्रयास किया। इस घटना में वह घायल हो गए और उनका मोटरसाइकिल बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। साथ ही टाटा मैजिक को चालक ने जबरन भगा ले गया। उन्होंने कहा है कि अवैध लकड़ी के साथ वाहन पर चुटियारो निवासी केवल साव व अजय साव बैठा हुआ था। जिसके इशारे पर ही उन्हें कुचलने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा है कि घटना में घायल होने के बाद इलाज में हुई विलंब के कारण थाने में प्राथमिकी देर से दर्ज कराई जा रही है।

### पांच छात्रों को मिलेगी मुख्यमंत्री छात्रवृति

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विद्यालय योगिडीह के पांच छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री मेघा छात्रवृति योजना 2022 में सफलता प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। सफल छात्र छात्राओं में अनीशा कुमारी, आरती कुमारी, रुक्सार प्रवीण, देवनंदन कुमार एवं अमन कुमार का नाम शामिल हैं। वहीं विद्यालय परिवार इनके सफलता पर उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं प्रभारी प्रधानाध्यापक विनोद कुमार सिन्हा ने इन सभी छात्र-छात्राओं के सफलता का श्रेय इनके मेहनत, शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन को दिया है। मौके पर दुखहरण साव, नूनमन विश्वकर्मा, दिनेश सिन्हा, किशोर रविदास, रामपुकार ओझा आदि ने भी बच्चों की सफलता पर शुभकामनाएं दी।

### फरार अभियुक्त के घर में चिपकाया इश्तेहार



**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही पुलिस ने डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महथाडीह निवासी फरार नामजद अभियुक्त सरोज कुमार उर्फ बब्लू मेहता पिता भीमलाल साहू उर्फ गुलाब मेहता को हाजिर करने को लेकर उसके घर पर बुधवार को ग्रामीणों व परिजनों के समक्ष इश्तेहार चिपकाया गया। वहीं बताया जाता है कि सरोज कुमार के खिलाफ नवलशाही थाना में कांड संख्या 13/22 दर्ज हैं, उक्त मामले में वह लगातार फरार हैं। वहीं थाना प्रभारी पंचम तिग्गा ने बताया कि उक्त फरार अभियुक्त के घर पर न्यायलय से निर्गत इश्तेहार चिपकाने के बाद आत्मसमर्पण नहीं करने की स्थिति में कुर्की जब्ती की करवाई की जाएगी। मौके पर एएसआई दिलशाद अहमद, प्रमेंद्र कुमार, संदीप कुमार समेत कई पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

### पेंशनर समाज की बैठक 17 जनवरी को

**कोडरमा।** झारखंड राज्य पेंशनर समाज जिला शाखा कोडरमा की एक बैठक बुधवार को अध्यक्ष नारायण मोदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किये गये, जिन पेंशनर, पारिवारिक पेंशनर ने सप्तम पेंशन पुनरीक्षण का प्रपत्र अब तक वित्त विभाग झारखंड सरकार के अनुसार नहीं भरा है, वह जल्द से जल्द प्रपत्र भरकर उचित माध्यम से महालेखाकार झारखंड रांची को भेजें ताकि उन्हें आर्थिक लाभ मिल सके। वहीं जिला शिक्षा अधीक्षक से मांग की गई कि अर्जुन दुसाध की प्रोन्नति का मामला का निष्पादन किया जाए। ठंड पड़ने के कारण पेंशनर दिवस स्थापना दिवस का आयोजन 17 दिसंबर के स्थान पर 17 जनवरी 2023 को किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम ध्वजाधारी धाम मंदिर परिसर में निर्धारित है। बैठक में गिरिजा नंदन प्रसाद, कृष्ण कुमार, सुरेंद्र प्रसाद मोदी, महेश पांडेय, सीता प्रसाद, यदुनंदन प्रसाद, चंद्रिका प्रसाद, राजकुमारी देवी, मोती देवी, मुनेश्वर सिंह, राजेंद्र सिंह, इबनुल हसन आदि माजूद थे।

### मरकच्चों में 30 बिरहोरों को मिला कंबल



मरकच्चो (कोडरमा) मूर्कमनाय पंचायत स्थित बरियाडीह बिरहोर कालोनी के 30 बिरहोर परिवारों के बीच प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह बीडीओ पप्पू रजक ने बुधवार को कम्बल का वितरण किया। इस दौरान प्रमुख एवं बीडीओ ने संयुक्त रूप से बताया की झारखंड सरकार द्वारा गरीब, असहाय, लाचार परिवारों के प्रखंड में कम्बल का व्यवस्था किया गया है। जिसे प्रखंड के सभी पंचायत के जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र के सभी गरीब असहायों के बीच कम्बल का वितरण किया जा रहा है। मौके पर सहदेव यादव, दीपक कुमार, उपेंद्र यादव समेत अन्य कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### प्रस्तावित बनहरदी कोल ब्लॉक को लेकर आम सभा में ग्रामीणों ने कहा

# पहले जमीन संबंधी त्रुटियों में हो सुधार तब करेंगे बात

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** एनटीपीसी की प्रस्तावित बनहरदी कोल ब्लॉक को लेकर विस्थापित हो रहे बारी ग्राम पंचायत में चंदवा अंचलाधिकारी के निर्देश के आलोक में बुधवार को बारी में आम सभा का आयोजन किया गया। आम सभा प्रस्तावित बनहरदी कोल ब्लॉक में बैठक जंगल झाड़ी एवं अधिसुचित वन भूमि के आयोजन करने हेतू अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परम्परागत वन निवासी (वन अधिकारो की मान्यता 2016) के तहत प्रक्रिया को पूर्ण कराते हुये अन्नापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत कराने हेतू आयोजित थी। आम सभा की अध्यक्षता ग्राम प्रधान रोबेन उरांव कर रहे थे। आम सभा मे ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी के समक्ष कई प्रस्तावों को रखा। जिस पर सकारात्मक चर्चा हुई। ग्रामीणों ने कहा कि पहले जमीन संबंधी त्रुटियों में सुधार किया जाए। हाल सर्वे में व्यापक मात्रा में जमीन सम्बधी त्रुटि है।

अधिकांश का जमीन इधर का उधर हो गया। किसी का जमीन दूसरे रैयत के नाम चढ़ गया है, तो किसी का वन विभाग व अनाबाद


आम सभा में मौजूद ग्रामीण

बिहार सरकार में चला रहा है। 1994-95 में जिन किसानों का जमीन बंदोबस्ती हुआ है उसका रसीद नहीं कट पा रहा है।

जिस पर जवाब देते हुए अंचलाधिकारी ने कहा की जमीन संबंधी जिन समस्याओं का समाधान अंचल से संभव है, उसके समाधान को लेकर आपके पंचायत में ही प्रत्यके गुरुवार को कैंप लगाकर समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। जिस समस्याओं का समाधान अंचल से संभव नहीं है, उसके समाधान के लिए आप सभी न्यायालय का सहारा ले, आप सभी को अंचल से जो कागजी मदद बन पाएगा, उसे अंचल पूरा करेगी। इस दौरान ग्रामीणों ने लंबित वन पट्टा का समाधान करने करने की बात कही। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक उनकी जमीन संबंधी समस्याओं का निराकरण नहीं निकल जाता, तब तक कोल ब्लॉक को लेकर वे कोई बात नहीं करेंगे। वहीं काफी संख्या में ग्रामीण किसी भी कीमत पर जमीन नही देने की बात पर अड़े नजर आए व किसी प्रकार के कार्यवाही पंजी में हस्ताक्षर करने से असहमति जता दिया।

जिसके बाद आज भी ग्राम समाप्त कर दिया। मौके पर मुखिया सुष्मिता कुमारी, अंचल सीआई ऋषि देव कमल, लाल जनमेजय नाथ शाहदेव, जीतन उरांव, इसराफिल अंसारी, रमेश उरांव, सरिता देवी, दयामनी देवी, अशोक भुइयां, राजू भुइयां, एनटीपीसी के अधिकारी व कर्मी समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

**एक नजर में**

## अवैध कोयला लदा हाईवा जब्त, चालक फरार


जब्त हाईवा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक अवैध कोयला लदा हाईवा जप्त किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया की मंगलवार देर रात करीब 2:30 बजे उन्हें गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि एक अवैध कोयला लदा हाईवा ओडी09पी3445 बुकरू से बालूमाथ की ओर आ रही है।

सूचना के बाद एक टीम का गठन किया गया और बालूमाथ कोयला साइडिंग जाने वाले मार्ग में झारखंड ढाबा के समीप वाहन चेकिंग अभियान लगाया गया। चेकिंग के दौरान हाईवा को पकड़ा गया। हालांकि पुलिस को देख हाईवा चालक अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा। पकड़े गए हाईवा में करीब 22टन कोयला लदा हुआ है। जिसकी बाजार कीमत करीब एक लाख रुपए बताई जाती है। इस सबंध में बालूमाथ थाना कांड संख्या 232/22 धारा 379,411,414 भादवी, 21 एमएमडीआर एक्ट, 30(2)कोल माइंस एक्ट,झारखंड मिनिरल रुल्स के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। वहीं छापेमारी दल में बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, एसआई सुनील कुमार, बालूमाथ थाना के शस्त्र बल के जवान उपस्थित थे।

## महुआडांड़ बोलेरो दुर्घटनाग्रस्त दो घायल


दुर्घटनाग्रस्त वाहन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र अंतर्गत महुआडांड़ लोध फॉल मुख्य पथ में बोलेरों दुर्घटनाग्रस्त होने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार महुआडांड़ लोध फॉल पथ में बोलेरो में सवार होकर कुछ लोग लोध फॉल से महुआडांड़ की ओर आ रहे थे। इसी दरमियान हामी नदी के पास बोलरो अनियंत्रित होकर पुल के बैरियर से टकरा गई। जिसमे बोलरों चालक प्रतीक मिंज और सवार अनुराग तिर्की गंभीर रूप से घायल हो गया। जिनका ईलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा था। वहीं मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पहुंच मामले की जानकारी ली।

## नीति आयोग द्वारा निर्धारित मानको की समीक्षा बैठक

### उपायुक्त ने स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, जेएसएलपीए समेत अन्य विभाग को संचालित योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को मिले इसको लेकर किया निर्देशित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में नीति आयोग द्वारा निर्धारित मानक को लेकर जिले में हो रहे कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि नीति आयोग के तहत किए जा रहे कार्यों में तेजी लाते हुए निर्धारित लक्ष्य को पूरा करना है। इसके लिए जिले के सभी पदाधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी निभाने की आवश्यकता है। बैठक में जिले के विकास से संबंधित निर्धारित विभिन्न प्रक्षेत्र में स्वास्थ्य, कृषि, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, स्किल डेवलपमेंट, शिक्षा विभाग आदि से संबंधित कार्यों की बिदुवार समीक्षा की गई। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी द्वारा



समीक्षा बैठक करते उपायुक्त

आकांक्षी जिला अंतर्गत नीति आयोग के सूचक के लक्ष्य प्राप्ति से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। समीक्षा के दौरान उपायुक्त द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि नीति आयोग के द्वारा जो निर्धारित मानक है उसे पूरा करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, जेएसएलपीए समेत अन्य विभाग को संचालित योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति को मिले इसको लेकर बेहतर कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया गया। विशेषकर जेएसएलपीएस के पलाश मार्ट की जानकारी लेते हुए महिलाओं को आजीविका के स्त्रोतों से जोड़ने के लिए बिजनेस माडल तैयार करते हुए नए रूप में विकसित कर लक्ष्य के अनुरूप अधिक से अधिक पलाश मार्ट के आउटपुट को बढ़ाने का निर्देश दिया गया। समीक्षाक्रम में नीति आयोग द्वारा निर्धारित मानक को लेकर उपायुक्त द्वारा अन्य कई महत्वपूर्ण बिंदूओं पर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरेन्द्र कुमार वर्मा, अपर समाहर्ता आलोक शिकारी कच्छप, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी संतोष भगत, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## फांसी लगाकर कर महिला ने की आत्महत्या

**महुआडांड़।** नेतरहाट थाना के ग्राम डांडकापू में रीना देवी पति विकास प्रसाद केशरी द्वारा बंद कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पति व आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि महिला की मानशिक सन्तूलन खराब थी। पूर्व में भी आत्महत्या की प्रयास कर चुकी थी। परिजनों ने बताया कि बच्चे और पति घर में नहीं थे तभी महिला द्वारा फांसी लगाया गया था। घटना की सुचना मिलते ही नेतरहाट थाना प्रभारी बंधन भगत दल बल के साथ गाँव पहुंचे शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा। वहीं उन्होंने बताया कि आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है।

### चंदवा ब्लॉक में जीप सदस्य के कार्यालय का हुआ उद्घाटन

# जनसमस्याओं का निराकरण होगी पहली प्राथमिकता: पूनम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय परिसर में बुधवार को जिला परिषद कार्यालय का उद्घाटन हुआ। बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष अध्यक्ष पूनम देवी, उपाध्यक्ष अनिता देवी, चंदवा पूर्वी जीप सदस्य प्रतिमा देवी व पश्चिमी जीप सदस्य सरोज देवी ने संयुक्त रूप से विधिवत पूजन के उपरांत नारियल फोड़कर व फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर लोगो को संबोधित करते हुए इन्होंने कहा कि प्रखण्ड कि ज्वलंत समस्याओं का निराकरण निकालना उनकी प्राथमिकता होगी। प्रतिदिन सैकड़ो लोग सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रो से अपनी समस्याओं को लेकर आते हैं, उन्हें प्रखण्ड कार्यालय का चक्कर न काटना पड़े


फीता काटर कार्यालय का उद्‌घाटन करती जिप अध्यक्ष

व समस्याओं का समाधान त्वरित हो इसका प्रयास किया जाएगा। मौके पर बीडीओ विजय कुमार, प्रमुख मनीषा उरांव, समाजसेवी लाल रंजन नाथ शाहदेव, रोहित यादव, बरियातू जिपस रमेश राम, बरवाडीह जिपस कन्हाई सिंह, लातेहार जिपस विनोद उरांव, बालूमाथ जिपस प्रियंका कुमारी, पंचायत प्रतिनिधि फुलजेन्सिया टोप्पो, अनिता भगत, संगीता देवी, बुधन गंझू, लाछो देवी, रामयश पाठक, महेंद्र प्रसाद साहू, राजेन्द्र यादव, संजीव आजाद, संजय दुबे, लाल अमर नाथ शाहदेव, रामवृद्ध चौधरी, विजय दुबे, विनोद गुड्डू, आशीष सिंह, शाहिद खान, राजू उरांव समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में तीन घायल, एक रिम्स रेफर


घायल युवक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

बालूमाथ। बालूमाथ-चतरा मुख्य पथ पर मंगलवार देर रात हुई सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बारियातु के जबरा ग्राम निवासी सुरेंद्र भुइयां 36 वर्ष और उसकी पत्नी गीता देवी 30 वर्ष, पुत्री रूही कुमारी 4 वर्ष सभी बाइक से मैकलुस्कीगंज रांची से अपने घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान रांची-चतरा मुख्य मार्ग बरनी पेट्रोल पंप के समीप अनियंत्रित होकर आगे चल रही बाइक से जा टकराये और गिरकर घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के देखरेख में सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। दुर्घटना में घायल सुरेंद्र भुइयां के सर में गंभीर चोट की वजह से उसे रांची रिम्स रेफर किया गया।

## एलसीएब्लू ने शेरशाह 11 को 5 विकेट से हराया

**लातेहार।** सीनियर जिला क्रिकेट लीग का बारहवां मैच शेरशाह 11 ताथा एल सी ए ब्लू के बीच खेला गया। जिसमे शेरशाह 11 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित ओवरों में 9 विकेट खोकर 142 रन बनाए। जिसमें प्रियांशु चौबे 39, धीरेन्द्र सिंह सुरवार 34 रन का योगदान दिया। एल सी ए ब्लू की ओर से तौफीक 3 दीपक 2 अजय तथा अनिकेत ने एक एक विकेट चटकाए। लक्ष्य की पीछा करने उतरी एल सी ए ब्लू ने 18 वे ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 143 रन कर मैच को जीत लिया। जिसमें निशु कुमार 37, जयदेव 35 तथा अजय कुमार साहू ने 31 रन का योगदान दिया। शेरशाह 11की और से रौनक दुबे ने 5 विकेट लेने में सफल रहे। मैच के अंपायर श्रवण कुमार महली तथा प्रतीक आनंद थे जबकि स्कोरिंग अर्णव ने किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बालक उच्च विद्यालय लातेहार के खेल शिक्षक उदय कुमार ने एल सी ए ब्लू के अजय कुमार साहू को दिया।

## सेविका एवं सहायिका का चयन हेतु आमसभा की तिथि की गई निर्धारित

**महुआडांड़।** जिला समाज कल्याण पदाधिकारी लातेहार के निदेर्शानुसार बाल विकास परियोजना अंतर्गत महुआडांड़ के तीन आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी सेविका सहायिका का चयन आम सभा के माध्यम से की जानी है। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी की अध्यक्षता में आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका को आयोजित ग्राम सभा के माध्यम से योग्य उम्मीदवार का चयन किया जाएगा। आंगनबाड़ी सेविका की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता प्रवेशिका उत्तीर्ण है। सिर्फ अनुसूचित जनजाति अनुसूचित जाति की सेविकाओं के लिए न्यूनतम योग्यता प्रवेशिका उत्तीर्ण सुयोग श्रेणी के अधिकतम शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी। आंगनबाड़ी सेविका की उम्र 18 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष होगी। आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका के चयन को लेकर तिथि निर्धारित कर दी गई है।

## जनप्रतिनिधियों का शिष्टमंडल ने लिया चंदवा सीएचसी का जायजा

**चंदवा।** जीप अध्यक्ष पूनम देवी के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों के शिष्टमंडल ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य के केन्द्र चंदवा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने सीएचसी में कार्यरत कर्मियों की उपस्थिति पंजी की जांच की, जांच के क्रम में पंजी में अनुपस्थित कर्मियों के आगे सीएल नही लगा देख प्रतिनिधि विफर पड़े, ऐसे गलती दुबारा न बरतने की हिदायत दी। इसके बाद डीएमएफटी फंड से चल रही विकास योजनाओ का जायजा लिया, इस दौरान कार्य मे गुणवत्ता की कमी देख जनप्रतिनिधियों ने तत्काल संबंधित विभाग के अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर गुणवत्ता में सुधार करने की बात कही। इसके उपरांत गैरेजलेन के समीप बन रहे नाली निर्माण योजना का भी जायजा लिया। शिष्टमंडल में जीप अध्यक्ष पूनम देवी, उपाध्यक्ष अनिता देवी, चंदवा पूर्वी जिपस प्रतिमा देवी, पश्चिमी जिपस सरोज देवी, प्रमुख मनीषा उरांव समेत अन्य जनप्रतिनिधि शामिल थे।

## शौर्य पथ संचलन पदयात्रा के सफल संचालन हेतु बैठक संपन्न


बैठक करते विहिप के लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** जिला मुख्यालय के समीप चटनाही में विश्व हिंदू परिषद लातेहार जिला का शोर्य पथ संचलन पदयात्रा के सफल संचालन हेतु बुधवार को लातेहार जिला अध्यक्ष श्याम अग्रवाल के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान आगामी 24 दिसंबर 2022 के विधि व्यवस्था हेतु विचार विमर्श किया गया।

## नल जल योजना में अनिमियतता बर्दाश्त नहीं की जाएगी : पूनम देवी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** प्रखंड के मारंगलोईया पंचायत अंतर्गत नल जल योजना निर्माण कार्य को लातेहार जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी, बरवाडीह जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह, लातेहार ग्रामीण जिप सदस्य बिनोद कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, मुखिया सोनमणि देवी ने संवेदक द्वारा कराए जा रहे घटिया निर्माण की जांच कर पीडब्ल्यूडी के कार्यपालक अभियंता विभाग के


नल जल योजना का निरीक्षण करते जनप्रतिनिधि

एसडीओ तथा जेई को जिप चेयरमैन पूनम देवी तथा कन्हाई सिंह ने घटिया निर्माण को देख कार्यपालक अभियंता को घटिया लोकल सीमेंट मिट्टी युक्त बालू तथा घटिया निर्माण को देखते फटकार लगाते हुए कार्य को अविलंब बंद करने आदेश दिया। जिप अध्यक्ष द्वारा घटिया सामग्री का विरोध किया गया। कार्यपालक अभियंता द्वारा ठेकेदार को फटकार लगाते हुए कार्य को बंद करने का आदेश दिया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, रामदेव सिंह, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, दिलीप भगत, कार्यपालक अभियंता जितेंद्र कुजूर जेई जितेंद्र कुमार, सुरेश महतो, शिवदयाल यादव, रोहित महतो, दिनेश महतो, सुभाष नाथ वर्मा समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## धान अधिप्राप्ति को लेकर बैठक का आयोजन

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी नीत निखील सुरीन की अध्यक्षता में धान अधिप्राप्ति को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गोदाम प्रबंधक, पंचायत सेवक, जनसेवक, कृषक मित्र, राजस्व कर्मचारी, सीआई, लैंपस मैनेजर, सीएसपी संचालक, जे एस एल पी एस, कर्मी समेत अन्य किसान उपस्थित हुए। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा धान अधिप्राप्ति को लेकर कई प्रकार के अहम दिशा निर्देश दिए गए। उपस्थित सभी कर्मियों को धान अधिप्राप्ति को लेकर किसानों को जागरूक करने की बात कही गई। वहीं 15 दिसंबर से सभी लैंपस में धान की खरीदारी प्रारंभ कर दिया जाएगा साथ ही नए किसानों का भी रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। जो किसान अभी तक रजिस्ट्रेशन नहीं करा पाए हैं वह किसान रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

## जाम से निजात दिलाने का प्रयास

**महुआडांड़।** प्रखंड के मुख्य सड़क में आए दिन लगने वाली जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए एसडीओ नीत निखिल सुरीन ने बुधवार को आम सूचना जारी करते हुए टेंपो चालक और दुकानदारों को निर्देश दिया कि सभी वाहन चालक सड़क को अवरूद्ध न करते हुए यथोचित स्थान पर वाहन का पड़ाव करेंगे। साथ ही सभी दुकानदार अवैध अतिक्रमण को यथाशीघ्र हटाते हुए आवागमन को सुलभ बनाना सुनिश्चित करेंगे। एसडीओ सुरीन ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के क्रम अकसर देखा जाता है कि बिरसा चौक से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक वाहनों का पड़ाव बेतरतीब तरीके से किया जाता है। साथ ही बाजार क्षेत्र के कुछ दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर अवैध तरीके से अतिक्रमण कर दिया जाता है। जिससे आम लोगो आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है,साथ ही जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

## रैयती जमीन की मापी करने गये सरकारी अमीन को ग्रामीणों ने रोका

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत फुलसू पंचायत स्थित फुलसू टॉवर के समीप रैयती जमीन की मापी करने गए सरकारी अमीन संजय यादव को सरयू प्रजापति सहित अन्य ग्रामीणों ने जमीन मापी करने से रोक दिया। सरयू प्रजापति ने बताया कि मेरी मां नगिया देवी पति काली कुम्हार 1983 में कोमल कुम्हार व काशी कुम्हार पिता दसई कुम्हार से पुराना खाता 102, प्लॉट 786 रकबा 88 डिसमिल जमीन खरीदे थे। जिसका म्यूटेशन कराते हुए ऑफलाइन रशीद भी कटते आ रहा है। परंतु नया ऑनलाइन सर्वे में गड़बड़ी के कारण नया खाता 12, प्लॉट 1262 रकबा 59 डिसमिल ही बता रहा है। जिसके कारण ऑनलाइन रशीद निर्गत नही करवा सके है।

इसी जमीन को सुमित्रा देवी व एतवरिया देवी दोनों पिता मंगर कुम्हार ने अंचलाधिकारी को अपना जमीन बताते हुए ऑनलाइन मापी करने की आवेदन दी थी। आवेदन के अनुसार भूमि मापी की 14 दिसंबर को निर्धारित की गई थी। नया ऑनलाइन सर्वे के


फूलसु मे भूमि मापी के दौरान विरोध करते

अनुसार जमीन मापी की सूचना मिलते ही मैं अंचलाधिकारी दीपाली भगत से मिलकर सभी बातो व कागजात के साथ अवगत कराया। तब अंचलाधिकारी दीपाली ने कही की जमीन मापी के समय आप विरोध करिए मापी नही होगी। 14 दिसंबर को सरकारी अमीन संजय यादव जब जमीन मापी करने फूलसु पहुंचे तो मैं कागजात दिखाते हुए जमीन मापी का विरोध किया। इसपर अमीन संजय यादव ने दोनों पक्षो को समझाते हुए कहा कि आप सभी अपने अपने कागजात के साथ जिले के अधिकारियों से मिलकर विवाद का निपटारा करें। इधर जमीन मापी के समय उपस्थित स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से उपरोक्त जमीन पर सरयू प्रजापति का दखल कब्जा है। इसके वावजूद भी बिना भौतिक सत्यापन के अंचलाधिकारी द्वारा नया ऑनलाइन सर्वे से जमीन का मापी करने का निर्देश देना कहं तक जायज है। बिना भौतिक सत्यापन के जमीन मापी कराने से आपस मे विवाद बढाने का कार्य अंचलकर्मियो द्वारा किया जा रहा है। फुलसू की पंसस सह उपप्रमुख निशा शाहदेव ने भी बताई की अंचलाधिकारी दीपाली भगत सभी अंचलकर्मी अपनी मनमानी से कार्य करते है। जो स्थिति प्रखंड में बनती जा रही है उससे कभी भी कुछ हो सकता है। गौरतबल रहे कि प्रखंड क्षेत्र में ऑनलाइन सर्वे में काफी अनियमितता है। जिसके कारण आये दिन अंचलकर्मियो द्वारा मनमानी करते हुए रैयतों को कार्यालय का चक्कर कटवाते रहते है। साथ ही आर्थिक शोषण भी करते है।

## विद्यार्थियों के बीच ड्रेस व पढ़ाई सामग्री का किया गया वितरण

**मनिका।** मनिका प्रखंड अंतर्गत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय करमाही में दिन बुधवार को विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के बीच ड्रेस,इंस्ट्रूमेंट बॉक्स,पेन,पेंसिल,कट्टर,समेत इत्यादि पढ़ाई सामग्री का वितरण किया गया। विद्यार्थियों के बीच सामग्री का वितरण विद्यालय के प्रबंधक समिति के अध्यक्ष अख्तर अंसारी,प्रधानाध्यापक इंद्रदेव सिंह,सहायक अध्यापक सुरेश प्रसाद यादव,उप मुखिया कुंती देवी के द्वारा की गई।

स्पीड न्यूज

### अवर सचिव जागो चौधरी ने कई स्कूलों का किया निरीक्षण

**बेरमो /पेटरवार।** पेटरवार झारखंड शिक्षा विभाग के अवर सचिव जागो चौधरी ने बुधवार को पेटरवार के कई सरकारी स्कूलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रखंड के सदमा कला पंचायत अंतर्गत सदमा खुर्द स्थित नव प्राथमिक विद्यालय घांसी टोला एवं उलगड्डा पंचायत के हडमिता गांव में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में विद्यालय के विभिन्न संचिकाओं का जांच किया।

### जेजे फिटनेस वर्ल्ड जिम का उद्घाटन

**चिरकुंडा।** सरसापहाड़ी स्थित गुरुनानक मिशन स्कूल में बच्चों व आमलोगों को जिम की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जेजे फिटनेस वर्ल्ड जिम का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर नप चिरकुंडा के अध्यक्ष डब्लू बाउरी, मंजीत सिंह, रीता दत्ता, स्कूल प्रबंधन प्रमुख निर्मल सिंह निम्मा व अन्य ने फीता व केक काटकर जिम का उद्घाटन किया । मौके पर स्कूल की प्राचार्या रश्मि सिंह, जिम संचालक प्रह्लाद दत्ता, हरदेव सिंह, उज्ज्वल पंडित, डीएन पाठक, चरणजीत सिंह, कपिल शर्मा, अशोक तिवारी, अभिमन्यु कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

### एक दिवसीय रोजगार सृजन मेला का आयोजन 1 दिसंबर से किया जाएगा

**धनबाद।** जिले के बेरोजगार एवं शिक्षित युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने, बेरोजगार युवाओं को बेहतर भविष्य प्रदान करने, गरीब बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने तथा उनको समाज में पहचान एवं मान सम्मान दिलाने के उद्देश्य से झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) द्वारा एक दिवसीय रोजगार सृजन मेला सह मोबिलाइजेशन कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए जेएसएलपीएस की जिला कार्यक्रम प्रबंधक रीटा सिंह ने बताया कि दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना (डीडीयू –जीकेवाई) के अंतर्गत इस एक दिवसीय रोजगार सृजन मेला सह मोबिलाइजेशन कैंप का आयोजन १७ दिसंबर २०२२ को न्यू टाउन हॉल में दिन के ११ बजे से किया जाएगा।

### 6 दुकानों में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया

**निचितपुर।** निचितपुर के मोहलीडीह मौलाना अबुल कलाम चौक के समीप 6 दुकानों को बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। अहले सुबह जब दुकान संचालकों ने दुकान खोली तब दुकान का छत कटा पाया जिसके बाद चोरी का पता चला। शना यूनिफार्म एन्ड जेनरल स्टोर से तीन हजार नगदी व 35 पीस यूनिफार्म व लगभव पांच  हजार का सामान चोरी हुआ। एम एन हार्डवेयर एन्ड इलेक्ट्रॉनिक दुकान के संचालक रहीश आलम ने बताया कि दुकान से लगभग 6 हजार का सामान और बाइस सौ  रुपया नगदी चोरी कर लिया। सायकिल पंचर दुकान के संचालक असीब आलम ने बताया कि दुकान से एक हजार नगदी सहित लगभग दो हजार का ट्यूब चोरी कर लिया गया।

### उपायुक्त व एसएसपी से परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई

**चिरकुंडा।** तालडांगा हाउसिंग कालोनी निवासी शुभनारायण सिंह ने मंगलवार को प्रेस वार्ता आयोजित कर उपायुक्त व एसएसपी से अपने परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है ।उन्होने बताया कि उनके छोटे पुत्र प्रकाश कुमार व उनकी पत्नी स्वाति सिंह के बिच आपस मे खटफट रहती है और उनके बीच डिवोर्स संबधी मामला चल रहा है उसके बावजूद स्वाति सिह के घरवाले मुझे व मेरे बडे पुत्र प्रमोद तथा उनकी पत्नी गीता व द्वितिय पुत्र प्रमोद जो गांव मे रहते है उनके विरूद्ध दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज चिरकुंडा थाना  मे कराया गया है। इतना ही नही असमाजिक तत्वो द्वारा मेरी पोती प्रमोद के पुत्री को परेशान किया जाता है।  इसको लेकर वे एफिडेविट करा कर समाचार पत्र मे घोषणा भी करा चुके है।

# अवैध कोयला भंडारण स्थल पर पुलिस की छापेमारी 15 टन कोयला बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता



**खरखरी।** बुधवार को मधुबन थाना के एएसआई सुनीता कुमारी एंव बीसीसीएल क्षेत्र संख्या एक के अधिकारी नवल कुमार की देखरेख में फुलारीटांड खटाल नमक फैक्ट्री के समीप अवैध कोयला भंडारण स्थल में छापेमारी की गई। पडुवा पीठा मे अवैध माइंश बुदौरा रेलवे हॉल्ट के पीछे आशाकोठी खटाल के समीप अवैध माइंश संचालित है जहां प्रत्येक दिन दर्जनों ट्रक लोड की जाती है। बताते चलें कि धनबाद डीसी रेल लाइन से कुछ ही दूरी पर अवैध मांइस चलने के कारण धनबाद डीसी रेल लाइन भी खतरे में है। स्थानीय पुलिस एवं बीसीसीएल तथा सीआईएसएफ के द्वारा कोयला के छोटे-मोटे अवैध कारोबार करने वालों को पकड़ा जाता है वहीं दूसरी और बड़ी मछलियों को हमेशा छोड़ दिया जाता है ,पुलिस वहां तक नहीं पहुंच पाती है आखिर इसके पीछे कारण क्या है। फुलारीटांड खटाल नमक फैक्ट्री के पास बीसीसीएल क्षेत्र संख्या एक के बंद पढ़े ओपन कास्ट प्रोजेक्ट डेको माइंस से भारी मात्रा में दुपहिया वाहन से कोयला प्रतिदिन निकाला जाता है। जिसका भंडारण फुललाडीटांड खटाल के पास किया जाता है वही सिंडिकेट की चालबाजी तो देखिए अगर कोई दूसरा व्यक्ति या नया लड़का काम करता है तो सिंडिकेट के बॉस के द्वारा वहां छापेमारी करवा दी जाती है, लेकिन अवैध माइंस के पास पुलिस नहीं पहुंच पाती है ना कभी वहां छापेमारी होती है क्षेत्र के जेएमएम नेता द्वारा जोर शोर से वर्षो से कोयले का अवैध कार्य को अंजाम दिया जा रहा है। बताते चलें कि पूर्व में भी कोयला में वर्चस्व को लेकर पडुवा पीठा में जेसीबी मशीन में आग लगाई गई थी एवं खरखरी ओपी क्षेत्र के एक सिपाही की पिटाई भी की गई थी। वही इससे पहले भी आशा कोटि में सीआईएसएफ के लगभग आधा दर्जन जवानों को अवैध कोयला तस्करों के द्वारा मारकर घायल कर दिया गया था जिसमें 1 महिला हेड कांस्टेबल भी घायल हुई थी, जिन्हे इलाज के लिए डुमरा के क्षेत्रीय अस्पताल ले जाया गया था । जिसके बाद डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए धनबाद सेंट्रल हॉस्पिटल रेफर कर दिया।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा उकरीद पंचायत समिति का गठन



**बोकारो।** झारखंड मुक्ति मोर्चा चास प्रखंड समिति की बैठक चास प्रखंड सचिव सुशांत मुंडा की अध्यक्षता एवं केंद्रीय सदस्य हसन इमाम व अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मोहम्मद अबू कलाम अंसारी की उपस्थिति में संपन्न हुयी। बैठक में उकरीद पंचायत समिति का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष के रूप में मोहम्मद जुल्फिकार अली, सचिव शाहबाज अहमद, कोषाध्यक्ष अब्दुल बारीक तथा बांसगोड़ा पूर्वी पंचायत के अध्यक्ष के रूप में भरत पांडे, सचिव सन्नी कुमार, कोषाध्यक्ष रामचंद्र हेंब्रम का चयन हुआ। बैठक में उपस्थित पूर्व जिला संयुक्त सचिव मस्तान अंसारी, महिला नेत्री शांति सोरेन, प्रखंड उपाध्यक्ष कलीम अंसारी, फिरोज अंसारी सहित अन्य सभी लोगों ने नव चयनित पदाधिकारियों को बधाई दी।

## मुखिया ने कहा एकपक्षीय कार्रवाई ना हो

खबर मन्त्र संवाददाता



**कतरास।** पिछले 7 नवंबर को मधुबन थाना क्षेत्र के खरखरी नारायण धौरा में हुए मारपीट की घटना एवं आगजनी की घटना के बाद मामले की जांच को लेकर मंगलवार दिनांक 13 दिसंबर 2022 को अनुसूचित जाति आयोग भारत सरकार की टीम नारायण धौड़ा पहुंची थी, अभी तक उपरोक्त मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने को लेकर वरिया पुलिस अधिकारी समेत मधुबन थाना के पूर्व थानेदार विनोद कुमार महतो को सस्पेंड करने की बात कही थी इसी मामले को लेकर बुधवार को खरखरी पंचायत भवन सचिवालय में खरखरी के वर्तमान मुखिया कुंदन कुमार रजक के द्वारा एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए मुखिया कुंदन रजक ने बताया कि पूर्व में हुए रंजीश से ग्रस्त होकर पूर्व मुखिया पिंकी कुमारी के द्वारा साजिश के तहत दलितों के ऊपर एससी एसटी के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है जो सरासर गलत है। प्रेस वार्ता के माध्यम से मैं अनुसूचित जाति आयोग भारत सरकार के अधिकारियों से निवेदन करना चाहता हूं कि दोनों पक्षों को सुनकर ही आगे का निर्णय लिया जाए एवं निदोर्षों के ऊपर किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जाए। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से मुखिया कुंदन रजक भूलू बावरी जय राम बावरी भीम रजक चंदन रजक कुणाल रजक पिंका रजक आदि मौजूद थे।

### वृद्धजनों के लिए सराहनीय मददकार्य

**धनबाद।** बुधवार को लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम आसान डाबर कदैयां रोड, टुंडी स्थित  आश्रम में तारू मित्रा क्लब,डी नोबिली स्कूल, सीएमआरआई, धनबाद के लोवर केजी से कक्षा 12 तक के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकाएं जिसमें मुख्य रूप से मिस प्रतिभा सेंटियागो सर सीएस एंथोनी मोहम्मद साजिद निशा सामाजिक दायित्व के तहत पिछले वर्ष की भांति उर्दू के जीवन यापन के लिए बहुत ही आवश्यक सूखे अनाज जिसमें 26 किलो युक्त 9 बोरी चावल, 30 किलो युक्त तीन बोरी दाल, 50 किलो युक्त 2 बोरी चीनी, 50 किलो युक्त चार बोरी आलू, 50 किलो युक्त एक बोरी प्याज, 15 लीटर युक्त चार टीना सरसों तेल समेत भोजन मसाले, दैनिक उपयोग के अन्य सामग्रियां वृद्धों के जीवन यापन के लिए भेंट किए। जो आश्रम को इस वक्त बहुत जरूरत थी। आश्रम के कार्यकारी अध्यक्ष बी. सुधीर ने बताया बहुत ही अथक प्रयासों, प्रयत्न और परिश्रम कर इन वृद्धों के मदद के लिए संस्थाओं एवं लोगों को प्रेरित करते हैं। फलस्वरूप कई संस्थाएं एवं धनबाद  माता पिता तुल्य इन वृद्धजनों का सुध बुध कुशल क्षेम पूछते हैं। और यथासंभव तन मन हृदय से सहायता प्रदान करते हैं। आश्रम के सचिव डॉक्टर डी. सरन ने कहा सरकार और धनबाद के सभी सज्जनों से अपील करूंगा कि आश्रम में थोड़ी दया दृष्टि की नजर इनायत की  जाए। इस मौके पर आश्रम नौशाद गद्दी ने तारु  मित्र क्लब डी नोबिली स्कूल को हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## कार दुर्घटना के बाद निदेशक से मिले बिरसा समिति के सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिन्दरी।** बीआईटी सिन्दरी निदेशक डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह की अकस्मात कार दुर्घटना के बाद बुधवार को बिरसा समिति सदस्यों ने मिलकर उनके कुशलक्षेम की जानकारी गुलदस्ता भेंट कर ली। सदस्यों ने कहा कि निदेशक मनुष्यों के मूल्यों और मसलों पर ध्यान देते हैं और यही मानव धर्म है। निदेशक ने बिरसा समिति के सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि कार की टक्कर में लोगों का प्यार और स्नेह आशीर्वाद के रूप में जीवन रक्षक साबित हुआ। समिति सदस्य अंबुज मंडल ने कहा कि निदेशक की कार दुर्घटना की खबर में उन्हें कोई नुकसान नहीं होना लोगों के आशीर्वाद का परिणाम है। वरिष्ठ नेता सुरेश प्रसाद ने कहा कि मनुष्य के आशीर्वाद से बड़ी से बड़ी कठिनाई भी धीरे से पार हो जाती है। बताते चलें कि विगत 6 दिसंबर की शाम में के के गेट चासनाला के समीप बीआईटी सिन्दरी निदेशक की कार में झरिया की ओर से आ रही कार ने टक्कर मार दी थी और उसमें निदेशक बाल बाल बच गए थे। उनसे कुशलक्षेम पूछने वालों का तांता लगा रहा। मौके पर अम्बुज मंडल, सुरेश प्रसाद, सहदेव सिंह, बिरंची महतो, अमर सिंह, नुनूलाल टूडू, सुवल महतो मौजूद रहे।

### कसमार पैक्स में किसानों को मिला गेहूं व चना बीज

**बोकारो/कसमार।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (एनएफएसएम) के तहत 90 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को पैक्स के माध्यम से गेहूं एवं चना बीज उपलब्ध कराया गया। कसमार प्रखंड के कसमार पैक्स में कसमार, गर्री, सुरजूडीह, बेंदोटांड़, तेलमुंगा आदि गांवों के किसानों को गेहूं एवं चना बीज उपलब्ध कराया गया। बताया गया कि जल्द ही धान अधिप्राप्ति भी शुरू की जायेगी। जिसमें सरकार द्वारा निर्धारित एमएसपी पर किसानों से धान खरीदी जायेगी। बता दें कि एनएफएसएम के तहत खाद्य उत्पादन के लिए किसानों को अनुदान पर बीज व उपकरण उपलब्ध कराया जा रहा है। मौके पर कई किसान मौजूद थे।

## महिलाओं के सम्मान व घरेलू हिंसा से बचाव पर कार्यशाला

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** चास नगर निगम के सभागार में  डे-एनयूएलएम के तहत नयी चेतना पहल बदलाव की  से सम्बंधित एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित किया गया। लिंग भेद एवं हिंसा पर आधारित इस कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि चास महिला थाना प्रभारी श्रीमती शिल्पा कुजूर, चास नगर निगम की कार्यपालक पदाधिकारी छबिबाला बारला शामिल हुई। कार्यशाला में लोगों को लिंग आधारित हिंसा के साथ-साथ घरेलू हिंसा, दहेज की समस्या, पोक्सो व बाल विवाह आदि विषयों के बारे में लोगों को जागरूक किया गया।अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह ने कहा कि महिलाओं के सम्मान को बढ़ाने, घरेलू हिंसा से बचाने एवं लिंग के आधार पर कोई भेदभाव न होने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। महिलाओं के अधिकारों पर चर्चा और कानूनों की जानकारी शिल्पा कुजूर के द्वारा दिया गया। गौतम सागर एवं सहयोगीनी की सूर्यमनी ने महिला हिंसा की रोकथाम की पूरी जानकारी दी। जागरूकता कार्यशाला में गैर सरकारी संगठन सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर, सिटी मिशन प्रबंधन सुषमा बाला उरांव सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

## बीएसएल में ऊर्जा संरक्षण सप्ताह आरंभ व जीएचजी शमन कार्य बल का गठन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल के कोक ओवन्स एवं कोल केमिकल के एचआरडी हाल में जीएम (सीओ एंड सीसी) एम जी राव, के एन झा, ए एस नंदी, जीएम (ईएमडी) पी के भुई, एजीएम (ईएमडी) आर के ओझा, प्रेम रंजन सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मियों की उपस्थिति में ऊर्जा संरक्षण सप्ताह की शुरूआत की गई। एजीएम ललिता बिरुली ने सभी का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला तो पी के भुई ने ऊर्जा संरक्षण की महत्ता की चर्चा की। एजीएम ललिता बिरुली व सौरभ सिंह ने ऊर्जा संरक्षण पर एक प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया तथा धन्यवाद ज्ञापन सौरभ सिंह ने किया। भारत की शहरी आबादी में (2030 तक) संभावित 120 मिलियन को सपोर्ट करने के क्रम में स्टील की मांग बढ़ेगी और ग्रीन हाउस गैस (जीएचजी) के उत्सर्जन में भी वृद्धि होगी। लौह  एवं इस्पात उद्योग से ग्रीन हाउस गैस शमन को कम करने के लिए, सेल/बोकारो स्टील प्लांट  ने मेसर्स एमएन दस्तूर को सलाहकार के रूप में नियुक्त किया है जिसके विशेषज्ञों ने अधिशासी निदेशक(संकार्य) कॉन्फ्रेंस हॉल में इस विषय पर अपनी प्रस्तुति दी। बोकारो संयंत्र में सभी विभागों के प्रमुख सदस्यों के साथ एक टास्क फोर्स का गठन किया गया है। बैठक की अध्यक्षता इडी (वर्क्स)बी के तिवारी ने विभिन्न विभागों के सीजीएम सहित जीएम (पर्यावरण और स्थिरता) की उपस्थिति में की।

### बीएसएल के ब्लास्ट फर्नेस ने बनाया नया कीर्तिमान



**बोकारो।** बीएसएल  ब्लास्ट फर्नेस की टीम ने चार फर्नेस के परिचालन से 15015 टन हॉट मेटल का उत्पादन कर नया कीर्तिमान स्थापित करने पर निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश ने अपने वरिष्ठ सहयोगियों के साथ ब्लास्ट फर्नेस टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री प्रकाश ने ब्लास्ट फर्नेस के अधिकारियों व कर्मियों को और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। मौके पर अधिशासी निदेशक (संकार्य) बी के तिवारी, मुख्य महाप्रबंधक (सेवाएं) अनिल कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (सीईडी) शालिग्राम सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (मैकेनिकल) वी के सिंह, कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) प्रवीण कुमार, महाप्रबंधक (ब्लास्ट फर्नेस) महेंद्र प्रसाद, गुलशन कुमार सहित ब्लास्ट फर्नेस विभाग के अन्य वरीय अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### एक नजर में

#### पीड़ित श्रमिक के आश्रित कुव्यवस्था का दंश झेल रहे

**बेरमो।** सी.सी.एल. के प्रायः सभी क्षेत्रों में मृत श्रमिक के आश्रित कुव्यवस्था का दंश झेल रहे हैं। मृतक के मृत्यु के बाद उनके आश्रित को लंबे समय तक पावना पैसा का भुगतान के लिए संघर्ष करना पड़ता है। जिससे लोगों में गहरा आक्रोश है। इस प्रकार की घटना कथारा कोलियरी में कार्यरत स्वर्गीय अरविंद कुमार सिंह का निधन 13 नवंबर 2021 को हुआ था, वही स्वर्गीय जगदीश राम गोड का निधन 19 नवंबर 2021 को हुआ था। दोनों के निधन को 1 वर्ष से ऊपर हो चुका मृतक के आश्रित सी.एम.पी.एफ. की राशि भुगतान के लिए 10 माह से परेशान हैं, ना तो सी.सी.एल. प्रबंधन इस मसले पर गंभीर है और ना ही सी.एम.पी.एफ. विभाग।

#### मिलन सह वन भोज का आयोजन

**बेरमो।** कथारा /खेतको-बुधवार को दामोदर नदी खेतको पुल के समीप रैयत विस्थापित मोर्चा द्वारा मिलन सह वनभोज का भव्य आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष मो इकबाल अहमद मौजूद थे ।जबकि इस आयोजन का नेतृत्व मोर्चा के जारंगडीह शाखा अध्यक्ष मो इस्लाम अंसारी व सचिव फेनी राम सोरेन द्वारा किया गया ।मिली जानकारी के अनुसार मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष श्री अहमद वनभोज स्थल पहुचने से पुर्व खेतको के पारटाढ़ स्थित हाफिज गुलाम मुहिउददीन चिश्ती के मजार पर पहुचे और फातियाह पढ़े। यहां से निकल उन्होंने सीसीएल कथारा जीएम हर्षद दातार से मिलने कथारा जीएम कार्यालय पहुचे जहां उन्होंने लगभग आधे घटे तक जीएम श्री दातार से विस्थापित बेरोजगार की बाते पर चर्चा करने के साथ-साथ आउटसोर्सिंग कंपनी मे विस्थापित बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ने, सीएसआर योजना को विस्थापित क्षेत्रो अधिक से अधिक धरातल पर उतारने, ठेका कार्यो में विस्थापितों को प्राथमिकता देने, गांव में बिजली, पानी, चिकित्सा, शिक्षा, आदि बुनियादी सुविधाएं मुहैया करवाने पर सकारात्मक चर्चा हुई और जीएम ने आश्वासन दिया कि उनकी मांगो को गंभीरता से लिया जायेगा।

#### झामुमो नेता खगपत महतो की 6 वी पुण्यतिथि मनाई गई

**बेरमो।** झारखंड अलग राज्य आंदोलन के अग्रणी योद्धा सह दिवंगत मजदूर नेता स्व खगपतमहतो की 6 वी पुण्यतिथि फुसरो राम रतन हाई स्कूल के समीप झाकोकायू कार्यालय मे बुधवार को मनाई गई। स्व, खगपत  महतो के चित्र पर फूलमाला अर्पित कर श्राद्धजली दी। सांसद प्रतिनिधि नरेश महतो और विस्थापित नेता धनेश्वर महतो ने कहा कि खगपत महतो झारखंड अलग राज्य आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई। कहा कि झामुमो और यूनियन  में  रहकर मजदूर और किसान हित मे कार्य  किया। खगपत महतो के पुत्र  सह झकोकायू जोनल अध्यक्ष बैजनाथ महतो ने कहा कि मेरे पिता जी अलग झारखंड राज्य निर्माण में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिये थे। वे झारखंड के जन्मदाता स्व. विनोद बिहारी महतो व डुमरी के पूर्व विधायक शेरे शिवा महतो के साथ मिलकर अलग झारखंड राज्य निर्माण में भाग लिया। वे बेरमो कोयलांचल क्षेत्र में सक्रिय रहकर आंदोलन को ऊँचाई तक पहुँचाया।वे हमेशा अपने पास फरसा रखा करते थे।

### पेज एक का शेष

#### निकायों में आरक्षण ...

शराब में हानिकारक औषधि या विजातीय घटक मिलाने पर कड़े दंड का प्रावधान किया गया है। उत्पाद विभाग के प्रस्ताव पर कैबिनेट की सहमति भी मिल गयी है। शराब की बिक्री से लेकर पूरे कारोबार पर निगरानी के लिए उड़नदस्ता का गठन किया जायेगा। मिलावटी शराब बेचने से अगर किसी व्यक्ति को गंभीर हानि हुई तो बेचनेवाले को दस साल जेल और जुमार्ने व निर्धारित मुआवजा की राशि से दंडित किया जायेगा। इसी तरह मिलावटी शराब से थोड़ा नुकसान हुआ तो ऐसा कारावास जिसकी सजा, 10 साल हो तो 2.50 लाख जुर्माना, कोई नुकसान नहीं हुआ तो 7 साल सजा और एक लाख जुर्माना होगा। नकली, अवैध शराब बेचने और इसके पीने से गंभीर नुकसान होने पर दोषी व्यक्ति द्वारा 5 लाख तक और मदिरा के सेवन से मौत होने पर 10 लाख तक का क्षतिपूर्ति मुआवजा दिया। वहीं, दोषी व्यक्ति के द्वारा पीड़ित को मुआवजा भुगतान नहीं किया जाता तो कानून की प्रक्रिया के अनुसार उसकी चल अचल संपत्ति जब्त की जायेगी।

**मनरेगा मजदूरों की राशि बढ़ी :** बैठक के बाद कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि मनरेगा योजना में कार्य करने वाले मजदूरों की सहायता राशि में बढ़ोतरी का निर्णय लिया गया है। दुर्घटना में मृत्यु या अपंगता में 75000 की जगह अब 2,00,000 की आर्थिक सहायता मिलेगी। दुर्घटना में आंशिक अपंगता होने पर 37,500 की जगह 75,000 की सहयता मिलेगी।

**कैबिनेट के अन्य फैसले :** झारखंड राज्य समाजिक सलाहकार बोर्ड कर्मियों को सातवें वेतन का लाभ मिलेगा।  यह लाभ 1 जनवरी 2016 से दिया जाएगा। इसके अलावा रामगढ़ जिला के गोला प्रखंड में बल्ला थाना के नेमरा गांव में मोबाइल टावर के लिए बीएसएनएल का मनोनयन किया गया। न्यायालय के अंतर्गत विभिन्न वादों में कोर्ट फीस में संशोधन करने के प्रस्ताव को मिली मंजूरी। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के तीन प्रस्ताव को मिली स्वीकृति, शीतकालीन सत्र में आयेगा विधेयक। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड द्वारा बकाया चुकाने के लिए पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन से लोन लिया जायेगा। यह लोन 750 करोड़ रुपए का होगा। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय विधेयक 2022, जैन विश्वविद्यालय विधेयक 2022, सोना देवी विश्वविद्यालय विधेयक 2022 के प्रस्ताव अनुमोदन को स्वीकृति दी गयी।  बैठक में मुख्यमंत्री और मंत्रियों की फर्नीचर और फनिशिंग के लिए सुविधाएं बढ़ाने का निर्णय लिया गया। पहले इन्हें डेढ़ लाख रुपये भत्ता मिलता था जिसे बढ़ाकर 3 लाख किया गया है।

#### बिहार में जहरीली ...

सभी की आंखों की रोशनी जाने की बात भी इलाज के दौरान सामने आयी। **मामला छुपाने के कारण बढ़ा मौत का आंकड़ा :** वरीय पदाधिकारियों  के अनुसार शराब सेवन करने वाले व्यक्ति के परिजनों द्वारा सूचना छिपाने के कारण मृतकों की संख्या बढ़ रही है। सिविल सर्जन ने भी इस बात को माना कि शराब के सेवन के 15 से 16 घंटे बाद वह भी पूछताछ के बाद परिजन सूचना देते थे।  जिससे बीमार लोगों के अस्पताल में पहुंचने में विलंब होने के कारण समय पर इलाज नहीं होने से मौत का आंकड़ा बढ़ता गया।

**राजद विधायक ने अपनी ही सरकार को घेरा :** राजद विधायक और पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह ने जहरीली शराब मामले को लेकर नीतीश सरकार को ही घेरा है। उन्होंने कहा कि शराबबंदी कागजों में ही है, हकीकत कुछ और है। उन्होंने कहा कि 'सत्ता के लोग पार्टी फंडिंग और अपने लाभ के लिए शराबबंदी फेल करा रहे। बिहार में शराबबंदी जैसी कोई चीज नहीं हैं, सब जगह मिल रही शराब'।

#### रांची में डॉक्टर आलम...

टीम ने  तीन कंपनियों में छापेमारी की है जिसमें मोंगिया, सलूजा स्टील, लाल फेरो शामिल है। यह छापेमारी आयक विभाग के वरीय अधिकारी प्रदीप डुंगडुंग के नेतृत्व में की जा रही है। मोंगिया स्टील समूह के संतपुरिया के साथ- साथ उसके औधोगिक इलाकों के कई ठिकानों पर छापेमारी जारी है। मोंगिया समूह के चेयरमैन डॉक्टर गुणवंत सिंह सलूजा के घर और कोलकाता के ठिकानों के साथ कंपनियों में एक साथ छापेमारी की जा रही है। लाल फेरो में भी अहले सुबह से कारवाई शुरू हुई है।

**रांची और बिहार की टीम शामिल :** आयकर विभाग की इस बड़ी छापेमारी में रांची और बिहार की टीम के अधिकारी शामिल हैं। इस पूरी कार्रवाई में रांची जिला पुलिस बल के जवानों को भी शामिल किया गया है। यह छापेमारी वृहद है यहां से कई अहम दस्तावेज और अहम जानकारियां आयकर विभाग की टीम लेकर निकलेगी। छापेमारी कब तक चलेगी? आयकर विभाग के सूत्रों के अनुसार टीम लंबी तैयारी के साथ आयी है। अभी कई दिनों तक यहां छापेमारी चलेगी, कागजों की जांच होगी।

## दोनों सदनों में हंगामा, चर्चा की मांग को लेकर 17 दलों का वॉकआउट

# तवांग झड़प पर विपक्ष एकजुट



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र में बुधवार को भी तवांग का ही मुद्दा गूंजा। लोकसभा में विपक्ष ने हंगामा किया। चर्चा की मांग को लेकर राज्यसभा से 17 विपक्षी दलों ने वॉकआउट कर दिया। इसमें कांग्रेस, राजद, आम आदमी पार्टी, एमडीएमके, सीपीआइ, जदयू, डीएमके, टीएमसी और टीडीपी समेत अन्य विपक्षी दलों के सांसद शामिल रहे। इधर, लोकसभ में भी विपक्षी सांसदों ने वॉकआउट कर दिया और इसका नेतृत्व कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने किया। यही नहीं अकसर कांग्रेस के नेतृत्व से दूरी बनाकर रखने वाली आम आदमी पार्टी और टीआरएस ने राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की बुलाई बैठक में हिस्सा लिया। इसके बाद वॉकआउट में भी दोनों पार्टियां शामिल रहीं। विपक्ष ने भारत-चीन झड़प के मुद्दे पर सरकार की ओर से चर्चा से इनकार का एकजुट होकर तीखा विरोध किया। बंगाल की टीएमसी भी 17 दलों के वॉकआउट में शामिल रही। लोकसभा स्पीकर ने विपक्षी दलों की ओर से चर्चा की मांग को खारिज कर दिया, जिसके बाद वॉकआउट करके विरोध जताया गया। इस दौरान कांग्रेस ने 1962 की याद दिलाते हुए कहा कि तब जवाहर लाल नेहरू ने लोकसभा में चर्चा कराने की मंजूरी दी थी। इस पर चर्चा से सरकार भागी नहीं थी। विपक्ष की मांग पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि इस संबंध में संसद की बिजनेस एडवाइजरी कमेटी फैसला लेगी। उन्होंने रूटीन कार्यवाही को जारी रखने का फैसला लिया, जिसके बाद विपक्ष ने वॉकआउट कर विरोध जताया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष के इस हंगामें पर नाराजगी जतायी और कहा कि आप लोग सदन में तख्तियों लेकर आना छोड़ दें। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल महत्वपूर्ण होता है इसलिए चलने दें। इन बैठकों में बिहार से राजद, जदयू, यूपी से सपा और आरएलडी, महाराष्ट्र से एनसीपी, शिवसेना, नेशनल कॉन्फ्रेंस शामिल थे। इसके अलावा लेफ्ट पार्टियों से सीपीआई और सीपीएम ने भी इसमें हिस्सा लिया।

## तवांग मुद्दे पर भारत को अमेरिका का साथ, चीन को कड़ा संदेश

**वॉशिंगटन।** चीन की दादागिरी के आगे भारत जिस तरह चट्टान सा खड़ा है, उसे देखकर अब अमेरिका भी कह रहा है कि चीन ने भारत के आक्रामक रुख को देखकर अच्छी चालबाजी की। अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन की प्रेस सेक्रेटरी पैट राइडर ने कहा कि चीन तो आदत से मजबूर है, वरना भारत के सामने ऐसी हिमाकत करता ही नहीं। हालांकि, तवांग में मुंहतोड़ जवाब मिलते ही चीनी सैनिकों ने उल्टे पांव लौटकर होशियारी की, वरना चीन को बड़ी कीमत चुकानी पड़ती। राइडर ने तवांग झड़प पर एक सवाल के जवाब में कहा, 'तवांग में जो कुछ हुआ, उसमें अमेरिका के साथियों और खासकर हिंद प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका के मित्र दोस्तों के प्रति चीन की आक्रामक नीति झलकती है।' उन्होंने भारत के संयम और समझदारी की तारीफ की और कहा, 'भारत इस दिशा में जो कुछ कर रहा है और स्थिति को जिस तरह से संभाल रहा है, वह वाकई काबिल-ए-तारीफ है।' विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा कि निश्चित तौर पर भारत, अमेरिका का अहम साझीदार है और हम इस स्थिति पर अपने दूतावास और विदेश विभाग के जरिए भारत के साथ संपर्क बनाए हुए हैं। उन्होंने चेतावनी भरे लहजों में चीन से कहा कि अगर उसने किसी भी तरह से एकतरफा एलएसी की स्थिति बदलने की कोशिश की या फिर सैन्य या असैन्य तरीके से घुसपैठ करके स्थिति को बिगाड़ने की कोशिश की तो अमेरिका उसका विरोध करेगा। उन्होंने कहा कि भारत और चीन को आपसी बातचीत से विवादित सीमाओं के मसले को सुलझाने का प्रयास करना चाहिए।

## भारतीय जवानों ने चीनी सैनिकों पर बरसाये डंडे, वीडियो वायरल



एजेंसी

**तवांग।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग में भारत और चीन के बीच हुई झड़प के बाद सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है। वायरल वीडियो में भारत और चीन की सेनाएं भिड़ती दिख रही हैं। सोशल मीडिया पर यह वीडियो कई यूजर्स ने तवांग में 9 दिसंबर को हुई घटना का बताकर शेयर कर रहे हैं। हालांकि, सेना ने इस वीडियो के नौ दिसंबर के होने से इनकार कर दिया है। दो मिनट 11 सेकंड लंबे इस वीडियो में भारतीय जवान चीनी सैनिकों को पीछे खदेड़ रहे हैं। इस दौरान भारतीय जवानों के हाथों में डंडे और लाठियां हैं, जोकि वे चीनी सैनिकों पर बरसा रहे हैं। चीनी सैनिकों और भारतीय जवानों के बीच भयंकर झड़प दिखाई दे रही है। वीडियो में पीछे से जवान पंजाबी में बात कर रहे हैं। वहीं, कुछ मारो, मारो की भी बात कहते हुए सुनाई दे रहे हैं।

### हिंद महासागर क्षेत्र से बाहर निकला चीनी जासूसी जहाज

चीनी जासूसी जहाज यांग वांग-5 हिंद महासागर के क्षेत्र से बाहर चला गया है। नौसेना के सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि चीनी जासूसी जहाज कुछ दिन पहले हिंद महासागर क्षेत्र में आया था, वो अब वापस चला गया है। इस जहाज पर भारतीय नौसेना लगातार नजर बनाए हुए थी। सूत्रों ने बताया कि लंबी दूरी के निगरानी ड्रोन और समुद्री गश्ती विमान समेत भारतीय नौसेना लगातार इस जहाज की निगरानी कर रही थी। चीनी ने यांग वांग-5 को विशेष तौर पर तैयार किया है, इसमे रडार ट्रैकिंग सिस्टम, निगरानी उपकरण शामिल है। चीन इस जहाज का इस्तेमाल दूसरे देशों की जासूसी करने के लिए करता है। लेकिन भारतीय नौसेना की मुस्तैदी के बाद चीन को अपने कदम पीछे हटाने पड़े।

## स्पीड न्यूज

### दिल्ली में नाबालिग पर एसिड अटैक

**नयी दिल्ली।** राजधानी में बुधवार को 17 साल की लड़की पर तेजाब फेंका गया। घटना द्वारका इलाके में सुबह 7:30 बजे हुई। लड़की छोटी बहन के साथ जा रही थी, तभी बाईक पर सवार 2 लोग आए। पीछे बैठे लड़के ने तेजाब फेंक दिया। एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है।

### नेपाल में बस पलटी 17 लोगों की मौत

**काठमांडू।** नेपाल में पार्टी से लौट रहे लोगों से भरी बस पलट गई। हादसे में 17 लोगों की मौत हो गई। हादसा काठमांडू से पूर्व में स्थित बेथनचौक गांव के पास हुआ।

### मुख्तार अंसारी 10 दिन तक इडी की रिमांड पर

**प्रयागराज।** माफिया मुख्तार अंसारी को बुधवार को प्रयागराज कोर्ट ने इडी को 10 दिन की रिमांड पर सौंप दिया।

### मेघालय से 4 विधायक भाजपा में शामिल

**नयी दिल्ली।** मेघालय में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले चार विधायक बुधवार को भाजपा में शामिल हो गये।

### सेंसेक्स 144 अंक चढ़ा

**मुंबई।** बुधवार को सेंसेक्स 144.62 अंक बढ़कर 62677.91 पर बंद हुआ। जबकि निफ्टी 52.30 अंकों की तेजी के साथ 18660.30 पर बंद हुआ।

## महंगाई को कम करेगी सरकार : सीतारमण

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को लोकसभा को आश्वासन दिया कि सरकार महंगाई को और कम करने के लिए कमद उठाएगी। नवंबर में खुदरा महंगाई 6.77 से घटकर पिछले 11 महीने के निचले स्तर 5.8 फीसदी पर आ गई। सीतारमण ने लोकसभा चर्चा पर जवाब देते हुए कहा कि आम लोगों के लिए महंगाई को और कम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार आवश्यक वस्तुओं की कीमतों की स्थिति पर लगातार नजर रख रही है। उन्होंने यह भी साफ किया कि मंदी का कोई खतरा नहीं है, क्योंकि भारत कम महंगाई के स्तर के साथ तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। राजकोषीय घाटे को लेकर वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार चालू वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद के 6.4 फीसदी के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को पूरा करने में सक्षम होगी। उन्होंने कहा कि सरकार राजकोषीय समेकन के मार्ग पर प्रतिबद्ध है। एनपीए (नॉन परफॉर्मिंग एसेट्स) को लेकर सीतारमण ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों के कारण मार्च 2022 के अंत में यह 7.28 फीसदी तक गिर गया है।

### थोक महंगाई 21 महीने के निचले स्तर पर

नवंबर में थोक महंगाई (डबलूपीआई) दर में बड़ी गिरावट देखने को मिली। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, होलसेल प्राइस-बेस्ड इन्फ्लेशन 5.85 प्रतिशत पर आ गई है। ये इसका 21 महीने का निचला स्तर है। इससे पहले फरवरी 2021 में महंगाई दर इससे कम 4.83 प्रतिशत पर थी। वहीं पिछले महीनों की बात करें तो अक्टूबर में ये 8.39 प्रतिशत, सितंबर में 10.70 प्रतिशत, अगस्त में 12.41 प्रतिशत और जुलाई में 13.93 प्रतिशत पर थी। खाद्य महंगाई 2.17 प्रतिशत पर आई थोक महंगाई दर में गिरावट की मुख्य वजह खाद्य महंगाई में गिरावट है जो 22 महीने के निचले लेवल 2.17 प्रतिशत पर आ चुका है।

## सुप्रीम कोर्ट करेगा फैसला महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद पर बोले अमित शाह

**नयी दिल्ली।** महाराष्ट्र और कर्नाटक सीमा विवाद पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि इसका हल सुप्रीम कोर्ट के फैसले से होगा। दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक के बाद शाह ने कहा कि किसी भी विवाद का हल सड़कों पर उतरकर नहीं होगा। बैठक के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों के बीच चर्चा हुई। किसी विवाद का हल सड़क पर नहीं होता। जब तक सुप्रीम कोर्ट का निर्णय नहीं आता तब तक कोई राज्य कोई हिस्सा क्लेम नहीं करेगा।'

## पीएम ने कहा- स्वामी महाराज के प्रयासों को नहीं भूल सकता



**अहमदाबाद।** स्वामी नारायण संस्थान के प्रमुख स्वामी नारायण स्वरूपदासजी की जन्म शताब्दी पर अहमदाबाद में बुधवार को खास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी हिस्सा लिया। पीएम मोदी ने कहा कि मैं बचपन से ही प्रमुख स्वामी महाराज जी के आदर्शों की ओर आकर्षित हुआ हूं। मैं कभी उनके प्रयासो को भूल नहीं पाऊंगा। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं अपने जीवन में कभी उनसे मिल पाऊंगा। शायद 1981 में एक सत्संग के दौरान मेरी उनसे मुलाकात हुई थी।

## चीन से हुआ था दिल्ली एम्स पर साइबर हमला

**नयी दिल्ली।** देश के प्रतिष्ठित मेडिकल संस्थान एम्स में 23 नवंबर को हुआ साइबर हमला चीन से शुरू हुआ। सरकारी सूत्रों ने आज बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि एम्स के सर्वर पर हमला चीनियों द्वारा किया गया था और जांच में पाया गया कि यह चीन से ही शुरू हुआ था। बता दें कि दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की आईएफएसओ की जांच में भी साइबर अटैक में इस्तेमाल की गईं ईमेल आईडी का ओरिजिन चीन में होने की बात सामने आई थी। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एम्स दिल्ली सर्वर अटैक में चीन से हमला हुआ था।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने लॉन्च किया ईवी-यात्रा पोर्टल



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर बुधवार को 'ईवी-यात्रा पोर्टल' का शुभारंभ किया। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा निकटतम सार्वजनिक ईवी चार्जर के लिए इन-व्हीकल नेविगेशन की सुविधा के लिए 'ईवी-यात्रा पोर्टल' विकसित किया गया है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना हम सभी के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है कि आने वाली पीढ़ियां प्रदूषण मुक्त वातावरण में सांस ले सकें, अच्छी प्रगति कर सकें और स्वस्थ जीवन जिएं।

## पाकिस्तान में सिखों को मिला अलग कौम का दर्जा

जालंधर। पाकिस्तान में रह रहे सिखों की अब अपनी अलग पहचान होगी। पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट ने विभाजन के 75 साल बाद सिखों के हक में फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट सिखों को अलग कौम का दर्जा दिया है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को आदेश दिए हैं कि वह जनगणना करने वाले पाकिस्तान ब्यूरो ऑफ स्टैटिक्स को भी निर्देश जारी करें कि जनगणना के फार्म में सिखों का भी अलग से कॉलम बनाए। पाकिस्तान में सिखों की कोई अपनी अलग पहचान न होने के कारण उन्हें कई प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। अब सिखों को अपना दर्जा मिल जाने के बाद पाकिस्तान के सरकारी रिकार्ड में उनकी अपनी अलग पाकिस्तानी सिख के रूप में पहचान दर्ज होगी।

## सीनियर सिटीजन को फिलहाल नहीं मिलेगी ट्रेन टिकट में रियायत



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वरिष्ठ नागरिकों को रेल टिकट में मिलने वाली रियायतों को लेकर कई तिमाहियों से आलोचनाओं का सामना कर रहा रेलवे इन रियायतों को फिलहान बहाल नहीं करने जा रहा है। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को इसके संकेत दिए है। लोकसभा में एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि पिछले साल यात्री सेवाओं के लिए 59,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी गई थी। यह एक बहुत बड़ी राशि है। उन्होंने यह भी कहा कि यह राशि कई राज्यों के बजट से भी ज्यादा है। इसके अलावा रेलवे का पेंशन और वेतन बिल भी बहुत अधिक है। गौरतलब है कि कोरोना महामारी की शुरूआत के बाद से ही रेलवे ने वरिष्ठ नागरिकों को किराए में दी जाने वाली सब्सिडी पर रोक लगा दी थी। तबसे विपक्ष लगातार सरकार से इसकी बहाली की मांग करते हुए सरकार से सवाल कर रहा है। इसी क्रम में महाराष्ट्र से निर्दलीय सांसद नवनीत राणा ने सरकार से सवाल किया था।

## हॉट लुक में निक्की तंबोली



बिग बॉस फेम निक्की तंबोली आए दिन चर्चा में छाई रहती हैं। निक्की अपने काम से ज्यादा अपने बोल्ड लुक्स के चलते सुर्खियां बटोरती रहती हैं। एक्ट्रेस के फैंस उनके नए-नए बोल्ड लुक्स का दिल थामकर इंतजार करते हुए नजर आते हैं। इसी बीच निक्की तंबोली ने अपना लेटेस्ट फोटोशूट इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। इन तस्वीरों को पर हर किसी की निगाहें जाकर थम सी गई हैं। वायरल हो रहे फोटोशूट में निक्की तंबोली रेड डीपनेक हॉट ड्रेस पहने हुए नजर आ रही हैं। उनका ये कातिलाना अंदाज हर किसी को घायल कर रहा है। तस्वीरों निक्की तरह-तरह के पोज देती हुई नजर आ रही हैं। कुछ तस्वीरों में एक्ट्रेस क्लोजअप शॉट्स के जरिए अपने लुक्स फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं।




## सिर्फ रोनाल्डो ने 6+ गोल कर जीता गोल्डन बूट, मेसी-एम्बापे के पास मौका




विश्व कप के सर्वाधिक गोल स्कोरर को प्रतिष्ठित गोल्डन बूट का खिताब मिलता है। इस विश्व कप में फ्रांस के काइलिन म्बापे अब तक पांच गोल कर गोल्डन बूट के सबसे बड़े दावेदारों में हैं। अर्जेंटीना के दिग्गज लियोनल मेसी और फ्रांस के ही उम्रदराज स्ट्राइकर ओलिवर गिरोड चार-चार गोल कर उनसे पीछे हैं, लेकिन पिछले 44 साल और 11 विश्व कप में सिर्फ एक बार ऐसा मौका आया है, जब गोल्डन बूट जीतने वाले फुटबॉलर ने एक विश्व कप में छह से ज्यादा गोल किये हैं। यह उपलब्धि 20 साल पहले 2002 के विश्व कप में ब्राजील के दिग्गज रोनाल्डो ने आठ गोल कर हासिल की थी। इस अपवाद को छोड़ दें तो इन 44 सालों में किसी भी फुटबॉलर ने छह से ज्यादा गोलकर गोल्डन बूट नहीं जीता है। इस बार एम्बापे, मेसी और गिरोड के सामने छह गोल के रिकॉर्ड को सुधारने का मौका है।

**एक विश्व कप में सर्वाधिक 13 गोल फ्रांस के फांटेन ने किये** : रोनाल्डो के 2002 में आठ गोल के बाद 2006 और 2010 के विश्व कप में तो पांच-पांच गोल पर ही गोल्डन बूट मिला। विश्व कप के इतिहास में सर्वाधिक 16 गोल करने वाले जर्मनी के मिरोस्लाव क्लोज ने 2006 में और जर्मनी के ही थॉमस मूलर ने 2010 के विश्व कप में पांच-पांच गोल कर गोल्डन बूट जीता। 2014 में कोलंबिया के जेम्स रॉड्रिगेज और और 2018 में इंग्लैंड के हैरी केन ने छह-छह गोल कर यह खिताब जीता। रोनाल्डो से पहले 1974 के विश्व कप में पोलैंड के ग्रेजगोर्ज लाटो ने सर्वाधिक सात गोल कर गोल्डन बूट जीता था। एक विश्व कप में सर्वाधिक 13 गोल कर गोल्डन बूट जीतने का रिकार्ड फ्रांस के जूस्ट फांटेन के नाम है। उन्होंने 1958 के विश्व कप में यह उपलब्धि हासिल की थी।

**92 साल में सिर्फ तीन बार विजेता टीम के फुटबॉलर ने जीता गोल्डन बूट**

फीफा विश्व कप के 92 साल के इतिहास में सिर्फ तीन ही ऐसे मौके आए हैं जब विश्व कप जीतने वाली टीम के फुटबॉलर ने गोल्डन बूट जीता है। पहली बार यह उपलब्धि 1978 के विश्व कप में अर्जेंटीना के मारियो केंपस ने छह गोल कर हासिल की थी। उसके बाद 1982 में इटली के पाउलो रोसी ने छह गोल कर और 2002 में ब्राजील के रोनाल्डो ने गोल्डन बूट जीता।

## चटगांव टेस्ट पहला दिन : अय्यर और पुजारा के दम पर भारत का स्कोर 278/6



चटगांव। भारत और बांग्लादेश के बीच 2 मैच की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में पहले दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने 6 विकेट खोकर 278 रन बना लिए हैं। भारत की तरफ से श्रेयस अय्यर 82 रन बनाकर नाबाद हैं। एक वक्त भारतीय टीम 112 रन के स्कोर पर 4 विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी। लेकिन अय्यर और चेतेश्वर पुजारा ने 5वें विकेट के लिए 149 रन जोड़कर टीम इंडिया की मैच में वापसी करा दी।

**पुजारा और अय्यर का अर्धशतक :** भारत की तरफ से श्रेयस अय्यर और चेतेश्वर पुजारा ने 5वें विकेट के लिए 149 रन की साझेदारी कर टीम इंडिया की वापसी करा दी। दोनों ने अर्धशतक जड़ा, पुजारा 90 रन बनाकर तैजुल इस्लाम की गेंद पर बोल्ड हुए, जबकि दिन के आखिरी गेंद पर 14 रन बनाकर अक्षर पटेल एलबीडब्ल्यू आउट हुए। इससे पहले रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में भारत की तरफ से शुभमन गिल और केएल राहुल ने पारी की शुरूआत की, लेकिन जल्द ही शुभमन गिल 20 रन के निजी स्कोर पर आउट हो गए। जल्द ही भारत को राहुल और फिर कोहली के रूप में दूसरा और तीसरा झटका लगा। राहुल 22 जबकि कोहली 1 रन बनाकर आउट हुए। चौथे विकेट के लिए पंत और पुजारा ने अर्धशतकीय साझेदारी कर टीम की वापसी कराई, लेकिन 45 गेंद पर 46 रन बनाकर पंत आउट हो गए। इस दौरान उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 50 छक्के लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया।

V.P.M. GYAN NIKETAN SCHOOL
BAIRIA, DALTONGANJ, PALAMU, JHARKHAND - 822102

REQUIRED PRINCIPAL

Post Graduation with M.Ed./B.Ed. having excellent communication skills in English & minimum 10 years teaching experience out of which minimum 5 years as Principal position in Senior Secondary CBSE School with clear vision and strategies to develop and maintain high curriculum standards preferred.

Salary will be negotiable.

Interested Candidates should mail their resume with an application within 10 days at : vpmgns66373@gmail.com
Contact - 6205574800

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 120 | Hindi | ₹ 100 |
| English | ₹ 120 | English | ₹ 120 |
| Mathematics | ₹ 120 | Mathematics | ₹ 120 |
| Science | ₹ 120 | Science | ₹ 120 |
| Social Science | ₹ 120 | Social Science | ₹ 120 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 80 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran - II | ₹ 100 | Hindi Vyakaran - II | ₹ 100 |
| English Grammar - II | ₹ 100 | English Grammar - II | ₹ 100 |
| Sanskrit Vyakaran - II | ₹ 70 | Sanskrit Vyakaran - II | ₹ 70 |
| Hindi Practical | ₹ 50 | Hindi Practical | ₹ 50 |
| English Practical | ₹ 50 | English Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical | ₹ 60 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 60 | Science Practical | ₹ 55 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | S. Science Practical | ₹ 60 |
| Sanskrit Practical | ₹ 50 | Sanskrit Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !